दैनिक
# यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. 64822/96 | मुंबई | रविवार, 15 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण पक्ष, एकादशी


श्री हनुमान गढ़ी, अयोध्याजी

2 सीएम ने 274 करोड़ की 400 योजनाओं का किया उद्घाटन
5 इस हफ्ते करीब छह प्रतिशत गिरा भारतीय शेयर बाजार
9 विधानसभा में मरांडी ने उठाया बालू और कोयला चोरी का मुद्दा
10 एलपीजी संकट : दिल्ली के होटलों का मेन्यू हुआ छोटा

# कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में शुरू हुई छापेमारी

## देशभर में वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री शुरू

यशोभूमि/भाषा नयी दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू हो गया है। साथ ही, रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी और औचक निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के बावजूद घबराहट में बुकिंग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के पास पर्याप्त कच्चा तेल भंडार है और घरेलू रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं, जिससे देश भर में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। शर्मा ने कहा, किसी भी खुदरा बिक्री केंद्र से भंडार खत्म होने की खबर नहीं है।

### घबराहट में लगातार बढ़ रही है बुकिंग



हम घरेलू स्तर पर अपनी जरूरत के अनुसार पर्याप्त पेट्रोल-डीजल का उत्पादन करते हैं और हमें आयात की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी ने बताया कि खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बावजूद सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और घरेलू एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो खाड़ी देशों से ऊर्जा के परिवहन का सामान्य मार्ग है। अधिकारी ने बताया कि युद्ध शुरू होने से पहले एलपीजी सिलेंडर की दैनिक बुकिंग लगभग 55 लाख थी। साथ ही, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ⏭ शेष पृष्ठ 5 पर...



### दो भारतीय जहाज होर्मुज से हुए पार

खाड़ी देशों से एलपीजी सिलेंडर लेकर आ रहे दो भारतीय जहाज शनिवार तड़के होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गए। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि एलपीजी वाहक जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर रवाना हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन जहाजों में 92,700 टन एलपीजी है।

### फ्यूल, एलपीजी सप्लाई स्थिर

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को मौजूदा क्षेत्रीय संघर्ष में तनाव कम करने की भारत की अपील दोहराई और भरोसा दिलाया कि देश में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की काफी सप्लाई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सरकार ने यह भी कहा कि समुद्री ऑपरेशन को सुरक्षित रखने और प्रभावित क्षेत्र से भारतीय नाविकों को वापस लाने की कोशिशें चल रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि लड़ाई शुरू होने के बाद से भारत लगातार बातचीत और संयम की अपील कर रहा है।

## अमेरिका ने महत्वपूर्ण द्वीप पर की बमबारी



**यशोभूमि/भाषा**

**दुबई।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को शुक्रवार को नष्ट कर दिया और चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल है। ईरान ने कहा था कि यदि ऐसा हमला किया गया तो उसकी ओर से और भी बड़े स्तर की जवाबी कार्रवाई की जाएगी।

# धर्म विरोधी तत्वों को दिखाना होगा बाहर का रास्ता : योगी

**यशोभूमि/एजेंसी**

**कैथल।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जो लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं और सीधे मुकाबले की स्थिति में नहीं हैं, वे अब अफवाहों और अराजकता के जरिए देश में अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। शनिवार को हरियाणा के कैथल स्थित सौंगल गांव में बाबा मुकुट नाथ मठ के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए देश विरोधी और धर्म विरोधी तत्वों को पहचान कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश सुरक्षित रहेगा तभी सनातन सुरक्षित रहेगा और इन दोनों को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत पीर गणेश नाथ के आठमान भंडारा और शंखाढाल कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के बाद जनसभा को ⏭ शेष पृष्ठ 5 पर...

### देश सुरक्षित रहेगा तभी सनातन सुरक्षित रहेगा




### तुष्टिकरण के नाम पर देश को बांटा

सीएम ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकाल में महालोक, उत्तराखंड में केदारपुरी और बद्रीनाथ पुरी में भव्य धाम का निर्माण, यह तब हुआ जब उसके बारे में सोचने वाली सरकारें हैं। सनातन विरोधी सरकारें आएंगी तो तुष्टिकरण करेंगी। आजादी के बाद कश्मीर व नक्सलवाद की समस्या उन्हीं लोगों ने दी, जिन्होंने तुष्टिकरण के नाम पर देश को बांटा। जब देश में जनचेतना जागरूक हुई तो जिन लोगों ने सनातन व देश के प्रति अन्याय किया था, देशवासियों ने उन्हें अविश्वास का प्रतीक बना दिया और भारतीय जनता पार्टी व मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास जताया।

# यूपी : भर्ती परीक्षा में पूछे गए सवाल को लेकर विवाद



**यशोभूमि/भाषा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में पूछे गए एक सवाल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को आयोजित परीक्षा में एक प्रश्न पूछा गया था- अवसर के अनुसार बदल जाने वालों के लिए एक शब्द में उत्तर दें। इसके लिए चार विकल्प दिए गए थे- पंडित, अवसरवादी, निष्कपट और ⏭ शेष पृष्ठ 5 पर...

### 'पंडित' शब्द शामिल किए जाने पर जताई है आपत्ति

# मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**पालघर।** पालघर रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार रात रेल की पटरियों पर चल रहे तीन लोगों की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई।

### परिजनों ने पुलिस पर पीछा करने का लगाया आरोप

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, मृतकों के परिजनों ने दावा किया है कि शुक्रवार रात जब यह घटना हुई उस समय कथित तौर पर पुलिस तीनों युवकों का पीछा कर रही थी जिसकी वजह से वे पटरियों पर दौड़ रहे थे। एक अधिकारी ने बताया कि पालघर पूर्व के वीरेंद्र नगर इलाके के निवासी स्वप्निल शैलेश पालंदे (23), कुणाल कुमार दुबला (23) और अफरोज खलील शेख (28) रात करीब साढ़े आठ बजे से नौ बजे के बीच एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। पालघर जीआरपी के वरिष्ठ निरीक्षक सचिन इंगवाले ने कहा, रेल की पटरी पर चल रहे तीनों युवकों की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। हमारे पास इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि पुलिस उनका पीछा कर रही थी या उन्होंने आत्महत्या की। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। वहीं, मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया कि दुर्घटना से पहले सादे कपड़ों में कुछ पुलिसकर्मियों ने युवकों के साथ मारपीट की थी।



## अकासा भी आज से लगाएगी ईंधन अधिभार

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अकासा एयर 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक ईंधन अधिभार लगाएगी। अकासा एयर ने शनिवार को बयान में कहा कि वह प्रत्येक उड़ान के लिए ईंधन अधिभार लगाएगी और यह राशि उड़ान की अवधि के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी ने कहा, अकासा एयर अपनी सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 199 रुपये से लेकर 1,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क लागू करेगी।

# बंगाल में अपराधियों को मिली है खुली छूट: मोदी

### बहन-बेटियों के खिलाफ हो रहे खौफनाक अपराध

### कई विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण



**यशोभूमि/भाषा**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को संबोधित किया। यह रैली पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की प्रमुख चुनावी रणनीति का हिस्सा थी, जिसमें राज्य भर में परिवर्तन की मांग को तेज किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया और उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से 18 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में सड़क, रेलवे, बंदरगाह और शिपिंग से जुड़े कार्य शामिल थे, जो राज्य के विकास को गति देने का दावा किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में अभी उनकी सरकार नहीं है, लेकिन केंद्र के माध्यम से भाजपा विकास कार्यों में लगी हुई है। पीएम मोदी ने कहा, हमारे बंगाल ने आज़ादी के बाद विभाजन सहा, विभाजन की आग देखी, मजहबी दंगे देखे, बाद के दशकों में अस्थिरता देखी, घुसपैठ का दौर देखा, रक्तपात सहा, इन सबकी सबसे बड़ी भुक्तभोगी अगर कोई थी तो बंगाल की माताएं, बहनें, महिलाएं थी। लेफ्ट की सरकार में हत्या, बलात्कार और अपहरण का वह दौर कोई नहीं भूल सकता इसलिए आप लोग लेफ्ट को हटाकर बड़ी आशा के साथ टीएमसी को लेकर आए।



| | |
|---|---|
| आज का इफ्तार | 6.50 |
| कल की सेहरी | 5.23 |






## संक्षिप्त समाचार

### आपस में भिड़े दो छात्र

यशोभूमि/एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय मसदी में शनिवार को परीक्षा के दौरान दो छात्रों ने मामूली विवाद आपस में झगड़ बैठे। जिसकी जानकारी मिलने के बाद बच्चों के अभिभावक विद्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा किया। अभिभावकों ने विद्यालय के शिक्षकों पर जमकर भड़ास निकाली। स्थिति को देखते हुए शिक्षकों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले को शांत कराया। इस मामले में प्रधानाध्यापिका उर्मिला रानी ने बताया कि विद्यालय खोलने के समय दो बच्चे आपस में झगड़ने लगे। फिर दोनों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया गया। लेकिन परीक्षा के दौरान दोनों बच्चों के अभिभावक ने ग्रामीणों के साथ मिलकर विद्यालय में हंगामा करने लगे। पुलिस ने मौके पर आकर मामला शांत कराया।

### कार-बाइक की टक्कर में तीन घायल

यशोभूमि/एजेंसी

**सुपौल।** सुपौल जिले के भारत-नेपाल सीमा स्थित भीमनगर थाना क्षेत्र के शिवनगर माइनर के पास एक कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर एनएच-106 भीमनगर-राघोपुर सड़क से करीब पांच फीट गहरे खेत में जा गिरी, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भीमनगर थाना अध्यक्ष मनीष कुमार, एसआई पंकज कुमार और एसआई बिपिन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत वीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया।

### ऑनलाइन सेवाओं का हुआ शुभारंभ

यशोभूमि/एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर स्थित बुनियाद केंद्र में शनिवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। समाज कल्याण विभाग के सचिव सह कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष समक्ष के समाज कल्याण विभाग के सभागार से ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस सेवा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सीएससी के जिला समन्वयक (डीसी) नाहिद अख्तर, जिला प्रबंधक तनवीर तथा सीएससी वीएलई अभय शर्मा मौजूद रहे। बुनियाद केंद्र में कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से समाज कल्याण विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सेवाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएंगी।

### दो प्रतिष्ठानों पर हुई प्राथमिकी दर्ज

यशोभूमि/एजेंसी

**सारण।** जिले में एलपीजी सिलिंडरों की कालाबाजारी और उनके अवैध व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के सभी अनुमंडलों में अधिकारियों की टीम द्वारा व्यापक स्तर पर औचक छापेमारी की गई। जांच अभियान के दौरान सोनपुर, सदर और मढ़ौरा अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में सघन तलाशी ली गई। सोनपुर अनुमंडल में कुल 11 स्थानों पर छापेमारी हुई, जहाँ ग्रीन बावर्ची रेस्टोरेंट और 'राधेश्याम स्वीट्स' में घरेलू गैस सिलिंडरों का व्यावसायिक उपयोग होते पाया गया।

# सीएम ने 274 करोड़ की 400 योजनाओं का किया उद्घाटन



यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में बेगूसराय के बियाडा प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम से रिमोट के माध्यम से जिले में 274 करोड़ रुपये की लागत से

### बेगूसराय को दी कई योजनाओं की सौगात

400 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जिन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, उनमें 165 करोड़ रुपये की लागत से 211 योजनाओं का उद्घाटन तथा 109 करोड़ रुपये की लागत से 189 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस दौरान उन्होंने बेगूसराय औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने केम्प्टी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड, मेडिवर्सल सिमरन मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और ऋषभराज (कूलप्लस प्लाटोवेयर) का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया, जबकि एपिक एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का शिलान्यास किया। इसके अलावा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर, बेगूसराय में स्थापित नेचर पॉलीप्लास्ट लिमिटेड का फीता काटकर उद्घाटन किया और वहां हो रहे उत्पादन कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरे बिहार में औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हर जिले में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। नए उद्योग स्थापित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और आसपास के क्षेत्रों का भी तेजी से विकास होगा। बियाडा प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने 9715 जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंकों से ऋण के तहत 578 करोड़ 9 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति का निबंधन प्रमाण पत्र, 13 दीदी अधिकार केंद्र की चाभी, सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को ई-रिक्शा की चाभी तथा 405 लाभार्थियों को जीविकोपार्जन निवेश निधि के तहत दो करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक भी दिया गया।

#### अधिकारियों से ली विस्तृत जानकारी

**समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा में घोषित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की और अधिकारियों से उनके क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। इन योजनाओं में तेघड़ा-मुबारकपुर पथ का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण, बखरी-बहादुरपुर (खगड़िया बॉर्डर) बाईपास पथ का निर्माण, बीटीपीएस चकिया (एनएच-31) से लखमिनियां बलिया भाया गुप्ता लखमिनियां बांध तक बेगूसराय बाईपास पथ का चौड़ीकरण, कावर झील से जुड़े नालों की उड़ाही और चेकडैम निर्माण, सिमरिया घाट एवं कल्पवास मेला क्षेत्र का विकास तथा शाम्हो प्रखंड के अकहा पूरहा में डिग्री कॉलेज की स्थापना जैसी योजनाएं शामिल हैं।**

# बिहार के राज्यपाल बने सैयद अता हसनैन, ली पद और गोपनीयता की शपथ

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** सैयद अता हसनैन ने बिहार के नए राज्यपाल के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। पटना के लोक भवन में आयोजित समारोह में शनिवार को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सैयद अता हसनैन

### मुख्य न्यायाधीश साहू ने दिलाई शपथ

बिहार के 43वें राज्यपाल बनें है। गुरुवार को ही उनका पटना आगमन हो चुका था, राजनीतिक हलकों में इस नियुक्ति को सिर्फ संवैधानिक बदलाव नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश के तौर पर भी देखा जा रहा है। करीब चार दशक तक भारतीय सेना में सेवा दे चुके सैयद अता हसनैन अपनी मजबूत रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते हैं। अपने लंबे सैन्य करियर में उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियां निभाईं, खासकर जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील इलाकों में। सुरक्षा, कूटनीति और



सामाजिक समन्वय को साथ लेकर चलने की उनकी कार्यशैली ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में सेना ने कई सामाजिक पहल भी शुरू की थीं। युवाओं को शिक्षा, खेल और रोजगार से जोड़ने के लिए कई कार्यक्रम चलाए गए, जिससे कश्मीर के नौजवानों को मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश हुई। यही वजह है कि उन्हें सिर्फ सैन्य अधिकारी ही नहीं, बल्कि एक रणनीतिक विचारक के रूप में भी देखा जाता है। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका सार्वजनिक जीवन सक्रिय रहा। उन्हें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का सदस्य बनाया गया, जहां उन्होंने आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों में योगदान दिया। मौके पर नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के उप मुख्यमंत्री अवधेश नारायण सिंह समेत राज्य विधानसभा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे।

# लोक अदालत में 1708 मामलों का निष्पादन

यशोभूमि/एजेंसी

**बक्सर।** शनिवार को विधिक सेवा सदन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 1708 मामलों का सफल निष्पादन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार काजल झांब, प्रथम प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय मनोज कुमार, जिला पदाधिकारी साहिला तथा पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत आम लोगों के लिए सुलभ और त्वरित न्याय का माध्यम है। इसमें मुकदमों का निपटारा एक ही दिन में सुलह-समझौते के आधार पर किया जाता है, जहां किसी की हार या जीत नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों को समाधान मिलता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक मामलों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से कराने की अपील की।

# सहरसा में युवक की गोली मारकर हत्या

यशोभूमि/एजेंसी

**सहरसा।** सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने पुलिस को सीधे चुनौती देते हुए एक युवक पर अंधाधुंध फायरिंग करते हुए उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए। प्रथम द्दष्टया हत्या का

### बदमाशों ने मारी एक दर्जन गोलियां

कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह घटना मीरा टॉकीज के समीप की है, जहां बाइक पर सवार होकर आए अपराधियों ने शुक्रवार की देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र निवासी सतीश कुमार झा उर्फ छोटू मिश्रा (29) के रूप में की गई है।

जानकारी के मुताबिक, युवक को करीब एक दर्जन गोलियां मारी गईं। आनन-फानन में इसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सहरसा के एसडीपीओ आलोक कुमार ने शनिवार को बताया कि पुलिस पूरे मामले की



सभी कोणों से जांच कर रही है। एफएसएल, डॉग स्क्वायड और डीआईयू की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मौके से कई खोखे बरामद किए गए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जिससे अपराधियों का पता लगाया जा सके। एसडीपीओ के अनुसार, प्रथम द्दष्टया मामला पुरानी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द ही हत्याकांड का खुलासा करने का दावा किया जा रहा है। फिलहाल, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना स्थल का निरीक्षण वरीय पदाधिकारी की ओर से किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का उद्भेदन कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। मृतक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। उसके विरुद्ध पूर्व से कई आपराधिक कांड दर्ज हैं, जिनमें हत्या एवं शस्त्र अधिनियम भी शामिल हैं।

# पटना में लोगों के घर-घर पहुंचाए गए गैस सिलेंडर



यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में आम लोगों को गैस आपूर्ति से जुड़ी किसी भी परेशानी से बचाने के लिए एक खास पहल शुरू की गई है। पटना शहर में गैस एजेंसियों के विक्रेता अब गैस सिलेंडर लेकर

### लोग बोले-गैस की कोई समस्या नहीं

घर-घर जाकर सिलेंडर की डिलीवरी कर रहे हैं, ताकि किसी भी तरह की असुविधा न हो। हाल के दिनों में एलपीजी की संभावित कमी को लेकर चर्चा के बीच यह कदम उठाया गया है। एजेंसी विक्रेता खुद सिलेंडर लेकर अलग-अलग इलाकों में पहुंच रहे हैं और जिन लोगों ने बुकिंग कराई है, उन्हें सीधे उनके घर पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल के तहत गैस विक्रेता रविंद्र कुमार ने कहा कि फिलहाल शहर में गैस की कोई कमी नहीं है और सभी ग्राहकों को बुकिंग के आधार पर सिलेंडर मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'गैस की कोई कमी नहीं है, कोई दिक्कत नहीं है। हर ग्राहक को बुकिंग के जरिए गैस मिल रही है।' वहीं, गैस विक्रेता अनिल कुमार ने भी स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं की बारी आ रही है, उन्हें बिना किसी परेशानी के गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'गैस को लेकर कोई समस्या नहीं है। जिन लोगों के नंबर बुलाए जा रहे हैं, उन्हें बिना किसी दिक्कत के सिलेंडर मिल रहा है।' पटना के कई स्थानीय लोगों ने भी बताया कि उन्हें गैस मिलने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, 'हमें गैस मिल रही है। हमें कोई समस्या नहीं हुई। फोन करने पर गैस सही तरीके से मिल जाती है।'

# नालंदा में युवक की संदिग्ध मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**नालंदा, बिहारशरीफ।** जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना मुर्गियाचक गांव की है। मृतक की पहचान नवादा जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के अफसड़ गांव निवासी शिवकुमार प्रसाद के 21 वर्षीय पुत्र सर्वोत्तम कुमार के रूप में हुई है। युवक का शव उसके किराए के कमरे में पंखे के सहारे फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया। घटना के संबंध में मृतक के भाई राजन ने बताया कि सुबह जब उन्होंने अपने

### कमरे में पंखे से लटका मिला शव

भाई को फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला। उन्हें लगा कि सर्वोत्तम सो रहा होगा, क्योंकि उसे देर तक सोने की आदत थी। बाद में बच्चों को स्कूल छोड़कर जब वह उसके कमरे के पास पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखा तो सर्वोत्तम पंखे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। इसके बाद तुरंत आसपास के लोगों और पुलिस को सूचना दी गई।परिजनों के अनुसार सर्वोत्तम को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी। वह अपने भाइयों के साथ किराए के कमरे में रहकर फेरी का काम करता था और समय मिलने पर पढ़ाई भी करता था।

# पटना में चिकेन पॉक्स के प्रकोप से दहशत

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में चिकेन पॉक्स के प्रकोप से लोग दहशत में है। नौबतपुर प्रखंड के गोपालपुर गांव के दलित टोला में हफ्तेभर में 30 परिवारों के लगभग 50 लोग चिकन पॉक्स से पीड़ित मिले, इनमें ज्यादातर बच्चे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप कर रही है। गांव के सभी निवासियों के स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने सरकारी स्वास्थ्य महकमे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गांव के सुनील शर्मा का आरोप है कि शुक्रवार को तीन मरीजों को लेकर लोग रेफरल अस्पताल नौबतपुर पहुंचे, पर वहां ठीक से इलाज नहीं हो सका। वहीं, संतोष कुमार ने बताया कि उनके परिवार के छह लोग चिकन पॉक्स से प्रभावित हैं, जिनमें चार बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को नौबतपुर रेफरल अस्पताल से डॉक्टरों की टीम गांव आई थी और कुछ लोगो को दवाइयां दी है। एक डॉक्टर गांव आई थीं। वह मरीजों को देखकर वापस चली गईं। अब तक मरीजों का समुचित इलाज शुरू नहीं हो सका है। आशा कार्यकर्ता रजनी कुमारी ने बताया कि अस्पताल प्रभारी को सूचना और

### स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

मरीजों की सूची सौंप दी गई है। एएनएम पुष्पा ने बताया कि गोपालपुर की एएनएम चंद्रावती कुमारी छुट्टी पर है, इसलिए उन्हें यहां का प्रभार दिया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र पर नियमित टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल से पैरासिटामोल, जिंक और ओआरएस मरीजों को दिया जाएगा। नौबतपुर रेफरल अस्पताल की प्रभारी डॉ.रीना कुमारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को चिकन पॉक्स फैलने की सूचना मिली है। इस पर नजर रखी जा रही है। जिला स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई है। मेडिकल टीम गांव पहुंचकर जांच और इलाज शुरू कर चुकी है। प्रभावित क्षेत्र के सभी लोगों का हेल्थ चेकअप किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग टीम बनाकर



गांव में लोगों के बीच लोगों को जागृत किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। जिस घर में या गांव में अगर इसका प्रकोप पड़ता है तो लोग एक दूसरे से दूरी बनाकर रहे। इस पर साफ सफाई रखने की बहुत जरूरत है। समय-समय पर दवा लेते रहना है और ज्यादा जरूरत पड़ने पर अस्पताल के चिकित्सक से संपर्क करना जरूरी है।

# अफवाहों के पीछे राजनीतिक साजिश

यशोभूमि/भाषा

**पटना।** बिहार के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार और राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य में एलपीजी की कमी की अफवाहें एक 'राजनीतिक साजिश' का हिस्सा हैं। मंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब कई जिलों में लोगों के एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए वितरण केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में कतार में खड़े होने की खबरें सामने आई हैं। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि राज्य में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। श्रवण कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'राज्य में एलपीजी सिलेंडर की कमी की अफवाहों के पीछे एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है।' उन्होंने कहा कि कालाबाजारी करने वालों और अफवाह फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा, ' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं आश्वासन दिया है कि ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और कालाबाजारी में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। '

# डॉ. आंबेडकर के निधन पर कांग्रेस ने दफनाने के लिए जमीन तक नहीं कराई थी उपलब्ध: दिलीप

यशोभूमि/एजेंसी

**पटना।** राज्यसभा चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा अपने विधायकों को स्थानांतरित करने पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा, 'हो

### दिलीप जायसवाल ने बोला कांग्रेस पर हमला

सकता है कि कांग्रेस को अपने ही विधायकों पर भरोसा न हो, लेकिन हमारे विधायक पटना में सक्रिय रूप से घूम रहे हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि हम अपने पार्टी सिद्धांतों पर द्दढ़ता से खड़े हैं। यही सिद्धांत किसी व्यक्ति को सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाते हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा कांशी राम पर की गई टिप्पणी पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा, 'अगर कांग्रेस ने कांशी राम, जगजीवन राम और डॉ. बी.आर. आंबेडकर जैसे महान नेताओं का सचमुच सम्मान किया होता, तो आजादी के इतने वर्षों बाद भी डॉ. बी.आर. आंबेडकर को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार और उसके समझौतों के कारण भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया जाता। डॉ. बी.आर. आंबेडकर के निधन पर कांग्रेस ने उनके शव को दफन करने और स्मारक बनाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराई थी। उनकी पत्नी को शव को फ्लाइट से मुंबई ले जाना पड़ा था और दफनाना पड़ा था।



कांग्रेसी अपने खानदान के लिए 200 एकड़ में स्मारक बनाकर रखे हुए हैं। डॉ. भीम राव का स्मारक कांग्रेस ने 70 साल तक नहीं बनाया। जब केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार आई, तो दिल्ली में भीम राव आंबेडकर का स्मारक बनाया गया। कांग्रेसियों को पूरे देश को पहचानती है कि इनका दलित प्रेम क्या है।' दरअसल, लखनऊ में आयोजित संविधान सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा था कि अगर कांशीराम पं. नेहरू के दौर में होते, तो वे कांग्रेस पार्टी से मुख्यमंत्री होते। राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस अतीत में अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाने में विफल रही थी, जिसके कारण कांशी राम जैसे नेताओं को अलग राजनीतिक रास्ता चुनना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगर उस समय कांग्रेस ने प्रभावी ढंग से काम किया होता, तो कांशी राम को अलग से संघर्ष करने की जरूरत नहीं पड़ती। नेहरू यह सुनिश्चित करते कि कांशी राम मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचते।'




# नवादा में एके 47 सहित हथियारों का जखीरा बरामद

यशोभूमि/एजेंसी

**नवादा।** नवादा में एसटीएफ और पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर हथियारों का जखीरा जब्त किया है। एक 47 समेत कई हथियारों के साथ एक गिरफ्तार हुआ। नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव अधिमान्य

### एक गिरफ्तार

शनिवार को बताया कि नवादा में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिले के रजौली थाना क्षेत्र के जंगलों में अवैध हथियार छिपाकर रखने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एके 47 राइफल सहित कई हथियार और कारतूस बरामद किए हैं.क्या-क्या हुआ बरामद?पुलिस ने मौके से एके-47 राइफल, दो .315 बोर राइफल, एके-47 के 21 कारतूस, .315 बोर के 10 कारतूस, दो मैगजीन, तीन एम्युनिशन पाउच और तीन सेट कैमोफ्लाज वर्दी बरामद की है। पुलिस मामले की जांच करते हुए अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।




#### सूचना के आधार पर हुई छापेमारी

गठित टीम ने ह्यूमन इंटेलिजेंस और सटीक सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए ग्राम डेलवा से आरोपी अजीत कुमार (पिता बलेश्वर यादव) को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अजीत की निशानदेही पर उसके घर से करीब 20 मीटर दूरी पर आम के पेड़ के पास छिपाकर रखे गए हथियार बरामद किए गए। 'एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के सहयोग से अजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसके द्वारा बताए गए ठिकानों पर छापेमारी कर हथियारों को जब्त किया गया है। दो लोग मौके से फरार हो गए थे. मामले में संलिप्त सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए काम किया जा रहा है।

# बिजली चोरी करते 13 पकड़े गए

यशोभूमि/एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के जीतना थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न गांवों में बिजली विभाग ने छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी है। शनिवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान 13 उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पाया गया, जिन पर कुल 264,703 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया और जिस पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की गई।

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद मंडल**

विभिन्न इंजीनियरिंग काम

**ई-निविदा सूचना संख्या 28 वर्ष 2025-26 दिनांक : 13.03.2026**

| सं | ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | EMD राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DRM-ADI-214-2025-26 | साबरमती – मंडल रेल चिकित्सालय, साबरमती का विस्तार करते हुए नया बाल चिकित्सा (पीडियाट्रिक) वार्ड, नर्सिंग स्टेशन तथा MDDTI-SBI में कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) केंद्र की व्यवस्था सहित सहायक कार्य, मंडल अभियंता (वर्क्स) अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में। (संयुक्त निविदा) | 2,21,24,412.55 | 2,60,600.00 |
| 2 | DRM-ADI-215-2025-26 | पालनपुर–सामख्याली सेक्शन के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 127 किमी 145/1-2, 138 किमी 158/8-9 एवं 139 किमी 160/3-4 को रोड अंडर ब्रिज बनाकर समाप्त करना, Sr. DEN (NW) – अहमदाबाद के अधिकार क्षेत्र में। | 33,09,01,809.76 | 18,04,500.00 |

**ई-निविदा बंद होने की तिथि:** दिनांक 07/04/2026 समय 15:00 बजे **कार्यालय का पता:** वरि. मंडल इंजीनियर (सम.)-अहमदाबाद, डी. आर.एम. ऑफिस, चामुंडा ब्रिज के पास, नई स्वदेशी मिल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद- 382345 **ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाइट:** www.ireps.gov.in

ADI 309

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

## संक्षिप्त समाचार

### शराब तस्करी गिरोह का हुआ भंडाफोड़

**यशोभूमि / भाषा**

**ठाणे।** महाराष्ट्र आबकारी विभाग ने ठाणे जिले में पिछले चार दिनों में छापेमारी कर एक बड़े अंतरराज्यीय अवैध शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 32 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब बरामद की गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य आबकारी अधीक्षक (ठाणे) प्रवीण तांबे ने बताया कि अधिकारियों ने 10 मार्च की रात को भिवंडी में चार पहिया दो वाहनों को रोका जिनसे से 20 लीटर की क्षमता वाले 10 पीपे और व्हिस्की की 2,000 बोतलें बरामद हुईं। उन्होंने कहा कि मौके पर ही चार लोगों को हिरासत में लिया गया और 19.29 लाख रुपये मूल्य का सामान जब्त किया गया। आगे की जांच के दौरान आबकारी टीम ने चावदार पाड़ा और कोंगांव में संदिग्ध खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं के घरों पर छापेमारी की। तांबे ने बताया कि छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने शराब की 'रीफिलिंग' के एक परिष्कृत गिरोह का भंडाफोड़ किया। उन्होंने शराब से भरे 20 लीटर के कई पीपे और प्रीमियम व्हिस्की ब्रांड की सैकड़ों खाली और भरी हुई बोतलें बरामद कीं। वैजुला क्षेत्र के एक फार्महाउस पर 12 मार्च को एक और छापेमारी की गई, जहां से व्हिस्की के 240 बक्से (जो केवल गोवा में बिक्री के लिए है), खाली पीपे और कई अन्य सामग्री भी जब्त की गई।

### उधार के पैसे मांगने पर महिला से मारपीट

**यशोभूमि / एजेंसी**

**दौंड।** महाराष्ट्र के दौंड तालुका के कुरकुंभ इलाके में उधार दिए पैसे वापस मांगने पर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में दौंड थाने में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह घटना कुरकुंभ स्थित भोंगले वस्ती में दिल्ली गैरेज के सामने सड़क पर हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संगीता पवार ने आरोपी से पहले दिए गए उधार के पैसे वापस मांगे थे। इसी बात से नाराज होकर आरोपी श्रवण सुरेश गुलिक ने कथित तौर पर महिला पर पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भोंगले वस्ती के निवासी संगीता मारुति पवार (32) ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि इस दौरान आरोपी की मां उजा सुरेश गुलिक ने उसे चप्पलों से पीटा, जबकि उसकी बहन पायल ने उसके बाल पकड़कर हाथों से मारपीट की।

### ईंटों से बने ढांचे के ढह जाने से दंपति की मौत

**यशोभूमि / भाषा**

**पुणे।** पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड़ शहर में एक निर्माण स्थल पर ईंट से बने ढांचे के ढह जाने के बाद उसकी चपेट में आकर वहां काम कर रहे एक दंपति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यहां एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे तलवाडे इलाके में एक खुले भूखंड पर यह घटना हुई। इस इलाके में भूमिगत टैंक स्थापित किए जाने के मकसद से एक गड्ढे पर ईंटों से ढांचे का निर्माण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि भूखंड के मालिक ने भूमिगत टैंक के लिए गड्ढा खोदने का ठेका एक कंपनी को दिया था और ठेकेदार काम के लिए मजदूरों को लाया था। मजदूरों द्वारा गड्ढे के अंदर ईंटों की मदद से ढांचा बनाते समय अचानक एक जेसीबी मशीन के चलने से ढांचा उन पर गिर गया, जिससे मजदूर उसके नीचे दब गए।

# सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की विजेता टीम इंडिया जब अहमदाबाद में हनुमान मंदिर के दर्शन करने पहुंची, तब खूब बवाल मचा था। अब चैंपियन भारतीय टीम मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन करने पहुंची। आपको याद दिला दें कि 8 मार्च को फाइनल मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को रिकॉर्ड 96 रनों के अंतर से हराया था। भारत ऐसा पहला देश बना जिसने लगातार 2 बार टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाई।

### गंभीर-सूर्या ने भगवान गणेश से लिया आशीर्वाद

टीम इंडिया के हेड कोच और कप्तान सूर्यकुमार यादव भी भगवान गणेश के दर्शन करने पहुंचे। दोनों टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ नजर आए और भगवान गणेश के आगे माथा टेका। इस दौरान मुंबई भाजपा के महामंत्री आचार्य पवन त्रिपाठी भी उनके साथ मौजूद थे।



**वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में किया दमदार प्रदर्शन**

भारतीय टीम ने पूरे वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। ग्रुप अ में टॉप किया, उसके बाद सुपर-8 में वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। सुपर-8 के मैच में टीम इंडिया को दक्षिण अफ्रीका के हाथों हार मिली थी। उस हार के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी गलती स्वीकारते हुए कहा था कि उस मैच से अक्षर पटेल को ड्रॉप करना उन्हीं की गलती थी।

# गैस सिलेंडर के लिए राज्य सरकार ने तय किया कोटा

## होटलों को 70 तो उद्योगों को 50 प्रतिशत तक की जाएगी सप्लाई

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**मुंबई।** मध्य पूर्व में भड़के युद्ध का असर अब महाराष्ट्र की रसोई तक पहुंच गया है। राज्य में एलपीजी की भारी किल्लत के बीच महायुति सरकार को आपातकालीन नियम लागू करने पड़े हैं। गैस वितरण पर

### स्कूल-अस्पताल को अबाधित रूप से दिया जाएगा सिलेंडर

### जिलाधिकारियों को निगरानी रखने का निर्देश

सख्त नियंत्रण लगाते हुए स्कूल, अस्पताल और अन्य आवश्यक सेवाओं को 100 प्रतिशत सिलेंडर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जबकि होटल, उद्योग और अन्य क्षेत्रों की आपूर्ति 70 से 50 प्रतिशत तक सीमित कर दी गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को गैस वितरण पर कड़ी निगरानी रखने और रोजाना रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के



कारण एलपीजी आपूर्ति पर असर पड़ने लगा है। महाराष्ट्र के कई शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने गैस वितरण को लेकर आपातकालीन नियमावली लागू करते हुए विभिन्न क्षेत्रों के लिए गैस आपूर्ति का अलग-अलग कोटा तय कर दिया है।

सरकार के परिपत्र के अनुसार अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं को एलपीजी सिलेंडर की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**रोजाना रिपोर्ट सरकार को भेजना अनिवार्य**

राज्य सरकार के सहसचिव अशोक आत्राम ने सभी जिलाधिकारियों को भेजे गए परिपत्र में निर्देश दिया है कि अपने-अपने जिलों में सरकारी और अनुदानित आश्रमशालाओं, छात्रावासों, सरकारी भोजनालयों, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनवाड़ी तथा शैक्षणिक संस्थानों की रसोइयों को एलपीजी सिलेंडरों का 100 प्रतिशत आवंटन सुनिश्चित किया जाए, साथ ही गैस वितरण की स्थिति की दैनिक समीक्षा कर उसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजना भी अनिवार्य किया गया है।

### घर में घुसकर महिला की निर्मम हत्या

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**नवी मुंबई।** तुर्भे गांव में रहने वाली 45 वर्षीय महिला की शुक्रवार, 13 मार्च की शाम को निर्मम हत्या कर दी गई । मृत महिला का नाम मर्जिना मंडल है। एपीएमसी पुलिस ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मार्जिना मंडल तुर्भे गांव के सेक्टर-22 में शंकर भोईर के पहली मंजिल के कमरे में अकेली रहती थीं। वह घर का काम करके अपना जीवन यापन कर रही थी। शुक्रवार शाम को जब वह अपने घर के अंदर थी, तभी एक अज्ञात हमलावर ने उसके सीने में तेज चाकू से वार कर दिया और भाग गया।

# पाइपलाइन गैस आपूर्ति में 20 फीसदी कटौती

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** शहर के कई होटलों में पाइपलाइन से गैस सप्लाई हो रही है, हालांकि अब यह बात सामने आई है कि इन होटलों को गैस सप्लाई कंपनी की ओर से 20 फीसदी कम गैस इस्तेमाल करने का निर्देश दिया

### होटलों में इलेक्ट्रिक चूल्हे का इस्तेमाल

गया है, हालांकि कई जगहों पर विकल्प के तौर पर इलेक्ट्रिक ग्रिल्स (चूल्हे) का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन कई जगहों पर मेन्यू कम कर दिए गए हैं। ऐसी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जा रही हैं कि जरूरतमंद लोग प्रभावित हो रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर युद्ध जैसी



स्थिति के कारण गैस उपभोक्ताओं पर सबसे ज्यादा मार पड़ रही है। घाटकोपर पूर्व और पश्चिम के कई होटलों में पाइप के जरिए गैस की आपूर्ति हो रही है, लेकिन अब चूंकि गैस आपूर्तिकर्ता कंपनी ने होटल मालिकों को गैस की खपत सामान्य खपत से 20 प्रतिशत कम करने का निर्देश दिया है, इसलिए कई लोगों ने अब इलेक्ट्रिक ग्रिल का विकल्प तलाश लिया है, लेकिन दूसरी ओर बिजली कंपनियों द्वारा यूनिट दर में बढ़ोत्तरी के अनुरूप बिजली की खपत नहीं हो पा रही है, इसलिए दूसरे विकल्प के तौर पर होटल ने चाय और डोसा जैसे खाद्य पदार्थ बनाना बंद कर दिया है। कुछ जगहों पर हर दिन 2 घंटे के लिए उक्त खाना बनाना बंद कर दिया है।

घाटकोपर इलाके में सिलेंडर का इस्तेमाल करने वाले स्टॉलों की संख्या अधिक है, कई जगहें ऐसी हैं जहां पाइपलाइन की जगह सिलेंडर का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन अब कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का वितरण बंद होने से कई जगहों के फूड स्टॉल बंद हो रहे हैं। बताया गया कि जो चल रहे हैं उनमें खाने-पीने की चीजों की संख्या कम कर दी गई है।

# मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को स्वतंत्र दर्जा देने के लिए समिति गठित

**यशोभूमि/ प्रतिनिधि**

**मुंबई।** राज्य के प्रमुख सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को स्वतंत्र दर्जा देने के लिए राज्य सरकार ने उच्चस्तरीय समिति गठित की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर यह समिति मुंबई के ग्रांट सरकारी मेडिकल कॉलेज और सर जे. जे. समूह अस्पताल तथा नागपुर

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को स्वतंत्र दर्जा देने के संबंध में विस्तृत नीति तैयार करेगी। चिकित्सा शिक्षा और औषधि द्रव्य विभाग ने इस संबंध में शासन निर्णय जारी किया है।

राज्य के पूर्व मुख्य सचिव जयंत कुमार बांठिया को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि स्वतंत्र दर्जे के माध्यम से प्रमुख सरकारी मेडिकल संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान क्षमता और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने का उद्देश्य है।

समिति में टाटा मेमोरियल अस्पताल के पूर्व निदेशक डॉ. राजेंद्र बडवे, केईएम अस्पताल के पूर्व निदेशक डॉ. संजय ओक, ग्रांट मेडिकल कॉलेज के सहयोगी अधिष्ठाता डॉ. रणजीत मानकेश्वर, बी. जे. सरकारी मेडिकल कॉलेज पुणे के प्रोफेसर डॉ. राजेश कार्यकर्ते और महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सदस्य बनाया गया है। महाराष्ट्र मेडिकल परिषद के प्रबंधक सदस्य सचिव होंगे।





- **समिति सरकारी मेडिकल कॉलेजों की प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था का अध्ययन कर स्वतंत्र दर्जा देने की आवश्यकता, संभावित लाभ और देश-विदेश के सफल मॉडलों का आंकलन करेगी।**
- **समिति को तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी।**

# पुलिस ने अंतर-राज्यीय चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एम.आर.ए. मार्ग पुलिस स्टेशन के तहत एक बड़ा ऑपरेशन चलाकर घरेलू चोरी करने

### पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

वाले अंतर-राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मुंबई पुलिस के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट से जारी पोस्ट के अनुसार एमआरए मार्ग पुलिस थाना, मुंबई के अधिकारियों ने विशेष अभियान चलाया, जिसमें वे 10 दिनों तक बिहार-पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र में गुप्त रूप से डेरा डाले रहे। इस गहन जांच और छिपे अभियान के परिणामस्वरूप चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने लगभग 25 लाख रुपए की चोरी की गई संपत्ति जब्त की, जिसमें सोना, चांदी, नकदी, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य कीमती सामान शामिल हैं, साथ ही घर में चोरी के कुल सात मामलों का खुलासा हुआ है। ये मामले मुख्य रूप से मुंबई के विभिन्न इलाकों में घरों में सेंधमारी से जुड़े थे, जहां आरोपी रात के समय या जब घर खाली होता था, तब चोरी करके फरार हो जाते थे। गिरोह मुख्य रूप से बिहार और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों से सक्रिय था और मुंबई जैसे महानगर में अपराध करने के बाद वापस लौट जाता था।



**गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी**

एम.आर.ए. मार्ग पुलिस ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। अभियान में गुप्त निगरानी, छापेमारी और सीमा क्षेत्र में टीमों की तैनाती शामिल थी। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है, ताकि उनके अन्य साथियों और चोरी के और मामलों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने कहा कि यह सफलता मुंबई में संपत्ति अपराधों पर लगाम कसने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हाल के महीनों में मुंबई पुलिस ने कई अंतर-राज्यीय गिरोहों का भंडाफोड़ किया है।

# दर्ज अपराधों की होगी साप्ताहिक समीक्षा

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** रेलवे पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारी रेलवे पुलिस स्टेशन में दर्ज अपराधों की साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। यदि अपराध मुंबई क्षेत्र में पंजीकृत है, लेकिन किसी दूसरे राज्य में किया गया है, तो

### रेलवे पुलिस का निर्णय

इसे तुरंत उस पुलिस स्टेशन में दर्ज किया जाएगा। रेलवे पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों ने रेलवे सीमा में होने वाले अपराधों और संभावित उपायों के बारे में पुलिस को मार्गदर्शन दिया। इस समय मुंबई सहित राज्य में घटित अपराधों के साथ-साथ बाहरी राज्यों में होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों को शून्य नंबर पर दर्ज करने और उन्हें संबंधित पुलिस स्टेशन में क्रो मैक के माध्यम से वर्गीकृत करने के निर्देश दिए गए थे। यह भी कहा गया कि इस पोर्टल पर ऐसे अपराधों की जानकारी भरते समय वादी के आधार कार्ड और लाइसेंस की परवाह नहीं की जानी चाहिए। यह भी कहा गया कि यदि किसी पंजीकृत अपराध में मोबाइल फोन का पता चलता है, तो बरामदगी के लिए पुलिस टीम भेजने के बजाय संबंधित व्यक्ति को मोबाइल फोन को थाने में कूरियर करने की सूचना दी जाए।

**गुमशुदगी के मामले**

रेलवे सीमा के भीतर गुमशुदा व्यक्तियों की दर में वृद्धि हुई है और वरिष्ठों ने बताया है कि पिछले कुछ दिनों में इस संबंध में अधिक अपराध दर्ज किए गए हैं और समय-समय पर पुलिस स्टेशन में गुमशुदा सेल की समीक्षा करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। यह भी आदेश दिया गया कि घटक प्रमुख सबसे पुराने लापता अपराध के मामले की जांच करें।

### चोरी के प्रयास के आरोप में तीन गिरफ्तार

**यशोभूमि / भाषा**

**पालघर।** पालघर जिले में आभूषण की एक दुकान में सेंधमारी के प्रयास के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि चार मार्च को नायगांव इलाके में हुई इस घटना के आरोपियों को ठाणे शहर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान शफीक ललन अंसारी (36), महबूब जानी सैयद (20) और शाकिर साजिद शेख (22) के रूप में हुई है। ये सभी मुंबई के निवासी हैं। वसई जोन-2 की पुलिस उपायुक्त पूर्णिमा चौगुले-श्रृंगी ने कहा कि चार मार्च की मध्यरात्रि के आसपास हुई सेंधमारी की कोशिश के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए दो टीम गठित की गई थीं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी जानकारियों का विश्लेषण किया, जिससे घटना में इस्तेमाल किए गए एक वाहन का पता चला।

# पनवेल का पारा 40 डिग्री तक पहुंचा

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**पनवेल।** पनवेल शहर का तपमान शुक्रवार और शनिवार की दोपहर में 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे शहरवासी भीषण गर्मी से परेशान हो गए। सड़कों पर चलने वाला हर कोई धूप से झुलस रहा था। मौसम विभाग द्वारा दिए गए पूर्वानुमान के मुताबिक अगले चार से पांच दिनों तक तापमान 38 से 41 डिग्री

### नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

के बीच रहने की संभावना है। इस वजह से नागरिकों को अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। 40 डिग्री तापमान पर सीधी धूप पड़ना खतरनाक है। निर्जलीकरण, गर्मी से थकावट, सिरदर्द, चक्कर आना और कुछ मामलों में हीट स्ट्रोक संभव है। विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, गर्भवती महिलाएं और पुरानी बीमारियों वाले लोग अधिक प्रभावित होते हैं।

**स्वास्थ्य विशेषज्ञों की नागरिकों को सलाह**

सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। गर्मियों में हल्के, सूती, हल्के रंग के कपड़े पहनें।

- **हर 15-20 मिनट में पानी पिएं**
- **नारियल पानी, नींबू-पानी या संतरे के इलेक्ट्रोलाइट्स का सेवन करें।**
- **धूप में बाहर जाते समय छाता, सनस्क्रीन लोशन या टोपी का प्रयोग करें।**
- **बाहर जाते समय शीतल पेय अपने साथ रखें।**
- **अगर शरीर में असुविधा महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं।**





"नागरिकों को तेज धूप में यथासंभव घर के अंदर रहना चाहिए और अपने शरीर का तापमान नियंत्रित रखना चाहिए। नागरिकों को सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि गर्मी लंबे समय तक रहेगी। शरीर को असहनीय गर्मी से राहत दिलाने के लिए पनवेलकरों को रसदार फलों के साथ-साथ फलों के रस का भी सेवन करना चाहिए।

-डॉ. गोसावी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पनवेल मनपा

### 'पवित्र' के अलावा शिक्षकों की नियुक्तियां अवैध

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** स्कूली शिक्षा विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि राज्य में स्थानीय निकायों और निजी सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए 'पवित्र' पोर्टल अनिवार्य है। ऐसे में इस प्रणाली को दरकिनार करके की गई सभी नियुक्तियां अवैध मानी जाएंगी।

**होगी जांच**

विधानसभा में विधायक सुनील प्रभु द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए शिक्षा विभाग ने यह स्थिति स्पष्ट की। 22 जून 2017 की अधिसूचना के अनुसार सभी शिक्षक भर्ती केवल पवित्र पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य है। इसके बावजूद देखा गया है कि कुछ संस्थाओं ने सीधी नियुक्तियां कर ली हैं। इस संबंध में शिक्षा उपनिदेशक की अध्यक्षता में विभागीय समितियां गठित की जाएंगी और ये समितियां सभी अवैध नियुक्तियों की गहनता से जांच कर सरकार को रिपोर्ट सौंपेंगी। विभाग ने कहा कि दोषी संस्थानों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी अस्पतालों में एंटी-रेबीज टीकों का पर्याप्त भंडार

**रेबीज से बचाव के लिए टीका, सीरम और इम्युनोग्लोब्युलिन उपलब्ध**

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**मुंबई।** राज्य के सरकारी तथा महानगरपालिका अस्पतालों में रेबीज से बचाव के लिए एंटी-रेबीज टीका, एंटी-रेबीज सीरम और एंटी-रेबीज इम्युनोग्लोब्युलिन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने बताया कि इन दवाओं की आपूर्ति नियमित रूप से की जा

### मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की जरूरत नहीं

रही है और अस्पतालों में किसी तरह की कमी नहीं है।

स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य संस्थाओं में एंटी-रेबीज टीका, सीरम और इम्युनोग्लोब्युलिन उपलब्ध हैं। इन दवाओं का पर्याप्त भंडार सुरक्षित रखा गया है, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।



उन्होंने बताया कि दवाओं की आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित खरीद और वितरण की व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर स्थानीय स्तर पर भी दवाओं की खरीद की अनुमति दी गई है।

मुंबई महानगरपालिका के अस्पतालों में दिसंबर 2025 तक एंटी-रेबीज टीकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध था। किसी अस्पताल में अतिरिक्त भंडार होने पर 'ई-औषधि' प्रणाली के माध्यम से जरूरत वाले अन्य अस्पतालों को दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने के लिए नहीं कहा जाता है, ऐसा भी आबिटकर ने स्पष्ट किया।

फिलहाल राज्य में एंटी-रेबीज टीकों की 1,54,957 मात्रा, एंटी-रेबीज इम्युनोग्लोब्युलिन की 62,962 मात्रा और एंटी-रेबीज सीरम की 3,624 वायल उपलब्ध हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार रेबीज से बचाव के लिए जरूरी टीके और इम्युनोग्लोब्युलिन सभी सरकारी तथा महानगरपालिका अस्पतालों में उपलब्ध रखना अनिवार्य है। इसी के तहत राज्य स्तर पर केंद्रीय खरीद प्रणाली के जरिए दवाओं की खरीद कर उनकी आपूर्ति की जा रही है।

### रिश्वत लेने के आरोप में एसटी जांच समिति अधिकारी गिरफ्तार

**यशोभूमि / भाषा**

**ठाणे।** ठाणे शहर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र जांच समिति की एक महिला अधिकारी को एक व्यक्ति से उसके परिवार के सदस्यों के दस्तावेजों को मंजूर करने के बदले 2.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एसीबी ने शुक्रवार को ठाणे के चराई इलाके स्थित कार्यालय में समिति के कोंकण प्रभाग की उपनिदेशक (अनुसंधान) मीनाक्षी एन. उन्हाले (46) को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र जांच समिति (एसटीसीएससी), अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता का सत्यापन करती है। पुलिस उपाधीक्षक (रायगढ़-अलीबाग, एसीबी) सरिता भोसले ने बताया कि उन्हाले ने शिकायतकर्ता से उसकी पत्नी और बेटी की जाति सत्यापन संबंधी दस्तावेजों को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर 2.5 लाख रुपये की मांग की थी।

रेपल अडुलसा व बजर-रंगी लेप के निर्माता का
रेपल लाइसनिट
20ml Pack - MRP Rs. 60/-
१००% आयुर्वेदिक तेल


जुओं, लीखों एवं रुसी को एक ही बार में जड़ से नष्ट करने वाला
विषकारी रसायन विरहित
बच्चों के लिए १००% सुरक्षित
Only Whatsapp : 8369087234
रेपल बजरंगी मालिश तेल | रेपल अडुलसा १००% आयुर्वेदिक कफ सिरप | बजर-रंगी लेप



## श्रीकृष्ण उवाच

**परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे ॥**

यशोभूमि

# संपादकीय

## बचपन पर मोटापे की छाया

दुनिया एक ऐसे स्वास्थ्य संकट की ओर बढ़ रही है जिसकी शुरुआत बचपन से हो रही है। हाल के वैश्विक आकलनों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बच्चों में बढ़ता मोटापा अब केवल जीवनशैली का मामूली सवाल नहीं रहा। यह धीरे-धीरे एक ऐसे सामाजिक और आर्थिक संकट का रूप ले रहा है जो आने वाले दशकों में पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था को चुनौती दे सकता है। यदि अभी भी इसे केवल व्यक्तिगत आदतों की समस्या समझा गया तो आने वाला समय कहीं अधिक गंभीर साबित हो सकता है। बच्चों के खानपान में तेजी से आए बदलाव इस संकट की जड़ में दिखाई देते हैं। बाजार में उपलब्ध अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों ने भोजन की आदतों को पूरी तरह बदल दिया है। रंगीन पैकेटों में बिकने वाले चिप्स, मीठे पेय और तुरंत बनने वाले खाद्य पदार्थ बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। इन उत्पादों का स्वाद और विज्ञापन दोनों ही ऐसे बनाए जाते हैं कि बच्चे सहज ही उनकी ओर खिंच जाएं। परिणाम यह है कि संतुलित भोजन की जगह अधिक चीनी, नमक और वसा वाले खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों की जीवनशैली में भी बड़ा परिवर्तन आया है। खेल के मैदान सिकुड़ते जा रहे हैं और मनोरंजन का बड़ा हिस्सा अब स्क्रीन पर सिमट गया है। लंबे समय तक मोबाइल या अन्य उपकरणों के सामने बैठे रहना बच्चों की दिनचर्या का सामान्य हिस्सा बन गया है। शारीरिक गतिविधि में यह कमी धीरे-धीरे शरीर की प्राकृतिक ऊर्जा संतुलन को बिगाड़ देती है और वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या का असर केवल वर्तमान स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। बचपन में बढ़ा हुआ वजन अक्सर वयस्क जीवन तक बना रहता है। इसके साथ ही कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय से जुड़ी समस्याएं अब पहले से कहीं कम उम्र में दिखाई देने लगी हैं। यह स्थिति केवल परिवारों के लिए चिंता का विषय नहीं है बल्कि समाज के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन सकती है। आर्थिक दृष्टि से भी यह संकट दूरगामी प्रभाव डाल सकता है। यदि बड़ी संख्या में युवा आबादी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझेगी तो उपचार पर होने वाला खर्च तेजी से बढ़ेगा। इसके साथ-साथ कार्यक्षमता भी प्रभावित होगी। जब समाज का सक्रिय वर्ग ही बीमारियों से घिर जाएगा तो आर्थिक विकास की गति पर भी उसका असर पड़ेगा। स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ता दबाव कई देशों के संसाधनों को कमजोर कर सकता है। इस परिस्थिति में केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है। खाद्य उद्योग और विज्ञापन व्यवस्था पर भी गंभीर विचार करने की आवश्यकता है। अत्यधिक चीनी वाले उत्पादों पर कर लगाने और बच्चों को लक्षित करने वाले विज्ञापनों को सीमित करने जैसे कदम प्रभावी साबित हो सकते हैं। कई स्थानों पर ऐसे प्रयासों ने सकारात्मक परिणाम भी दिखाए हैं। अंततः यह समझना आवश्यक है कि स्वस्थ बचपन केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी का विषय नहीं है। यदि आज बच्चों के खानपान और जीवनशैली को संतुलित दिशा नहीं दी गई तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य संकट और गहरा हो सकता है। इसलिए समय की मांग यही है कि बचपन को स्वस्थ बनाने की जिम्मेदारी परिवार, समाज और नीतियों सभी स्तरों पर साझा की जाए।

**प्रसंगत:**

## नई भूमिका

पुराने जमाने की बात है। राजा बालीक ने किसी छोटी सी बात पर नाराज होकर अपने मंत्री भद्रजित को उनके पद से हटा दिया। उन्होंने क्रोध में भद्रजित से कहा, तुम अपने आप को बहुत श्रेष्ठ समझते थे न। जब तुम इधर-उधर भटकोगे तब तुम्हें पता चलेगा कि पद का क्या महत्व होता है।' भद्रजित शांति व शालीनता से राजा को प्रणाम कर दरबार से चले गए। उन्होंने पद से हटाए जाने को ईश्वर का वरदान माना और मन में किसी तरह का द्वेष भाव नहीं रखा। उन्होंने अपना समय इश्वरोपासना, स्वाध्याय तथा जनसेवा में लगाना शुरू कर दिया। जल्दी ही वह लोकप्रिय हो गए। भद्रजित अधिक से अधिक समय सत्संग और सद्कार्यों को देने लगे। एक दिन राजा बालीक को भद्रजित की याद आई। राजा ने सोचा कि भद्रजित की हालत निश्चय ही दयनीय हो गई होगी। क्यों न चल कर देखा जाए। राजा वेष बदल कर नगर में जा पहुंचे। राजा को देखकर आश्चर्य हुआ कि भद्रजित श्रेष्ठ लोगों से घिरे थे। भद्रजित ने वेष बदले राजा को पहचान लिया। उन्होंने खड़े होकर राजा का अभिनंदन किया और कहा, राजन! यदि आप मुझे मेरे पद से हटाते नहीं तो मुझे लोगों की सेवा का अवसर भला कहां मिलता? यह तो मेरा सौभाग्य है कि आप ने मुझे पद से हटा दिया। इससे मुझे जीवन के एक अलग अध्याय को जानने और एक नई भूमिका निभाने का अवसर मिला। मैं आपका आजीवन आभारी रहूंगा।' राजा बालीक भद्रजित की विनम्रता और धैर्य को देखकर हैरान रह गए। उनसे कुछ बोलते न बना।

## दैनिक पंचांग

**15 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मीन | 06.12 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मेष | 07.43 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.23 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.21 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.34 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.50 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.02 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.13 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.28 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.44 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | मकर | 02.49 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.35 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 74 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 09.17 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 05.56 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** परिघ 10.26 बजे को समाप्त। **करण** बालव 09.17 बजे तदनन्तर कौलव 21.34 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 13' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872649 **जूलियन दिन** 2461114.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रमजान **तारीख** 25 **विशेष** पापमोचनी एकादशी, विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# बच्चों के पहरेदार नहीं बल्कि पैरोकार बनकर उन्हें जागरूक बनाएं



**प्रो. आर. एन. त्रिपाठी
समाज शास्त्र विभाग
बीएचयू, वाराणसी**

दैनिक यशोभूमि आमंत्रित लेख

हम पूरी दुनिया में देख रहे हैं की किशोर यानी जो बालक धीरे-धीरे वयस्क हो रहा है वह ज्यादातर अपराध की दुनिया में, नशे की दुनिया में और माता-पिता की अवहेलना की आदतों में बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है। समाचारों में आ रहा है कि किशोर बालकों ने कहीं हत्या कर दी, कहीं स्वयं आत्महत्या कर ली। अभी लखनऊ की घटना हुई जिसमें एक किशोर ने अपने पिता को उसी की लाइसेंसी पिस्टल से मार दिया, फिर काटकर बोरे में भरकर फेंक दिया। ऐसी स्थिति में यह विचारणीय प्रश्न है कि हम किशोर बालकों के साथ माता-पिता अभिभावक होने के नाते किस प्रकार का व्यवहार करें। क्या हमारा व्यवहार उनके प्रति जिम्मेदारी भरा है की नहीं, अतएव हमें अपने व्यवहार पर भी विचार करना जरूरी है।

आजकल के कुछ अभिभावक ऐसे हो गए हैं कि वे अपने बच्चों पर पहरा दे रहे हैं न कि उनके अंदर जागरूकता पैदा करें। यही सबसे बड़ी विडम्बना हो गई है, क्योंकि यही अवस्था है जब अपोजिट सेक्स के प्रति बच्चों की कामना बढ़ती है, यही अवस्था है जब वह चुनौतियों को स्वीकार करता है, यही अवस्था है वह अपने सुनहरे भविष्य का सपना भी बुनता है। ऐसे में हमारा आपका दायित्व बनता है कि हम-आप पहले बच्चों में अपने प्रति विश्वास बनाएं, खुलकर के बच्चों से बात करें, उनके दोस्तों के बारे में बात करें, उनकी ऑनलाइन दुनिया की चीजों के बारे में बात करें तो वे आपसे इन सब बातों से कोई संकोच नहीं करेंगे। वे आपको अपना सहयोगी मानकर कार्य करेंगे। इस प्रकार से माता-पिता को उनका 'लाइफ कोच' बनना चाहिए और ताकि उनके अंदर बातचीत से अगर कोई मानसिक समस्या है तो उसकी अभिव्यक्ति वे खुलकर कर सकें और मन में कहीं उनके अंदर



डर हो तो वह भी बता सकें।

बच्चों को केवल बार-बार निर्देश देना, बार-बार समझाना या बार-बार उनको धमकी भरा स्वर देना कहीं ना कहीं उनके बाल सुलभ मस्तिष्क पर असर डाल ही देता है। इस लिए बच्चे आजकल आने जाने वालों से दूरी बना लेते हैं। उनकी लोकेशन को कुछ माता-पिता शेयर करते हैं। आजकल लोग वीडियो से बात करने हेतु बच्चों से बार-बार कहते हैं, कि दिखाइए आप कहा हैं। किशोर मन जब बहुत ज्यादा बंधन में होता है तब वह और ज्यादा बिखरने की स्थिति में पहुंच जाता है।

मनोवैज्ञानिक तौर पर सर्वविदित तथ्य है कि अगर आपके बच्चे के अंदर सही ढंग से 'ना' कहने की आदत विकसित हो गयी है तो वह निश्चित रूप से सफल हो सकता है क्योंकि वह जिस बात से वह असहज होगा या जिसके साथ नहीं रहना चाहता होगा, जिससे संबंध नहीं रखना चाहता होगा, जो चीज खाना नहीं चाहता होगा वह सारी चीज खुल करके अपने माता-पिता से कहेगा तो उसके संबंध सदा के लिए स्वस्थ रहेंगे।

शास्त्रों में कथन है कि 5 वर्ष तक बच्चों को कुम्हार के वर्तन की तरह पीट- पीटकर यानी अनुशासित ढंग से रखकर और पन्द्रह वर्ष के बालक अर्थात किशोर बालक को 'पुत्रं मित्रं समाचरेत' अर्थात बच्चे से मित्र जैसा व्यवहार करना चाहिए तब वह सफल सुयोग्य नागरिक बन सकेगा।

> **"हम अपने बच्चों के भविष्य को लेकर के जितना ज्यादा उत्सुक रहते हैं उसके अनुपात में हम कभी उनके साथ जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं रहते इसलिए ऐसे में कभी-कभी ऐसे परिणाम आते हैं जो अनपेक्षित होते हैं। अपने द्वारा किए जा रहे श्रम, त्याग और उनके पालन पोषण में आ रही कठिनाइयों से भी उनको अवगत कराते रहना चाहिए और भविष्य के लिए अपनी जगह उन्हें तैयार रहना होगा। यह आत्मबोध कराते रहना चाहिए। इस प्रकार यदि हम संवाद, समझ और साहचर्य का सहज, सेतु बच्चों और अपने बीच में तैयार करेंगे तो किशोर मन कभी अन्यत्र नहीं भटकेगा, भटकाव भी आएगा तो वह अपने मां बाप से नहीं छुपायेगा।"**

आत्म सम्मान की रक्षा का भाव बच्चे-बूढ़े सबके अंदर होता है, इसलिए सदा बीच का रास्ता अपनाकर बच्चों को सही दिशा देनी चाहिये। भावनात्मक भरोसा सबसे बड़ा अवलम्ब होता है अगर अभिभावक और बच्चों में यह भरोसा पूरी तरह से परिपक्व हो गया है तो बच्चा कभी नहीं विखर सकता है, ध्यातव्य है कि किशोर सबसे ज्यादा गलतियां इसलिए छुपाते हैं कि उन्हें डर है कि हमारे माता-पिता क्या सोचेंगे और यहीं से विखराव शुरू हो जाता है।

बच्चों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति भी आगाह करना ज्यादा महत्वपूर्ण है किससे बात करनी है, किससे ऑनलाइन ऑफलाइन क्या करना है क्योंकि आजकल ग्लैमर और रोमांस की दुनिया इतनी बढ़ गई है कि बच्चे समझ ही नहीं पाते हैं और उनके जाल में आ जाते हैं, यदि एक बार गिरफ्त में आ जाते हैं तो उससे निकल नहीं पाते। यहां पर बच्चों को जागरूक करने की अत्यंत आवश्यकता होती है उनको इसके बारे में बताना और इससे दूर रहने के लिए काउंसलिंग की आवश्यकता पड़ती है। इसी समय बच्चों को यौन शिक्षा की भी आवश्यकता होती है ताकि उनके अंदर जो शारीरिक रूप से बदलाव आ रहा है उस बदलाव के प्रति भी वह आश्वस्त हो जाए और यदि उसमें किसी प्रकार की कमी है तो चिकित्सीय परामर्श भी लेनी चाहिए।

हम अपने बच्चों के भविष्य को लेकर के जितना ज्यादा उत्सुक रहते हैं उसके अनुपात में हम कभी उनके साथ जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं रहते इसलिए ऐसे में कभी-कभी ऐसे परिणाम आते हैं जो अनपेक्षित होते हैं। अपने द्वारा किए जा रहे श्रम, त्याग और उनके पालन पोषण में आ रही कठिनाइयों से भी उनको अवगत कराते रहना चाहिए और भविष्य के लिए अपनी जगह उन्हें तैयार रहना होगा। यह आत्मबोध कराते रहना चाहिए। इस प्रकार यदि हम संवाद, समझ और साहचर्य का सहज, सेतु बच्चों और अपने बीच में तैयार करेंगे तो किशोर मन कभी अन्यत्र नहीं भटकेगा, भटकाव भी आएगा तो वह अपने मां बाप से नहीं छुपायेगा।

# पच्चीसवां पारा: विवेक, परामर्श और आध्यात्मिक चेतना



**सैयद सलमान**
वरिष्ठ पत्रकार
व स्वतंत्र लेखक

दैनिक यशोभूमि मुस्लिम जगत

पवित्र कुरआन का पच्चीसवां पारा 'इलैहि युरद्दु' आयतों का वह समूह है जो इंसान की भीतरी दुनिया, सामाजिक आचरण और आध्यात्मिक जिम्मेदारी को एक सूत्र में पिरोता है। इसमें सूरह फुस्सिलत का अंतिम भाग, सूरह शूरा, जुखरुफ, दुखान और जासिया का मिला-जुला संग्रह है। आज के दौर में जब वैश्विक स्तर पर वैचारिक ध्रुवीकरण और भौतिकवाद का बोलबाला है, यह पारा 'विवेक' और 'परामर्श' की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का आह्वान करता है।

सूरह शूरा का केंद्र 'शूरा' यानी परामर्श है। कुरआन इसे ईमानवालों की पहचान बताता है; 'और उनके काम आपसी मशविरे से चलते हैं।' कुरआन ने इसे मोमिनों की बुनियादी पहचान बताई है। जो लोग आपस में मशविरे से काम चलाते हैं वे लोकतंत्र की आत्मा को जीवित रखते हैं। स्वस्थ समाज की बुनियाद संवाद और सहभागिता पर टिकती है। सामूहिक बुद्धि से लिए जाने वाले फैसलों में न्याय और संतुलन की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन जब अहंकार में डूबकर निर्णय लिए जाते हैं, जब एक व्यक्ति या विचारधारा सब तय करने लगती है, तो भीतर दरारें पड़ने लगती हैं। यह सिद्धांत आज के नागरिक समाज, शासन व्यवस्था और यहां तक कि पारिवारिक ढांचों के लिए भी एक मार्गदर्शक सूत्र है। यह विचार तानाशाही प्रवृत्तियों पर गहरा प्रहार करता है। जहां लोग एक-दूसरे की राय का सम्मान करते हैं, वहीं से 'इंसानी बंधुत्व' की शुरुआत होती है। यह मानवीय गरिमा को सर्वोच्च स्थान देता है।

इसी सूरह में एक और गहरी बात कही गई है; 'जिन बातों में मतभेद हो, उनका अंतिम निर्णय अल्लाह के हवाले है'- (अल कुरआन, 42:10) यह इंसानी अहंकार पर एक बड़ी लगाम है। जब यह समझ बनती है कि अंतिम सत्य किसी एक की मिल्कियत नहीं, तब विनम्रता जन्म लेती है। यही विनम्रता शांति की पहली सीढ़ी है। खासकर तब, जब मनुष्य यह स्वीकार करता है कि अंतिम न्याय किसी उच्चतर सत्ता के हाथों में निहित है। चाहे राष्ट्रों के बीच संघर्ष की स्थिति हो या व्यक्तियों के बीच मतभेद की, अंततः वह संयम, संतुलन तथा न्याय के मार्ग की ओर अग्रसर होता है।

### रमजान-पच्चीसवां रोजा



सूरह जुखरुफ आधुनिक उपभोक्तावाद में आईना बनकर सामने आती है। यहां भौतिक संपन्नता को श्रेष्ठता का पैमाना मानने की मानसिकता पर सवाल उठाया गया है। सोना-चांदी, महल और वैभव देखने में आकर्षक हैं, लेकिन इंसान की असली कीमत इनसे तय नहीं होती। आज समाज के लिए विकास का पैमाना जीडीपी है, लेकिन कुरआन याद दिलाता है कि असली दौलत चरित्र, न्याय और करुणा के रूप में भीतर मौजूद होती है। बाजार इंसान को केवल उपभोक्ता बनाकर छोड़ देता है और सफलता का मापदंड बैंक बैलेंस तक सिमट जाता है, तब यह संदेश ठहरकर सोचने की प्रेरणा देता है। सच तो यह है कि किसी समाज की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों के नैतिक चरित्र और न्यायप्रियता में बसती है।

सूरह दुखान में फिरऔन का प्रसंग हर युग में दोहराई जाने वाली सच्चाई है। फिरऔन उस मानसिकता का प्रतीक है जो शक्ति को ही सत्य समझते हैं। जहां कमजोरों को हेय समझा जाता है। इतिहास गवाह है कि ऐसे हर अहंकार का अंत हुआ है। लेकिन हर दौर में नए फिरऔन पैदा होते हैं। ऐसे में जो मूसा की तरह सच के साथ खड़ा होता है, वह अकेला नजर आता है। उसके पास न सेना होती है, न ताकत के साधन, लेकिन उसके पास सत्य की ताकत होती है। और इतिहास बार-बार साबित करता है कि सत्य की शक्ति तलवार से कहीं अधिक स्थायी होती है।

> **सूरह जासिया इस पूरे पारे को गहरे चिंतन के साथ समेटती है। आसमान, ज़मीन, जीव-जंतुओं और दिन-रात के बदलने में एकेश्वर और कुदरत की अनगिनत निशानियां छिपी हैं, जिन्हें केवल गौर करने वाले ही समझ सकते हैं। यह आह्वान केवल आध्यात्मिक नहीं, बौद्धिक भी है। प्रकृति को देखकर सोचने की प्रेरणा दी गई है। जो इन संकेतों को देखकर भी विचार नहीं करता, वह आँखें रखते हुए भी अंधेपन में जीता है। आज जब पर्यावरण संकट मानवता के सामने गंभीर चुनौती है, यह संदेश और गहरे अर्थ में आता है।**

आज जब कट्टरता और असहिष्णुता समाजों में दीवारें खड़ी कर रही हैं, यह पारा सबक देता है कि सत्य किसी की निजी जागीर नहीं है। मतभेदों के बावजूद एक-दूसरे के अस्तित्व को स्वीकार करना ही सभ्यता की पहचान है। धैर्य और क्षमा को यहां नैतिक शक्ति बताया गया है। समाज में जब कोई बुराई से पेश आए, तो उसका उत्तर अच्छाई से देना ही वह 'आध्यात्मिक चेतना' है, जो एक शत्रु को भी घनिष्ठ मित्र बना सकती है।

सूरह जासिया इस पूरे पारे को गहरे चिंतन के साथ समेटती है। आसमान, ज़मीन, जीव-जंतुओं और दिन-रात के बदलने में एकेश्वर और कुदरत की अनगिनत निशानियां छिपी हैं, जिन्हें केवल गौर करने वाले ही समझ सकते हैं। यह आह्वान केवल आध्यात्मिक नहीं, बौद्धिक भी है। प्रकृति को देखकर सोचने की प्रेरणा दी गई है। जो इन संकेतों को देखकर भी विचार नहीं करता, वह आँखें रखते हुए भी अंधेपन में जीता है। आज जब पर्यावरण संकट मानवता के सामने गंभीर चुनौती है, यह संदेश और गहरे अर्थ में आता है।

पच्चीसवां पारा इंसान के लिए संतुलित जीवन-दर्शन प्रस्तुत करता है। इसमें परामर्श की संस्कृति है, विनम्रता की सीख है, भौतिकता की सीमाओं का बोध है, अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने का साहस है और प्रकृति के प्रति जागरूक दृष्टि भी। यही वह रास्ता है जो इंसान को केवल शक्तिशाली नहीं, सच्चे अर्थों में इंसान बनने की ओर ले जाता है।

# सोम प्रदोष व्रत: जानें शुभ मुहूर्त और आसान पूजा विधि

**कुछ व्रत ऐसे हैं जो हर महीने आते हैं और प्रदोष व्रत इन्हीं में से एक है। हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत की पूजा और व्रत का बहुत महत्व है। मान्यता है कि प्रदोष व्रत की पूजा करने से भगवान शिव की असीम कृपा मिलती है। आम तौर पर ये व्रत हर महीने दो बार पड़ता है। एक व्रत महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर पड़ता है। हालांकि इस बार मार्च के महीने में एक नहीं बल्कि कुल 3 प्रदोष व्रत हैं।**

### पूरी होती हैं सारी मनोकामनाएं

पहला प्रदोष व्रत इस हफ्ते की शुरुआत में था और अब लोग दूसरा प्रदोष व्रत रखेंगे। मान्यता के अनुसार जो लोग प्रदोष व्रत पर भगवान शिव और पार्वती की पूजा करते हैं, उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। नीचे विस्तार से जानें कि मार्च का दूसरा प्रदोष व्रत कब पड़ रहा है?

### इस तारीख को है दूसरा प्रदोष व्रत



पंचांग के हिसाब से मार्च का दूसरा प्रदोष व्रत 16 मार्च को पड़ेगा। इस तारीख को सुबह ही त्रयोदशी तिथि की शुरुआत हो जाएगी। इस दिन सोमवार पड़ने वाला है तो ऐसे में सोम प्रदोष व्रत कहा जाएगा। त्रयोदशी तिथि की टाइमिंग 9 बजकर 41 मिनट से लेकर अगले दिन सुबह 9 बजकर 24 मिनट तक है। ऐसे में सोम प्रदोष व्रत का पारण 17 मार्च को होगा। बात की जाए पूजा के शुभ मुहूर्त की तो 16 मार्च की शाम 6 बजकर 31 मिनट से लेकर 8 बजकर 54 मिनट के बीच कभी भी पूजा कर सकते हैं।

### ऐसे करें प्रदोष व्रत की पूजा

प्रदोष व्रत की पूजा आसान विधि से की जा सकती है। इसके लिए बस आपको ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करना है। साफ-सुथरे वस्त्र पहन लें। इसके बाद भगवान का स्मरण करते हुए प्रदोष व्रत का संकल्प लें। पूजा घर की साफ-सफाई कर लें। इसके बाद चौकी पर लाल रंग का साफ कपड़ा बिछा दें। इस पर भगवान शिव और मां पार्वती की तस्वीर या फिर मूर्ति रखें। धूप बत्ती और दीया जलाकर पूजा शुरू करें।

### शिवलिंग पर क्या-क्या करना है अर्पित

प्रदोष व्रत की पूजा के दौरान शिवलिंग का जलाभिषेक करना जरूरी होता है। इस दिन शिवलिंग पर धतूरा और बेलपत्र तो जरूर अर्पित करें। इसके अलावा आक के फूल भी पूजा में शामिल करें। गंगाजल से शिवलिंग का जलाभिषेक करें। इसके बाद भगवान को भोग लगाएं और ॐ नमः शिवाय मंत्र का 108 बार जाप करें। मंत्रों के जाप से आपको अलग ही शांति मिलेगी। जाप के बाद प्रदोष व्रत कथा का पाठ जरूर करें।

## आपका राशिफल 15 मार्च

**मेष:** परिश्रम-प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में न पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृषभ:** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन:** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम-प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क:** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें। व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोत्तरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह:** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। शुभांक-6-8-9

**कन्या:** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला:** लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक:** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**धनु:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष-परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ:** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। शुभांक-3-5-8

**मीन:** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**यशोभूमि आपकी चिट्ठी**

## सिडको प्रशासन ध्यान दे




आपकी चिट्ठी के माध्यम से सिडको का ध्यान नेरुल में दिलाना चाहता हूं। नेरुल-सीवुड रोड के बाईं ओर स्थित खाली भूखंड कूड़े के ढेर में बदल गए हैं। सिडको के इन खाली भूखंडों पर कूड़ा फेंका जा रहा है। सफाईकर्मी भी सड़कों की सफाई करते समय कूड़ा यहीं फेंक रहे हैं, जिससे स्वच्छता अभियान प्रभावित होने की संभावना है। इस तरह सफाईकर्मियों की लापरवाही और गैरजिम्मेदारी का असर सफाई अभियान पर भी पड़ने लगा है। अतः सिडको प्रशासन से अनुरोध है कि भूखंड को खाली करवाकर नागरिकों को गंदगी से राहत दिलाएं। ■ **अजय पाठक,** नेरुल

# इस हफ्ते करीब छह प्रतिशत गिरा भारतीय शेयर बाजार

## एक ही दिन में निवेशकों के डूबे करीब 10 लाख करोड़ रुपए

**यशोभूमि/एजेंसी**

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी देखने को मिला। इस सप्ताह प्रमुख घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स लगभग 6 प्रतिशत तक गिर गए, जिससे बाजार में लगातार बिकवाली का माहौल



### आखिरी दिन 2.06 प्रतिशत तक टूटा निफ्टी

बना रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी में 5.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और आखिरी कारोबारी दिन यह 2.06 प्रतिशत टूटकर 23,151 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं सेंसेक्स 1,470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत गिरकर 74,564 पर बंद हुआ। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और ऊर्जा आयात करने वाले देशों के लिए बढ़ती आर्थिक चिंताओं के कारण बाजार में यह बड़ी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान निफ्टी ऑटो इंडेक्स में करीब 10 से 11 प्रतिशत की भारी गिरावट आई, जो मार्च 2020 के बाद इसका सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन माना जा रहा है। इस इंडेक्स के लगभग सभी शेयरों में तेज बिकवाली देखने को मिली। सेक्टर के हिसाब से देखें तो सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन बैंकिंग, मेटल और ऑटो सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। इस तेज गिरावट के कारण एक ही कारोबारी सत्र (शुक्रवार) में निवेशकों के करीब 10 लाख करोड़ रुपए डूब गए। वहीं व्यापक बाजार सूचकांकों में भी गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 4.59 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 3.66 प्रतिशत गिर गया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, निफ्टी के लिए इमीडिएट सपोर्ट स्तर 23,000 के आसपास है, जबकि 23,300 और 23,500 के स्तर पर रेजिस्टेंस देखने को मिल सकता है।

### मांग के पैटर्न में आ सकता है बदलाव

विश्लेषकों का कहना है कि एलएनजी और एलपीजी की संभावित कमी से उत्पादन प्रभावित होने का खतरा बढ़ सकता है, जबकि सीएनजी की उपलब्धता पर दबाव पड़ने से उपभोक्ताओं की मांग के पैटर्न में बदलाव आ सकता है, खासकर उन शहरी इलाकों में जहां सीएनजी वाहन ज्यादा इस्तेमाल होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें महंगाई के जोखिम को बढ़ाती हैं और इससे रुपए पर भी दबाव पड़ता है, जिससे निवेशकों की धारणा कमजोर होती है। इसी बीच भारतीय रुपया लगातार दूसरे सप्ताह कमजोर रहा और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.45 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

## आरबीआई ने लगाया 2.70 लाख का जुर्माना

**यशोभूमि/एजेंसी**

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी मनापुरम फाइनेंस पर 2.70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कुछ नियामकीय नियमों का पालन न करने की कमियों के लिए ये कार्रवाई की है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि निर्देशों का पालन न करने और उससे जुड़े पत्राचार की जांच के नतीजों के आधार पर कंपनी को एक नोटिस जारी किया गया था।




नोटिस में कंपनी से पूछा गया कि उसने निर्देशों का पालन क्यों नहीं किया और इस असफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। नोटिस पर कंपनी के जवाब और मौखिक दलीलों पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने पाया कि मनापुरम फाइनेंस ने कुछ प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों को पूरा वेरिएबल वेतन बिना किसी देरी के पहले ही दे दिया था। आरबीआई ने कहा कि यह जुर्माना नियामकीय नियमों के पालन में कमियों के आधार पर लगाया गया है।

# आईपीओ की आसानी के लिए नियमों में किया गया बदलाव

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने बड़ी कंपनियों के आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग) को आसान बनाने के लिए न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत बड़ी कंपनियां अब आईपीओ के समय कम हिस्सेदारी जनता को ऑफर कर सकेंगी और बाद में

### जनता को मिलेगी कम हिस्सेदारी

चरणबद्ध तरीके से इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ा सकेंगी। यह संशोधन कंपनी की आईपीओ के बाद की पूंजी (पोस्ट-इश्यू कैपिटल) और शेयर के मूल्य के आधार पर न्यूनतम पब्लिक ऑफर को तय करता है।

नए नियमों के अनुसार, जिन कंपनियों की पोस्ट-इश्यू पूंजी 1,600 करोड़ रुपए से ज्यादा और 4,000 करोड़ रुपए तक है, उन्हें कम से कम 400 करोड़ रुपए के शेयर जनता को ऑफर करने होंगे। वहीं 4,000 करोड़ रुपए से ज्यादा और 50,000 करोड़ रुपए तक की पूंजी वाली कंपनियों को लिस्टिंग के समय कम से कम 10 प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे और तीन साल




के भीतर इसे बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना होगा, जैसा कि सेबी द्वारा तय किया जाएगा। इसके अलावा 50,000 करोड़ रुपए से 1 लाख करोड़ रुपए तक की पूंजी वाली कंपनियों को कम से कम 1,000 करोड़ रुपए के शेयर जनता को ऑफर करने होंगे, और हर वर्ग के शेयरों में कम से कम 8 प्रतिशत हिस्सेदारी पब्लिक के पास होनी चाहिए। जबकि, 1 लाख करोड़ रुपए से 5 लाख करोड़ रुपए तक की पूंजी वाली कंपनियों को कम से कम 6,250 करोड़ रुपए के शेयर ऑफर करने होंगे और लिस्टिंग के समय कम से कम 2.75 प्रतिशत पब्लिक शेयरहोल्डिंग बनाए रखनी होगी।

### जनता को देने होंगे 25% शेयर

नई व्यवस्था के तहत 1,600 करोड़ रुपए तक की पोस्ट-इश्यू पूंजी वाली कंपनियों के लिए पुराना नियम ही लागू रहेगा, यानी उन्हें कम से कम 25 प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे। सरकार ने यह बदलाव सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स (रेगुलेशन) संशोधन नियम, 2026 के तहत किया है, जिसे वित्त मंत्रालय ने सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स (रेगुलेशन) एक्ट, 1956 के अंतर्गत जारी किया है। नए नियमों के अनुसार, किसी भी कंपनी को कम से कम 2.5 प्रतिशत इक्विटी या कन्वर्टिबल सिक्योरिटीज जनता को ऑफर करना अनिवार्य होगा, चाहे कंपनी का आकार कुछ भी हो। साथ ही, यदि लिस्टिंग के समय पब्लिक शेयरहोल्डिंग 15 प्रतिशत से कम होती है, तो कंपनी को पांच साल के भीतर इसे कम से कम 15 प्रतिशत और 10 साल के भीतर 25 प्रतिशत तक बढ़ाना होगा।

## ‘उद्योग’ की परिभाषा पर सुनवाई करेगी नौ न्यायाधीशों की पीठ

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ 17 मार्च से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर सुनवाई शुरू करने वाली है। न्यायालय की 17 मार्च की कार्यसूची के अनुसार, इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ करेगी। इस पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भूयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल हैं। इससे पहले 16 फरवरी को न्यायालय ने उन व्यापक मुद्दों को तैयार किया था, जिन पर इस पीठ को निर्णय लेना है। देश की सर्वोच्च न्यायालय को विचार करना है कि क्या 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड मामले में न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर द्वारा 'उद्योग' को परिभाषित करने के लिए तय किए गए मानक सही हैं? साथ ही, पीठ यह भी देखेगी कि औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1982 और औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (जो 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी है) का मूल अधिनियम में 'उद्योग' शब्द की व्याख्या पर क्या कानूनी प्रभाव पड़ता है।



# बाजार में उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं : सेबी

### धैर्य रखें रिटेल निवेशक

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) के चेयरमैन ने शनिवार को कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत के पूंजी बाजार लगातार मजबूत और व्यापक होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में बोलते हुए सेबी प्रमुख ने रिटेल निवेशकों को सलाह दी कि वे बाजार के अल्पकालिक उतार-चढ़ाव पर जल्दबाजी में प्रतिक्रिया न दें। उन्होंने कहा, रिटेल निवेशकों के लिए सबसे बेहतर रणनीति धैर्य बनाए रखना है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐतिहासिक रूप से, बड़े वैश्विक संकटों के बाद बाजार में फिर से सुधार देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि भारत के पूंजी बाजार आकार, विविधता और मजबूती के मामले में तेजी से बढ़ रहे हैं।

### तेजी से बढ़ रहे हैं मामले




सेबी प्रमुख ने कहा, हमारे बाजार लगातार गहरे और विविध हो रहे हैं और उनकी मजबूती भी बढ़ रही है, लेकिन जैसे-जैसे बाजार का आकार और जटिलता बढ़ती है, वैसे-वैसे वे वैश्विक घटनाओं से भी अधिक प्रभावित होने लगते हैं। वैश्विक बाजारों में अस्थिरता को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, तकनीकी बदलाव और ऊर्जा संकट अनिश्चितता में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, भू-राजनीतिक तनाव आर्थिक संबंधों को आकार दे रहे हैं। मध्य पूर्व में संघर्ष ने ऊर्जा आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है, जिसका प्रभाव वैश्विक पूंजी बाजारों पर भी पड़ा है।

आज के वित्तीय बाजारों की एक खासियत यह है कि उनमें अस्थिरता ज्यादा देखने को मिलती है, क्योंकि जानकारी और खबरें तेजी से पूरी दुनिया में फैलती हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि ऐसे दौर स्थाई नहीं होते। उन्होंने कहा, एक बात स्पष्ट है कि अत्यधिक अस्थिरता के दौर हमेशा के लिए नहीं रहते। वैश्विक बाजारों में हो रहे संरचनात्मक बदलावों का जिक्र करते हुए सेबी चीफ ने कहा कि आर्थिक विभाजन, बदलते व्यापार मार्ग और तकनीक की बढ़ती भूमिका बाजारों को तेजी से बदल रही है।

### भागीदारी के लिए तकनीकी नवाचार जरूरी

नीति निर्माताओं के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि बाजार की तेजी के साथ उसकी स्थिरता भी बनी रहे। आगे की दिशा पर बात करते हुए सेबी प्रमुख ने कहा कि भारत के आर्थिक विकास के अगले चरण के लिए मजबूत बॉन्ड बाजार, संस्थागत निवेशकों की ज्यादा भागीदारी और तकनीकी नवाचार जरूरी होंगे।

## एनएमडीसी ने किया पांच करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने शनिवार को कहा कि वह एक ही वित्त वर्ष में पांच करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली खनन कंपनी बन गई है। एनएमडीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमिताव मुखर्जी ने कहा कि भारत 2030 तक अपनी इस्पात उत्पादन क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में लौह अयस्क की स्थिर और विश्वसनीय घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करना एक रणनीतिक प्राथमिकता बन गई है। लौह अयस्क इस्पात निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कच्चा माल है। कंपनी ने एक बयान में कहा, एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पहले ही एक वित्त वर्ष में पांच करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन कर इतिहास बनाया है।



ऐसा करने वाली वह देश की पहली खनन कंपनी है। कंपनी ने कहा कि वह कर्नाटक और छत्तीसगढ़ क्षेत्रों में स्थित अपनी खदानों से लौह अयस्क की आपूर्ति के जरिए सरकार के 30 करोड़ टन इस्पात उत्पादन के लक्ष्य में योगदान देना जारी रखेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लूट के मामलों में वांछित युवक गिरफ्तार

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने लूट और गोलीबारी के कई मामलों में वांछित 22 वर्षीय एक कथित अपराधी को गिरफ्तार किया तथा उसके पास से एक अवैध पिस्तौल बरामद की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जहांगीर पुरी निवासी ध्रुव उर्फ राज उर्फ तूफान को उत्तरी दिल्ली के भलस्वा डेरी इलाके से गिरफ्तार किया गया। वह अलग-अलग थानों में दर्ज लूट और गोलीबारी के चार मामलों में वांछित था। यह गिरफ्तारी 13 मार्च को मिली एक सूचना के बाद की गई, जिसमें बताया गया था।

### कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में शुरू हुई छापेमारी

पृष्ठ 1 का शेष... गेल ने शहरी गैस परिचालकों से वाणिज्यिक ग्राहकों को पीएनजी कनेक्शन देने को कहा है। इसके अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में उद्योगों और होटलों को एक महीने के लिए वैकल्पिक ईंधन के रूप में बायोमास के उपयोग की अनुमति दी है। कालाबाजारी पर लगाम लगाने के लिए उत्तर प्रदेश में 1,400 स्थानों पर छापेमारी कर 20 एफआईआर दर्ज की गई हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी औचक निरीक्षण किए गए हैं।

### नहीं रख सकते सिलेंडर

अगर आपके घर में पाइप वाला पीएनजी गैस कनेक्शन है तो आप एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं रख सकेंगे। साथ ही, ऐसे उपभोक्ताओं के लिए सिलेंडर को भरवाने पर रोक लगा दी गई है। भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को एक अहम फैसला लेते हुए संशोधित आपूर्ति आदेश जारी किया है। मंत्रालय ने बयान में कहा है कि इस संशोधन के तहत सरकारी तेल कंपनियों को भी ऐसे उपभोक्ताओं को एलपीजी कनेक्शन या रिफिल देने से मना किया गया है, जिनके पास पहले से ही पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन मौजूद है।

# यूपी : भर्ती परीक्षा में पूछे गए सवाल को लेकर विवाद

पृष्ठ 1 का शेष... सदाचारी। प्रश्न के विकल्पों में ‘पंडित’ शब्द शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई गई है, जिसके बाद राज्य सरकार ने मामले का संज्ञान लेते हुए इस संबंध में जांच के निर्देश दिए हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मामले पर दी कड़ी प्रतिक्रिया

ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रश्न में दिए गए विकल्पों पर सरकार को गंभीर आपत्ति है और इसे संज्ञान में लिया गया है। पाठक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रश्न को लेकर जो विकल्प दिए गए उन पर हमें कड़ी आपत्ति है। सरकार ने गंभीरता से इस मामले को संज्ञान में लिया है।

किसी भी प्रश्न से किसी समाज या वर्ग की गरिमा को ठेस पहुंचती है तो यह बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। प्रश्नपत्र में यह प्रश्न पूछा गया कि अवसर के अनुसार बदल जाने वालों के लिए एक शब्द में उत्तर दें और इसके लिए चार विकल्प दिए गये। विकल्प में एक-पंडित, दो-अवसरवादी, तीन-निष्कपट और चार-सदाचारी चुनने का मौका दिया गया। इस पर ‘पंडित’ विकल्प को लेकर सत्ताधारी भाजपा के भीतर से ही आपत्तियां उठने लगी हैं। शनिवार, 14 मार्च को यह परीक्षा आयोजित की गई। ब्राह्मण समुदाय से संबंध रखने वाले भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के सचिव अभिजात मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रश्न पर आपत्ति जताई है और प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में मिश्रा ने कहा कि प्रश्न गलत तरीके से तैयार किया गया और असंवेदनशील प्रतीत होता है।



### अवसरवादी है सही अर्थ

मिश्रा ने कहा, अवसर के अनुसार रूप बदलने वाले व्यक्ति का सही अर्थ अवसरवादी है, लेकिन विकल्पों में पंडित को शामिल करना एक विशेष समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। पंडित शब्द ज्ञान और धार्मिक सम्मान से जुड़ा है। इसे अवसरवादिता से जोड़ना अनुचित, असंवेदनशील और जानबूझकर किया गया प्रतीत होता है। भाजपा सचिव मिश्रा ने कहा, यह न केवल परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है, बल्कि सरकार की छवि को धूमिल करने, जातीय तनाव पैदा करने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास भी लगता है।

# मोदी की रैली से पहले टीएमसी और बीजेपी समर्थकों में हुई झड़प

**यशोभूमि/भाषा**

**कोलकाता।** मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से करीब आधा घंटा पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक पुलिस अधिकारी और भाजपा के एक नेता

### मंत्री के घर पर किया पथराव

घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। झड़प के बीच, यह आरोप भी सामने आया कि गिरीश पार्क इलाके में पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा के आवास पर पथराव किया गया। यह झड़प रैली स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर उस समय हुई जब भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए ब्रिगेड परेड मैदान की ओर जा रहे थे। यह रैली विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा' के समापन का प्रतीक है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के समर्थकों ने कथित तौर पर एक-दूसरे पर पत्थर फेंके और नारे लगाए, जिससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास में बोबाजार पुलिस थाना प्रभारी बप्पादित्य नस्कर भी घायल हो गए।




### तनाव बढ़ने पर बंद हुई दुकानें

बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और झड़प करने वाले समूहों को तितर-बितर करके स्थिति को नियंत्रण में किया। इलाके में तनाव बढ़ने के बाद कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। ये झड़प ब्रिगेड परेड मैदान में मोदी की रैली से ठीक पहले हुई। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि झड़पें राज्य में तीव्र राजनीतिक ध्रुवीकरण को रेखांकित करती हैं, क्योंकि भाजपा और टीएमसी दोनों ही चुनाव से पहले अपने आधार को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं।

# दो मिनट की देरी, दो घंटे धूप में खड़ा होने की सजा

**यशोभूमि/भाषा**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में देर से आने पर पहली कक्षा के छात्र को सजा के तौर पर दो घंटे तक तेज धूप में खड़ा रखने के आरोप में एक निजी विद्यालय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

### प्रधानाचार्य ने की माता-पिता के साथ बदतमीजी

कराई गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना यहां येलहंका अट्टूर लेआउट के एक स्कूल में हुई। पुलिस के मुताबिक, बच्चे के माता-पिता ने आरोप लगाया कि कक्षा में दो मिनट देर से आने पर स्कूल के अधिकारियों ने छात्र को सजा के तौर पर दो घंटे तक धूप में खड़ा रखा। माता-पिता के अनुसार जब उन्होंने इस घटना के बारे में प्रधानाचार्य से सवाल किया तो उन्होंने बदतमीजी की। उन्होंने विद्यालय के कर्मचारियों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए स्कूल प्रशासन से सफाई मांगी। बेंगलुरु सिटी पुलिस ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस घटना की जानकारी सामने आने के बाद जवाब दिया कि बच्चों को



शारीरिक या मानसिक तकलीफ देना दंडनीय अपराध है। पुलिस ने पोस्ट में कहा, हमने किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत घटना को गंभीरता से लिया है, जिसमें एक बच्चे को देर से आने की सजा के तौर पर दो घंटे तक धूप में खड़ा रखा गया।

# मानसिक सुकून पाने के लिए घर से निकली महिला

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के देशबंधु गुप्ता रोड इलाके में एक

### पुलिस ने खोजकर परिवार को लौटाया

महिला मानसिक सुकून और शांति पाने के लिए घर से निकल गई। उसने बैग में कपड़े पैक किए और बिना किसी को बताए घर छोड़ दिया। परेशान पति ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि महिला बस में सवार होकर जम्मू एवं कश्मीर की बस में बैठी है। टीम को फौरन कटरा भेजा गया। वहां पर महिला को माता वैष्णो देवी मंदिर के पास ट्रैक कर लिया गया। बाद में महज 39 घंटे में पुलिस ने महिला को ढूंढ़ निकाला। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महिला को परिवार के हवाले कर दिया गया। महिला ने खुलासा किया है कि वह मानसिक व पारिवारिक परेशानियों से दिक्कत में थी। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि एक व्यक्ति ने देशबंधु गुप्ता रोड थाने में आकर पत्नी के गायब होने की शिकायत दी थी। उसने बताया कि पत्नी को उसने काफी तलाश किया, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। पुलिस ने छानबीन के बाद फौरन गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस के अलावा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इस बीच पता चला कि महिला जम्मू एवं कश्मीर की बस में सवार हुई है। उसी दिन पुलिस ने एक टीम को जम्मू के लिए रवाना कर दिया। टीम कटरा पहुंची।




### एक महीने पहले से की थी तैयारी

पुलिस की टीम ने महिला को वैष्णो देवी क्षेत्र के पास सुरक्षित ढूंढ़ लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लंबे समय से मानसिक तनाव और भावनात्मक परेशानी से गुजर रही थी। शांति और सुकून पाने के लिए वह किसी शांत स्थान पर कुछ समय बिताना चाहती थी। इसी कारण उसने लगभग एक महीने पहले से ही इसकी तैयारी कर रखी थी और घर से निकल गई।

## धर्म विरोधी तत्वों को दिखाना होगा बाहर का रास्ता : योगी

पृष्ठ 1 का शेष... संबोधित किया। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के बाद दशकों तक सरकारों को वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति से फुर्सत नहीं थी, जिसके कारण राम मंदिर जैसे आस्था के केंद्रों की उपेक्षा हुई। योगी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल अयोध्या में भव्य मंदिर बना है, बल्कि काशी, महाकाल और केदारनाथ धाम का भी कायाकल्प हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं पर उठ रहे सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल अपनी हार का ठीकरा न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग पर फोड़ते हैं, जो उनकी हताशा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ‘कड़वा-कड़वा थू और मीठा-मीठा गप’ की नीति अब नहीं चलेगी। वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया युद्ध और आर्थिक संकट से त्रस्त है, लेकिन भारत 145 करोड़ देशवासियों के भरोसे और किसानों के पुरुषार्थ से विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम में शेरनाथ महाराज को पीर की पदवी दी गई, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**गाडी चाहिए**

रात के समय में समाचार-पत्रों के परिवहन के लिए किराये आधार पर निचे दिए मार्ग **इको** गाडी चाहिए.

शिरवणे (नेरूल)-कटईनाका-बदलापूर-अंबरनाथ-उल्हासनगर-नेवाली नाका

अत: इच्छुक निचे दिये गये मोबाइल पर सुबह ११ से शाम ५ बजे तक संपर्क करें.

मो. नं. 9702476138 / 9702476153

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध सिलेंडर पर प्रशासन की कार्रवाई

यशोभूमि/एजेंसी

**बलौदाबाजार।** जिले में अवैध एलपीजी गैस सिलेंडर के जमाखोरी व कालाबाजारी के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को एसडीएम सिमगा के नेतृत्व में सिमगा में जांच अभियान चलाया गया, जिसमें गोदाम से 23 अवैध खाली सिलेंडर जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जांच में सिमगा के व्यापारी योगेश ताम्रकार के गोदाम से 23 नग अवैध खाली सिलेंडर को जब्त कर गैस एजेंसी को सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही सिमगा स्थित मां बमलेश्वरी गैस एजेंसी एवं अमृत बर्तन भंडार की भी जांच की गई। इस दौरान तहसीलदार सिमगा, खाद्य निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ट्रक से कुचलकर बच्ची की दर्दनाक मौत

यशोभूमि/भाषा

**मंडला।** मंडला में एक तेज रफ्तार ट्रक ने ढाई साल की बच्ची को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम बम्होरी के कोतवाली थानांतर्गत हुई। मंडला कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका श्रृष्टि यादव अपने एक बच्चे को गोद में लेकर और अपनी ढाई साल की बेटी आकृति यादव का हाथ पकड़कर दोपहर को घर जा रही थी। उन्होंने कहा कि इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने बच्ची को बुरी तरह से कुचल दिया। खान ने हादसे को बेहद दर्दनाक बताते हुए कहा कि मां ने रोते-बिलखते हुए शरीर के क्षत-विक्षत टुकड़े समेटकर पॉलीथिन में रखे।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

यशोभूमि/एजेंसी

**राजगढ़।** जिले में कुरावर थाना क्षेत्र के ग्राम झाड़ला में रहने वाली 22 वर्षीय महिला ने शनिवार दोहपर कमरे में कुंदे से साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया और रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच शुरु की। पुलिस के अनुसार ग्राम झाड़ला निवासी 22 वर्षीय सोनाबाई पत्नी सुनील कुमार दांगी ने कमरे में कुंदे से साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है कि 2021 में सोनाबाई का विवाह झाड़ला के सुनील दांगी से हुआ था, जिससे उसका सात माह का एक बालक है, बच्चे के रोने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ। इसके बाद पति सुनील बच्चे को लेकर दुकान की तरफ पर चला गया। इसी दौरान महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### मुरैना में ट्रक की टक्कर से युवक की हुई मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**मुरैना।** मुरैना जिले के पहाड़गढ़ क्षेत्र में शनिवार को दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। तेज रफ्तार ट्रक ने पहले एक बकरी को कुचल दिया, इसके बाद उसे रोकने की कोशिश कर रहे चरवाहे को भी टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक का पैर ट्रक के टायर में फंस गया और चालक करीब 25 किलोमीटर तक ट्रक दौड़ाता रहा। इस दौरान युवक ट्रक के नीचे घिसटता रहा, जिससे उसका सिर कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पहाड़गढ़ थाना क्षेत्र के सोनू धोबी (25) पुत्र चटई धोबी के रूप में हुई है। वह शनिवार सुबह करीब 10 बजे सड़क किनारे बकरियां चरा रहा था।

### थ्रेशर की चपेट में आने से किसान की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**आगरमालवा।** जिले के सुसनेर तहसील क्षेत्र में शनिवार को खेत पर काम के दौरान एक किसान की थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार सुसनेर तहसील के ग्राम पिपलियाचाचा निवासी किसान मांगीलाल (56) शनिवार को अपने खेत में थ्रेशर मशीन से गेहूं निकालने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह मशीन की चपेट में आ गए। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर की निकाली अर्थी

यशोभूमि/एजेंसी

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर में रसोई गैस की भारी किल्लत अब एक बड़ा जन-आंदोलन का रूप लेती जा रही है। शनिवार को शहर के गांधी पार्क में उस वक्त अफरा-तफरी और कौतूहल

**ट्रम्प के पोस्टर के साथ चूल्हे पर बनाई चाय**

**अफरा-तफरी और कौतूहल का बन गया माहौल**

का माहौल बन गया, जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर की अर्थी निकाली और बीच सड़क पर चूल्हा फूंककर चाय बनाई। ट्रम्प के पोस्टर्स और अर्थी का कनेक्शन इस प्रदर्शन में सबसे चौंकाने वाला तत्व डोनाल्ड ट्रम्प के पोस्टर रहे। युवा कार्यकर्ताओं ने ट्रम्प की तस्वीरें हाथों में थाम रखी थीं। दरअसल, कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार की अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीतियों और विदेशी दबाव के चलते देश में ऊर्जा






संकट गहराया है। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि सरकार विदेशी हितों को साधने में व्यस्त है, जबकि स्थानीय जनता चूल्हे के धुएं में वापस लौटने को मजबूर है। महिला कांग्रेस ने गांधी पार्क चौराहे पर ईंटों का अस्थाई चूल्हा बनाया और कार्यकर्ताओं को चाय पिलाई, जो गैस की अनुपलब्धता का प्रतीकात्मक विरोध था। वहीं जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह पूरे समय गले में नारों की तख्ती लटकाए और सिर पर लोहे का चूल्हा रखे हुए नजर आए, जो शहर में चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान गैस सिलेंडर को फूलों से सजाकर उसकी अर्थी निकाली गई, जिसे स्टेशन रोड और तुलसी पार्क जैसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों से गुजारा गया।

**आम जनता का दर्द**

प्रदर्शन के दौरान गांधी पार्क पर मौजूद कुछ स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी व्यथा सुनाई। लोगों का कहना है कि गैस की कालाबाजारी चरम पर है और एजेंसियां स्टॉक न होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रही हैं। होटल और ढाबा संचालकों के सामने भी रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

**विधायक ने प्रशासन और सरकार को लिया आड़े हाथों**

विधायक हरीबाबू राय का कड़ा रुखसभा को संबोधित करते हुए विधायक हरीबाबू राय ने प्रशासन और सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने की माताएं-बहनें सुबह 4 बजे से गैस एजेंसियों के बाहर कतार में खड़ी हैं, लेकिन शाम को उन्हें खाली सिलेंडर लेकर ही लौटना पड़ता है।

# नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक सामग्री बरामद

यशोभूमि/एजेंसी

**सुकमा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को सूचना मिली कि ग्राम गोमगुड़ा के पोडियमपारा क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा सामग्री छिपाकर रखी गई है। तलाशी के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए कई सामान और विस्फोटक सामग्री

**नक्सल विरोधी अभियान में आ रही है तेजी**

बरामद की गई। बरामद सामग्री को सुरक्षित रूप से जब्त कर लिया गया है। विदित हो कि जैसे-जैसे 31 मार्च की तयसमय सीमा करीब आती जा रही है, वैसे-वैसे अंदरूनी इलाकों में नक्सल विरोधी अभियान में और तेजी आती जा रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए 226 बटालियन सीआरपीएफ की सी कंपनी द्वारा 14 मार्च को सुबह 5:50 बजे एक विशेष एंबुश ऑपरेशन संचालित किया गया। जवानों ने एफओबी गोमगुड़ा से लगभग 1 किलोमीटर पश्चिम दिशा में स्थित पोडियमपारा क्षेत्र में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान नक्सली डंप साइट का पता चला। इसके बाद पूरे क्षेत्र को तुरंत घेराबंदी कर के9 और बीडीडी स्क्वॉड की मदद से गहन तलाशी ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए बरामद वस्तुओं में- काला तिरपाल प्लास्टिक 1 नग लगभग 3.3 मीटर, अमोनियम नाइट्रेट 18 किग्रा, छाता 1 नग, पुराना स्टील टिफिन बॉक्स 1 नग, न्यू सील मिल्क डोलू 1 नग आदि शामिल हैं।



**जवानों की सतर्कता और साहस की सराहना**

सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी बीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधियों को बड़ा झटका लगा है, 226 बटालियन सीआरपीएफ लगातार क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए निरंतर अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सुरक्षाबल पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत हैं। उन्होंने जवानों की सतर्कता और साहस की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के अभियान जारी रहेंगे।

## मैहर में नवरात्र की तैयारियां तेज

यशोभूमि/एजेंसी

**मैहर।** आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर

**शारदा मंदिर में व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा**



मैहर स्थित मां शारदा मंदिर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुचारू दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शारदा मंदिर प्रबंधक समिति के सदस्य सचिन मिश्रा ने शनिवार को मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, दर्शन मार्ग तथा श्रद्धालुओं के लिए की जा रही अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारियों और व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां शारदा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं,इसलिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और सुचारू रहनी चाहिए।

## भोपाल में गैंगवार, हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के घर फायरिंग में बेटा घायल

यशोभूमि/एजेंसी

**भोपाल।** भोपाल में शनिवार तड़के गैंगवार का सनसनीखेज मामला सामने आया। अशोका गार्डन के शंकर गार्डन इलाके में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के

**हमीदिया अस्पताल में भी चली गोलियां**

घर पर करीब 8 से 10 बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में लल्लू रईस के बेटे इमरान के पैर में गोली लग गई। घायल इमरान को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बदमाश वहां भी पहुंच गए और इमरजेंसी गेट के



पास फायरिंग कर दी। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार सुबह करीब 5:45 बजे की बताई जा रही है। हमलावर शादाब गेट गिरोह से जुड़े बताए जा रहे हैं, जो इमरान का पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंच गए थे। घर के बाहर पहुंचते ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जान बचाने के लिए इमरान तुरंत घर के अंदर घुस गया और गेट बंद कर लिया, लेकिन इसी दौरान चली एक गोली उसके पैर में लग गई। इमरान को परिजन तुरंत हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां भी बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस दौरान चली गोलियां अस्पताल की खिड़कियों और दीवारों पर जा लगीं, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके से कारतूस के खाली खोखे भी मिले हैं। हालांकि इस फायरिंग में किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है।

## मच्छर भगाने की अगरबत्ती से टाटा सुमो में लगी आग

यशोभूमि/एजेंसी

**जबलपुर।** जबलपुर में सिहोरा के वार्ड नंबर-3 में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। यहां मच्छर भगाने के लिए टाटा सुमो के अंदर अगरबत्ती जलाकर सो रहे एक व्यक्ति की गाड़ी अचानक आग की लपटों में घिर गई। व्यक्ति अंदर ही फंस गया और बुरी तरह झुलस कर जिंदा जल गया। आग ने पास की एक दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया, जो देखते ही देखते पूरी तरह जलकर खाक हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक कई सालों से इलाके में खड़ी पुरानी टाटा सूमो में रह रहा था। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया गया है और अक्सर गाड़ी के पास ही खाना बनाता और उसी में सोता था। गाड़ी के अंदर बड़ी मात्रा में कूड़ा-कचरा और पन्नियां जमा होने के कारण अगरबत्ती से आग फैल गई और व्यक्ति बाहर नहीं निकल पाया। आसपास के लोगों ने धुआं और आग की लपटें देखकर तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया।

**एक व्यक्ति की झुलसकर हो गई मौत**

## सिंगरौली: अडाणी पावर प्लांट में मजदूर की मौत

यशोभूमि/एजेंसी

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र स्थित बधौरा के अडाणी पावर प्लांट में शनिवार

**आक्रोशित मजदूरों ने की आगजनी और तोड़फोड़**

सुबह उस समय बड़ा हंगामा खड़ा हो गया, जब एक मजदूर की मौत के बाद साथी मजदूर भड़क उठे। आक्रोशित मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए कई गाड़ियों में आग लगा दी और कुछ वाहनों को पलट दिया। आगजनी इतनी भीषण थी कि दूर से ही काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि प्लांट में कार्यरत झारखंड के गढ़वा जिला निवासी मजदूर लल्लन सिंह लंबे समय से इसी प्लांट में काम कर रहा था। शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई। यह बताया जा रहा कि ये अफवाह फैली कि मजदूर लल्लन की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हुई है और प्रबंधन ने कुछ समय तक शव छिपाने की कोशिश की जबकि कंपनी प्रबंधन और जिला प्रशासन का दावा है कि मजदूर की मौत देर रात हार्ट अटैक से हुई। शनिवार सुबह मजदूर की मौत की खबर फैलते ही प्लांट में काम कर रहे श्रमिकों में आक्रोश फैल गया।



**जिलाधिकारी कर रहे घटना की निष्पक्ष जांच**

सिंगरौली कलेक्टर गौरव बेनाल का कहना है कि पावर प्लांट के अंदर मजदूर घटना की निष्पक्ष जांच और साथी मजदूर की मौत का कारण स्पष्ट करने की मांग कर रहे थे। इस पर प्रशासन ने उन्हें भरोसा दिया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच होगी। कोई भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। अगर प्रबंधन की तरफ से कोई लापरवाही हुई है तो उसकी भी जांच होगी।

## मृतक के परिजनों ने सड़क पर अर्थी रखकर किया चक्काजाम

यशोभमि/एजेंसी

**बीना।** सागर जिले के बीना में खुरई ओवरब्रिज पर शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में हुई एक व्यक्ति की मौत के बाद आक्रोशित

**चालक पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग**

परिजनों और जैन समाज के लोगों ने शनिवार को सर्वोदय चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने दुर्घटना में मृत गुलाब चंद जैन की अर्थी चौराहे पर रखकर विरोध जताया और कार चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग



की। इस दौरान शहर में कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार, देर रात खुरई ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार कार ने टहल रहे दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में गुलाब चंद जैन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। घटना के विरोध में शनिवार सुबह जैन समाज और परिजन मृतक की अर्थी लेकर सर्वोदय चौराहे पहुंचे और सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया।

## शिवपुरी: कपड़ा व्यापारी के मकान में लगी भीषण आग

यशोभूमि/एजेंसी

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के करैरा कस्बे में नए बस स्टैंड क्षेत्र स्थित एक कपड़ा व्यापारी के मकान में भीषण आग लगने से पूरा घर जलकर खाक हो गया। पुलिस की

**पुलिस ने सो रहे परिवार को सुरक्षित निकाला**

सतर्कता और स्थानीय लोगों की मदद से मकान में सो रहे परिवार के सभी सदस्यों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, करैरा नगर के नए बस स्टैंड स्थित कनकने वस्त्र भंडार के मकान में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी देर रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया और घर में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के समय सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान अपनी पुलिस टीम के साथ नगर में रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान उन्होंने मकान से आग की लपटें उठती देखीं और तुरंत करैरा थाना प्रभारी विनोद सिंह छावई को सूचना दी।

## मध्य प्रदेश में एलपीजी का संकट गहराया

यशोभूमि/एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में रसोई गैस (एलपीजी) का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पिछले पांच दिनों से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित होने से प्रदेशभर के करीब

**50 हजार होटल-रेस्टोरेंट पर ताला लगने की नौबत**

50 हजार होटल और रेस्टोरेंट बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं।

राजधानी भोपाल से लेकर छिंदवाड़ा, इंदौर और ग्वालियर तक गैस के लिए मारामारी मची है। कहीं गैस गोदामों पर लंबी कतारें लग रही हैं, तो कहीं पुलिस की निगरानी में सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। कई जगहों



पर होटल और फूड आउटलेट्स लकड़ी, कोयले या डीजल भट्टियों का सहारा लेकर खाना बना रहे हैं। गैस सिलेंडर लेने के लिए विभिन्न स्थानों पर लंबी-लंबी कतारों के साथ प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि प्रदेश के महानगरों और अन्य जिलों में बंद होने की कगार पर पहुंचने वाले होटल और रेस्टोरेंटों की संख्या की बात करें तो यह 50 हजार के पार पहुंच चुकी है। राजधानी भोपाल के गांधी मेडिकल कालेज में भी गैस संकट का असर दिखने लगा है। कॉलेज परिसर के 16 हॉस्टल मेस, जेडीए कैंटीन और मरीजों के सेंट्रलाइज्ड किचन में गैस का स्टॉक केवल दो दिन का बचा है।

## नरसिंहपुर: पुलिस ने किया म्यूल अकाउंट गिरोह का भंडाफोड़

यशोभूमि/एजेंसी

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने म्यूल अकाउंट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जिले में पिछले कुछ समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग आम नागरिकों को लालच देकर उनके बैंक खाते, पासबुक और एटीएम कार्ड का इस्तेमाल अवैध लेन-देन के लिए कर रहे हैं। इन खातों का उपयोग ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म, साइबर फ्रॉड और सेक्सटॉर्शन जैसे अपराधों से प्राप्त धन को इधर-उधर ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डा. ऋषिकेश मीना ने विशेष जांच टीम का गठन



किया। टीम को तकनीकी माध्यमों से संदिग्ध बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और ऑनलाइन लेन-देन की जानकारी जुटाकर विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए गए थे।

## रायपुर :खाद्य विभाग ने छापेमारी कर 741 गैस सिलेंडर किए जब्त

यशोभूमि/एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रसोई गैस (एलपीजी) की जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए खाद्य विभाग और जिला प्रशासन की टीमों ने राज्यभर

**देश में घरेलू एलपीजी का है पर्याप्त भंडार**

में 102 स्थानों पर छापेमारी कर 741 गैस सिलेंडर जब्त किए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा इनकी उपलब्धता व वितरण की



लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव विकास शील ने 12 मार्च को खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले और तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इसके बाद 13 मार्च को राज्य स्तरीय नियंत्रण एवं निगरानी समिति का गठन किया गया।

**बुकिंग के लिए 25 दिन का अंतराल निर्धारित**

अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के कुल पांच एलपीजी बॉटलिंग प्लांट हैं, जहां पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा पूरी क्षमता के साथ कार्य किया जा रहा है। इन प्लांटों से राज्य के 540 एलपीजी वितरकों को नियमित रूप से रिफिल सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार है।

## सामाजिक सद्भाव बढ़ाने का माध्यम हैं सामूहिक विवाह

यशोभूमि/एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति के मूल में सामाजिकता है, सद्भाव है और इस सद्भाव को बढ़ाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन एक बड़ा ही मजबूत

**162 बेटियों का विवाह और 38 बेटियों का हुआ निकाह**

और कारगर माध्यम है। बेटियों के पाणिग्रहण संस्कार से बड़ा पुण्य का, कोई दूसरा काम हो ही नहीं सकता। मुख्यमंत्री डा. यादव शनिवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास से शुजालपुर (जिला शाजापुर) में हुए सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले बेटी के जन्म होने के साथ ही उसके परिवार को बेटी की शादी की चिंता सताती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के माध्यम



से मध्यप्रदेश सरकार बेटियों का कन्यादान और विदाई कर रही है। इस योजना से प्रदेश के गरीब-वंचित और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का घर बस रहा है। जन्म से लेकर पढ़ाई, नौकरी, मातृत्व और विवाह तक हमारी सरकार हर कदम पर बहनों-बेटियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मितव्ययिता बेहद जरूरी है। इसलिए शादी-ब्याह में होने वाले फिजूलखर्चों से हमेशा बचें। अपने बेटे-बेटियों का विवाह/निकाह सामान्य समारोह या सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही करें। इससे जो धन बचे, वह अपने बच्चों के बेहतर जीवन के लिए बचाकर रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों के सम्मान, इनके सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए सदैव ही प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। सम्मेलन में 200 बेटियों का सामूहिक विवाह/निकाह सम्पन्न हुआ। इसमें 162 बेटियों का विधि-विधान से विवाह और 38 बेटियों का कबूलियत निकाह कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नवविवाहित जोड़े को मंगलाशीष के तौर पर सरकार की ओर से गृहस्थी के लिए 49-49 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन वर-वधु को जन्म-जन्मांतर तक साथ देने की अमरता की बेला का उत्सव है।

## संक्षिप्त समाचार

### खेलते समय पानी के टब में डूबी मासूम

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रतापगढ़** । परिवार के लोगों के छत पर पापड़ बनाने के दौरान घर में खेल रही डेढ़ साल की बच्ची पानी भरे टब में डूब गई। गंभीर हालत में उसे प्रयागराज रेफर किया गया है। मानधाता थाना क्षेत्र के हैंसी जयचंद गांव निवासी संदीप कुमार के घर के लोग छत पर पापड़ बना रहे थे। उसकी डेढ़ साल की बेटी काव्या घर के भीतर खेल रही थी। इस दौरान वह पानी भरे टब में गिर गई। घर के लोगों की नजर पड़ी तो उसे बाहर निकाला, लेकिन उसकी हालत बिगड़ चुकी थी। परिजन उसे तुरंत मानधाता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से मेडिकल कॉलेज ले आया गया। यहां से प्रयागराज रेफर किया गया। प्रयागराज में उसकी हालत गंभीर बताई गई।

### रेलवे लाइन पर मिला अधेड़ का शव

**यशोभूमि / एजेंसी**

**कौशांबी** । कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गेरसा गांव के समीप रेलवे की डीएफसी लाइन पर एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। उसने खुदकुशी की या हादसे का शिकार हुआ अथवा हत्या कर शव ठिकाने लगाया गया, फिलहाल यह साफ नहीं है। मृतक की शिनाख्त भी नहीं हो सकी है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। रसूलपुर गेरसा के ग्रामीण गांव के बाहर रेलवे की डीएफसी लाइन की ओर गए तो देखा कि ट्रैक पर एक करीब 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा था। इसकी जानकारी होते ही मौके पर गांव वालों की भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने छानबीन की। तमाम कोशिशों के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

### छत से गिरकर महिला की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**सुल्तानपुर।** गत रात एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई। मामला संदिग्ध पाए जाने पर महिला के शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। चांदा कोतवाली क्षेत्र के शुकुल उमरी गांव की महिला कल्पना पत्नी रामबली धुरिया की गत रात छत से गिरने के बाद मौत हो गई। सुबह जब मृतक महिला कल्पना के मायके वाले निवासी राजा उमरी बेलाही थाना लंभुआ पहुंचे तो उन्हें मामला संदिग्ध लगा, जिसकी सूचना मायके वालों द्वारा चांदा कोतवाली को दी गई। सूचना पर पहुंची चांदा पुलिस सहित क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा अमित कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी गारवपुर शिव जन्म यादव ने जांच-पड़ताल की।

### हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास

**यशोभूमि / एजेंसी**

**आजमगढ़** । विवाहिता की हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने पति को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास तथा दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, वादी मुकदमा शिवमूरत निवासी मुड़ियार थाना फूलपुर की पुत्री प्रेमलता का विवाह वर्ष 2004 में अनिरुद्ध निवासी शाहमर्दानपुर थाना पवई के साथ हुआ था। विवाह के बाद अनिरुद्ध आए दिन शराब पीकर अपनी पत्नी प्रेमलता के साथ मारपीट करता था। अंततः अनिरुद्ध ने 19 सितंबर 2019 को दिन में दुपट्टे से गला दबाकर प्रेमलता की हत्या कर दी।

### ट्रक-कार की टक्कर में युवक की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर** । बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के फत्तूपुर गांव स्थित वाराणसी-लखनऊ फोरलेन हाइवे पर एक ट्रक के पीछे कार टकरा गई। इससे कार के चालक की मौत हो गई और उसका साथी घायल हो गया। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पाल्हामऊ गांव निवासी 27 वर्षीय सुनी देवल और उसका साथी जगदीश राय कार से लखनऊ गए थे। लखनऊ से वाराणसी वापस लौटे थे। भोर में फत्तूपुर गांव में ट्रक का चालक अचानक ब्रेक मार दिया। जिसके चलते पीछे से आ रही कार ट्रक से टकरा गई। घटना में कार सवार दोनों गंभीर गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सीएचसी ले गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर किए गए हैं कड़े इंतजाम

**यशोभूमि / एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पुलिस उपनिरीक्षक (दरोगा) और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए 14 और 15 मार्च को 75 जिलों में लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के पहले दिन शनिवार सुबह से ही केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की काफी भीड़ देखने को मिली। लखनऊ में भी इस परीक्षा को लेकर प्रशासन ने खास इंतजाम किए हैं। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी. ने बताया कि शहर में कुल 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां दो दिनों तक परीक्षा आयोजित होगी। इन दोनों दिनों में चार पालियों में कुल करीब 88 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए प्रशासन की ओर से सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि भर्ती बोर्ड के तय प्रोटोकॉल के मुताबिक हर परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और इनविजिलेटर की तैनाती की गई है। इसके साथ ही हर परीक्षा कक्ष की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और कंट्रोल रूम भी बनाए गए हैं। इन कंट्रोल रूम के जरिए लगातार परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। हर परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी या अव्यवस्था न हो सके। इसके अलावा, वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार विभिन्न केंद्रों का दौरा कर पूरी प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए हैं।

**प्रशासन की ओर से की गई हैं सभी व्यवस्थाएं**

**हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल व मजिस्ट्रेट तैनात**



**सभी एजेंसियां मिलकर कर रही हैं काम**

संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) बबलू कुमार ने बताया कि परीक्षा को नकलमुक्त और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए सभी एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिले की सभी पुलिस इकाइयों के साथ-साथ खुफिया एजेंसियां, स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) और एसटीएफ की टीमें भी पूरी तरह सक्रिय हैं। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से चल रही है। प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार मॉनिटरिंग कर रही हैं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और परीक्षा सकुशल संपन्न हो सके।

# दो ट्रकों की भीषण टक्कर में पहिए के नीचे आकर खलासी की हुई मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** चुनार थाना क्षेत्र के पिरल्लीपुर गांव के पास ओवरटेक करने की होड़ में दो ट्रक आपस में टकरा गए। हादसा इतना भीषण था कि एक ट्रक का खलासी नीचे गिर पड़ा और उसी ट्रक के पहिए के नीचे आकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद दोनों ट्रकों के चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। दुर्घटना के चलते कुछ देर तक सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा। पुलिस के अनुसार दो ट्रक वाराणसी की ओर जा रहे थे।

**घटना के बाद फरार हो गए दोनों चालक**

**कुछ देर तक सड़क पर आवागमन रहा प्रभावित**

दोनों चालक एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में तेज रफ्तार से वाहन चला रहे थे। इसी दौरान पिरल्लीपुर गांव स्थित पावर हाउस के पास सड़क किनारे पहले से एक खराब ट्रक खड़ा था। उसी स्थान पर पहुंचते ही ओवरटेक के दौरान दोनों ट्रक आपस में भिड़ गए। टक्कर लगते ही एक ट्रक में सवार 20 वर्षीय खलासी मनीष प्रजापति पुत्र योगेंद्र निवासी कजियारी थाना मांची जनपद सोनभद्र नीचे गिर गया और ट्रक की चपेट में आकर दब गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस**

पुलिस के अनुसार दो ट्रक वाराणसी की ओर जा रहे थे। दोनों चालक एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में तेज रफ्तार से वाहन चला रहे थे। इसी दौरान पावर हाउस के पास सड़क किनारे पहले से एक खराब ट्रक खड़ा था। उसी स्थान पर ओवरटेक के दौरान दोनों ट्रक आपस में भिड़ गए। टक्कर लगते ही एक ट्रक में सवार 20 वर्षीय खलासी मनीष प्रजापति पुत्र योगेंद्र निवासी कजियारी थाना मांची जनपद सोनभद्र नीचे गिर गया और ट्रक की चपेट में आकर दब गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खुद को आग लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुर गांव में गत शाम बाइक की चाबी न मिलने से क्षुब्ध युवक ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। गंभीर हालत में झुलसे युवक की उपचार की दौरान देर रात जिला अस्पताल मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, सिद्दीकपुर गांव निवासी स्व. राजकुमार गौतम का 20 वर्षीय पुत्र शिवशंकर उर्फ टेढू कहीं जाने के लिए बाइक की चाबी अपनी मां से मांग रहा था। जांच में पता चला कि उसकी मां ने चाबी नहीं दी। इसी से नाराज हो गया। इसे लेकर मां से कहासुनी करने के बाद शिव शंकर ने बाइक से पेट्रोल

**बाइक की चाबी न मिलने से था क्षुब्ध**



निकालकर अपने शरीर पर उड़ेलकर आग लगा ली। आग के गोले में तब्दील होकर झुलसने लगा।

उसकी मां की चीख-पुकार सुनकर जुटे आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई, लेकिन तब तक उसके शरीर का अधिकतर हिस्सा झुलस चुका था। ग्रामीणों की सहायता से उसे जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। रात में उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र पांडेय ने बताया कि चाबी न मिलने से नाराज होकर उसने पेड्रोल डालकर खुद को आग लगा ली।

# सेवानिवृत्त शिक्षक के घर और खेत से 40 किलो से अधिक अफीम बरामद

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** कछवा थाना क्षेत्र स्थित गोधना गांव में शनिवार को पुलिस और राजस्व टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक के घर और खेत में छापा मारा। यहां से टीम को 40 किलो से अधिक अवैध अफीम बरामद हुई। कछवा थानाध्यक्ष अमरजीत चौहान ने बताया कि गोधना गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक महेंद्र मास्टर अपने तीनों बेटों के साथ मिलकर अवैध रूप से अफीम की खेती और तस्करी का धंधा चला रहे थे। बाहरी तौर पर परिवार की छवि सामान्य व्यापारी की बनाई गई थी। लोगों को भ्रमित करने के लिए बेटों से कॉस्मेटिक, किराना और ब्यूटी पार्लर की दुकानें खुलवा रखी थीं, लेकिन इन दुकानों की आड़ में मादक पदार्थों का अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा था। इस सूचना के बाद पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से सेवानिवृत्त शिक्षक के घर और खेत पर छापेमारी की। जांच के दौरान खेत से बड़ी मात्रा में अफीम बरामद हुई। जिस खेत से अफीम के पौधे मिले हैं, वहां पहले भी कई बार अफीम की खेती कर उसकी बिक्री की जा चुकी है। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार, कानूनगो और कई लेखपाल मौजूद रहे। थानाध्यक्ष का कहना है कि पुलिस अब बरामद अफीम की कीमत और इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

**पुलिस और राजस्व टीम ने की संयुक्त कार्रवाई**



# मोटरसाइकिल खड़ी करने के विवाद में युवक की पीटकर हत्या

**यशोभूमि / भाषा**

**कुशीनगर।** बाजार जा रहे एक युवक की कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी और पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना की वजह बीते दिनों मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है। घटना शुक्रवार की रात साढ़े सात बजे बोदरवार बाजार में हुई। पुलिस के अनुसार कप्तानगंज थाना के बोदरवार बाजार के 30 वर्षीय गोविंद साहनी घटना के समय घर से कुछ दूरी पर लगने वाले बाजार में सब्जी लेने जा रहे थे। परिजनों के अनुसार बाजार के ही दलित बस्ती निवासी सुभाष व उसके घर के लोग गोविंद को रास्ते में रोककर लाठी से पीटने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी परिजन को दी। मां सुभद्रा भागकर मौके पर पहुंची तो गोविंद खून से लथपथ व अचेत पड़े थे। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज ले गए, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने गोविंद को मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि वह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।

**पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी हो गए फरार**



# फ्लाईओवर पर ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटी की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बस्तरा फ्लाईओवर ब्रिज पर शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक और ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के दूसरे हिस्से की ओर झुककर लटक गया, जिससे कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के हरीबल्लवपुर तिवारीपुर निवासी मनोज चौधरी (38) अपनी पत्नी रीता (35) और 12 वर्षीय बेटी सौम्या के साथ बाइक से मध्य प्रदेश जा रहे थे। परिवार वहां परवल की खेती करने के उद्देश्य से जा रहा था। बताया जा रहा है कि मिर्जापुर की ओर से मध्य प्रदेश की तरफ जा रहा एक ट्रेलर जब लालगंज क्षेत्र के बस्तरा फ्लाईओवर पर पहुंचा, तभी उसने आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रीता और उनकी बेटी सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे मनोज चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में ट्रेलर चालक रोहित तिवारी (35) निवासी लटियार हनुमना, जिला मऊगंज (मध्य प्रदेश) भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मंडलीय अस्पताल मिर्जापुर रेफर कर दिया। हादसे के बाद फ्लाईओवर पर कुछ समय तक यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर सामान्य कराया।

**बाइक और ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल**



# कार-ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में परीक्षार्थी की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**देवरिया।** रुद्रपुर थाना क्षेत्र के कपरवार चौराहा पर शनिवार को कार, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार दो युवक और साइकिल सवार समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे युवक की स्थिति गम्भीर देख देवरिया मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। बाइक सवार मऊ से एसआई की परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। घटना के बाद चालक सफारी लेकर फरार हो गया। भलुअनी थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ा पाकड़ निवासी बादल मिश्रा (22) पुत्र छोटेलाल मिश्रा अपने साथी सौरभ यादव (24) पुत्र रमेश यादव के साथ सलामुद्दीन इंटर कॉलेज मऊ से परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे थे। दिन में करीब ढाई बजे कपरवार के फौजी नगर के निकट सफारी की ट्रैक्टर-ट्राली से सीधी टक्कर हो गई। इसी बीच पीछे से आ रहे बाइक सवार ट्राली से भिड़ गए। टक्कर इतनी तेज थी कि सौरभ यादव उछलकर ट्राली में जा गिरा।

**दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक हो गया फरार**



# फायरिंग मामले का आरोपी गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाने की पुलिस टीम ने पुरानी रंजिश में गोली चलाने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अवैध तमंचा भी बरामद किया है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है। यह जानकारी शनिवार को सहायक पुलिस आयुक्त धूमनगंज अजेन्द्र यादव ने दी। एसीपी धूमनगंज ने बताया कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए दबिश दी। इस दौरान रहमान नामक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया गया। घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश के लिए पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भीटी में 15 दिन पहले फुजैल के बेटों ने नजर नाम के लड़के को मामूली बात पर जमकर मारा था। उसके बाद मामला शांत हो गया, लेकिन शुक्रवार को अलविदा की नमाज के बाद फुजैल व नजर आमने-सामने आ गए।

**पुलिस ने अवैध तमंचा भी किया है बरामद**

# धर्मांतरण : 25 हजार के इनामी समेत दो गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर ।** जिले में कथित 'जिम जिहाद' और धर्मांतरण से जुड़े मामलों में कोतवाली देहात थाना पुलिस ने फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी समेत दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार की शाम पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि थाना कोतवाली देहात में धर्मांतरण से संबंधित दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज हैं। इन मामलों में अब तक कुल आठ आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

इसी क्रम में शनिवार को पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी आरोपित 39वीं पीएसी गेट बरौधा निवासी असफाक खान उर्फ लकी को और मूलरूप से बिहार निवासी साहिल अहमद को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों आरोपित धर्मांतरण से जुड़े मामलों में वांछित चल रहे थे और उनकी काफी समय से तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद थाना कोतवाली देहात पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेशी के बाद जेल भेज दिया।

**न्यायालय में पेश कर दोनों को भेजा गया जेल**



### खंभे से टकराकर बाइक सवार घायल

**यशोभूमि / एजेंसी**

**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज बाजार के निकट एक बाइक सवार बिजली के खंभे से टकरा गया। उक्त थाना क्षेत्र के मधईपुर गांव निवासी 22 वर्षीय नीरज सिंह शुक्रवार देर शाम को अपनी बाइक से समाधगंज बाजार आया हुआ था। वहां से लौटते समय अभी वह बाजार से कुछ दूर पहुंचा ही था कि सामने एक कुत्ता आ गया, जिसे बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बगल गड़े बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे नीरज के सिर और पैर में गंभीर चोट लग गई।

# बाइक-ऑटो के टायर चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** जिले में स्थित कौंधियारा एवं घूरपुर थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने नकबजनी मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी के 82 विभिन्न कंपनियों के टायर तथा घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि कौंधियारा में जारी बजार निवासी दिलीप कुमार केसरवानी की तहरीर पर 13 मार्च को अज्ञात चोरों के खिलाफ दुकान से करीब 100 बाइक व ऑटो के टायर चोरी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। चोरी गए टायरों की कीमत करीब पौने दो लाख रुपये बताई गई थी। मामले की जांच के दौरान संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को सड़वा क्षेत्र से प्रयागराज के बारा थाना क्षेत्र स्थित छीड़ी गांव निवासी सर्वेश मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी के 82 टायर और घटना में प्रयुक्त वाहन (बोलेरो नियो) बरामद किया गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अन्य धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ टायर चोरी कर उन्हें बेच देता था और प्राप्त धन से अपने तथा परिवार के शौक पूरे करता था। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**विभिन्न कंपनियों के टायर व बोलेरो बरामद**




# अफवाहों के बीच सफलतापूर्वक चल रही राम रसोई

**यशोभूमि / एजेंसी**

**अयोध्या।** अयोध्या की राम रसोई बड़े पैमाने पर चल रही है। हालांकि इसके बंद होने की अफवाहों ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है, फिर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु राम रसोई में प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। राम रसोई में भोजन कर रही एक श्रद्धालु ने कहा कि मैं दिल्ली से हूं। भगवान राम की कृपा से हमें यहां प्रसाद मिल रहा है। यह बहुत अच्छा है। पहले हमने हनुमानगढ़ी और भगवान राम के दर्शन किए और अब हमें भगवान राम के स्थान पर यह प्रसाद ग्रहण करने का अवसर मिला है। यह एक अद्भुत अनुभव है। मुफ्त में परोसे जा रहे भोजन के बारे में उन्होंने कहा कि हां, यह प्रसाद मुफ्त है। इसके लिए हमें कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ा। आंबेडकरनगर के एक अन्य श्रद्धालु ने कहा कि हम राम रसोई में भोजन कर रहे हैं। यह बहुत अच्छा है और मुफ्त है। यहां कोई समस्या नहीं है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण जारी एलपीजी सिलेंडर संकट के बीच सोशल मीडिया पर यह अफवाहें तेजी से फैल रही हैं कि राम रसोई बंद हो सकती है। इसके बावजूद, राम रसोई लगातार चल रही है और श्रद्धालुओं को भोजन परोस रही है। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष समारोहों के तहत राम मंदिर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए आ रही हैं। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले लगभग 400 श्रमिकों को सम्मानित भी करेंगी।

**बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं श्रद्धालु**



**बंद होने की तेजी से फैल रही हैं अफवाहें**

मुफ्त में परोसे जा रहे भोजन के बारे में एक श्रद्धालु ने कहा कि हां, यह प्रसाद मुफ्त है। इसके लिए हमें कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ा। आंबेडकरनगर के एक अन्य श्रद्धालु ने कहा कि हम राम रसोई में भोजन कर रहे हैं। यह बहुत अच्छा है और मुफ्त है। यहां कोई समस्या नहीं है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण जारी एलपीजी सिलेंडर संकट के बीच सोशल मीडिया पर यह अफवाहें तेजी से फैल रही हैं कि राम रसोई बंद हो सकती है। इसके बावजूद, राम रसोई लगातार चल रही है और श्रद्धालुओं को भोजन परोस रही है।

संक्षिप्त समाचार

## निलंबित अधिकारी अभिषेक प्रकाश बहाल

**यशोभूमि / एजेंसी**

**लखनऊ।** रिश्वत मांगने के मामले में एक साल से निलंबित चल रहे 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को शासन ने बहाल कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को राज्यपाल की ओर से आदेश जारी हो गये। विशेष सचिव विजय कुमार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि राज्यपाल की आज्ञा से उत्तर प्रदेश शासन के नियुक्ति अनुभाग-5 से 14 मार्च को जारी आदेश में कहा गया है कि आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश की निलंबन अवधि 14 मार्च 2026 तक मानी जाएगी। इसके बाद 15 मार्च 2026 से उन्हें सेवा में बहाल करने के आदेश दिए गए हैं। शासन ने स्पष्ट किया है कि उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई पूर्ववत जारी रहेगी।

## आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला को बचाया

**यशोभूमि / एजेंसी**

**फिरोजाबाद।** थाना पचोखरा पुलिस टीम ने शुक्रवार देर रात त्वरित कार्यवाही करते हुए आत्महत्या का प्रयास कर रही एक महिला को सुरक्षित बचाया। पुलिस के इस कार्य की ग्रामीणों ने सराहना की है। थाना पचोखरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगला महादेव में घरेलू विवाद के चलते एक महिला द्वारा अपने कमरे में बंद होकर साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या करने की सूचना थाना पचोखरा पर प्राप्त हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर जनपद में महिला सुरक्षा के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र में सड़वाकला शांतिपुरम कॉलोनी के समीप शनिवार सुबह मोटरसाइकिल की टक्कर से घर से टहलने निकली एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि हादसे में करछना थाना क्षेत्र के अन्तहिया खाई गांव निवासी अंजू (50) पत्नी अखिलेश्वर की मौत हो गई। बताया गया है कि अंजू सड़वाकला शांतिपुरम कॉलोनी में कमरा लेकर अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए रहती थी। शनिवार सुबह वह घर से टहलने निकली थीं, तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र के संदी गांव में शनिवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि संदी गांव का रहने वाला शाहरुख मंसूरी (24) मोटरसाइकिल मैकेनिक था। वह अपने परिवार के साथ रहता था। परिजनों का कहना है कि शनिवार सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी। परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए उसे जिला मेडिकल कॉलेज उरई लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिवार से पूछताछ की। घरवालों ने बताया कि वह पूरी तरह से स्वस्थ था। अचानक हुई मौत से पूरे परिवार स्तब्ध है।

## गंगा बैराज में कूदकर सिपाही ने की आत्महत्या

**यशोभूमि / भाषा**

**बिजनौर।** अभियोजन कार्यालय के एक सिपाही ने कथित रूप से गंगा बैराज में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस सिपाही का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने शनिवार को बताया कि बिजनौर अभियोजन कार्यालय में तैनात सिपाही नितिन वत्स (36) ने शुक्रवार को गंगा बैराज में कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर नितिन की मोटरसाइकिल मिली है। उन्होंने बताया कि शनिवार को गोताखोरों ने नितिन का शव बरामद किया। सिंह के अनुसार शव को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# एलपीजी की कालाबाजारी पर की जा रही है सख्त कार्रवाई

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों का अनुपालन करते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जिला प्रशासन के साथ मिलकर पूरे प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रहा है और निरीक्षण एवं छापेमारी कर रहा है, ताकि कहीं

**आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रहा विभाग**

**सभी जरूरी कदम उठाने के जारी किए गए निर्देश**

भी कोई कमी या अनियमितता न हो। इस संबंध में प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी जिलाधिकारियों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं। उत्तर प्रदेश में कालाबाजारी के विरुद्ध तीव्र एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। उप्र सरकार ने शुक्रवार देर रात एक बयान में कहा कि इस अभियान के तहत, जिला स्तर पर कई प्रवर्तन टीम ने कुल 1,483 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ चार प्राथमिकी दर्ज की गईं, जबकि एलपीजी गैस की कालाबाजारी में शामिल अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 20 प्राथमिकी दर्ज की गईं। मौके से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा शुरू किया गया है। राज्य में कार्यरत 4,108 एलपीजी गैस वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार खाली सिलेंडर के बदले भरे हुए सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। बयान में कहा गया है कि वितरकों के पास एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आवश्यकतानुसार घरेलू एलपीजी रिफिल की आपूर्ति की जा रही है।



**सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष किए गए हैं स्थापित**

आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए, पेट्रोलियम उत्पादों के वितरण से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए खाद्य आयुक्त के कार्यालय में 24 घंटे सक्रिय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। वहां खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को तैनात किया गया है। राज्य भर के सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए गए हैं। उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला आपूर्ति कार्यालय और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं।

# इटावा-कानपुर हाइवे पर ट्रक व डबल डेकर बस की टक्कर में यात्री की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**कानपुरनगर।** पनकी थाना क्षेत्र अंतर्गत इटावा-कानपुर हाइवे पर शनिवार को इस्पात नगर के सामने पुल के ऊपर नासिक से आ रही एक डबल डेकर टूरिस्ट बस सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। टक्कर के बाद बस में फंसे कई यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में

**15 घायलों में से चार लोगों की हालत है गंभीर**

**हादसे के बाद यात्रियों में मच गई चीख-पुकार**

एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। इनमें चार की हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन पनकी से दमकल वाहन और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया। रेस्क्यू कार्य के लिए फायर स्टेशन फजलगंज से रेस्क्यू एंबुलेंस भी मौके पर बुलाई गई। दमकलकर्मियों ने बस की खिड़कियां तोड़कर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

यह टूरिस्ट बस महाराष्ट्र के नासिक से चलकर अयोध्या होते हुए नेपाल जा रही थी। बस में कुल 57 यात्री सवार थे। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर बनी है। एक यात्री अति गंभीर रूप से घायल था, जिसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



**नासिक से चलकर नेपाल जा रही थी बस**

सूचना मिलते ही फायर स्टेशन पनकी से दमकल वाहन और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया। रेस्क्यू कार्य के लिए फायर स्टेशन फजलगंज से रेस्क्यू एंबुलेंस भी मौके पर बुलाई गई। दमकलकर्मियों ने बस की खिड़कियां तोड़कर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। यह टूरिस्ट बस महाराष्ट्र के नासिक से चलकर अयोध्या होते हुए नेपाल जा रही थी। बस में कुल 57 यात्री सवार थे। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर बनी है।

# औरैया : मधुमक्खियों के हमले में युवक व उसकी भतीजी हुई घायल

**यशोभूमि / एजेंसी**

**औरैया।** जनपद में अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अमावता गांव में शनिवार को खेत पर गए एक विकलांग युवक पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। युवक को बचाने पहुंची उसकी भतीजी को भी मधुमक्खियों ने डंक मारकर घायल कर दिया। दोनों को उपचार के लिए

**दोनों को उपचार के लिए कराया गया है भर्ती**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार अमावता निवासी विपिन (24) पुत्र राजेंद्र कुमार खेत पर शौच के लिए गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक उन पर हमला कर दिया और पूरे शरीर में कई जगह डंक मार दिए। विपिन दोनों पैरों से विकलांग हैं, जिसके कारण वह वहां से भाग नहीं सके और मधुमक्खियों के हमले का अधिक शिकार हो गए। विपिन की चीख-पुकार सुनकर उनकी भतीजी शिवांगी (16) पुत्री शमशेर उन्हें बचाने के लिए मौके पर पहुंच



गई। इस दौरान मधुमक्खियों ने उस पर भी हमला कर दिया और उसे भी कई जगह डंक मार दिए, जिससे वह भी घायल हो गई। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# बाराबंकी : पुलिस मुठभेड़ में पचास हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**यशोभूमि / एजेंसी**

**बाराबंकी।** पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुठभेड़ में शुक्रवार की देर रात्रि 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस भी बरामद किया गया। एडिशनल एसपी रितेश प्रताप सिंह ने बताया

**कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस भी बरामद**

कि देर रात्रि स्वाट व थाना असन्द्रा पुलिस टीम आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु चेकिंग कर रही थी। कन्धवापुर मोड़ के पास सिद्धौर से रामसनेहीघाट हाइवे की ओर मोटरसाइकिल से एक संदिग्ध आता दिखाई दिया, इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा



किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की, जिससे प्रभारी अंकित त्रिपाठी बाल-बाल बच गए। बचाव में पुलिस द्वारा की गई, फायरिंग में संदिग्ध के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु तत्काल सीएचसी सिद्धौर भेजा गया। घायल होकर गिरफ्तार हुए बदमाश की पहचान रूपेन्द्र उर्फ सूरज सिंह पुत्र पुत्तन सिंह निवासी देवरी रुखारा थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ के रूप में हुई है। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिंदा व 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया।

# बिजनौर : दहशत का पर्याय बनी मादा गुलदार पिंजरे में हुई कैद

**यशोभूमि / एजेंसी**

**बिजनौर।** लम्बे समय से मादा गुलदार की दहशत में जी रहे ग्रामीणों ने शनिवार को उस समय राहत महसूस की, जब मादा गुलदार के पिंजरे में फंसने की सूचना मिली। इससे पूर्व गांव निवासी हितेश्वर के गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक मिलने के बाद मादा गुलदार लगातार आसपास के खेतों में दिखाई दे रही

**सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने ली राहत की सांस**

थी, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था। वन विभाग की टीम ने निगरानी करते हुए पिंजरा इस क्षेत्र में लगाया था। कुछ ही समय में गुलदार को पकड़कर सुरक्षित स्थिति में वन विभाग की रेंज में ले जाया गया। जनपद बिजनौर के नहटौर थाना क्षेत्र के गांव मटौरामान में पिछले कुछ दिनों से मादा गुलदार को देखा जा रहा था। मादा गुलदार की लगातार आहट से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया था। किसानों ने खेतों में लगभग जाना बंद कर दिया था तथा गांव में शाम होते ही सन्नाटा छा जाता थो। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को प्रभावित खेत के पास पिंजरा लगाया था, जिसमें बड़ी मादा गुलदार पिंजरे में कैद हो गई। गुलदार के पिजरे में कैद होने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ मीटिंग कर सुरक्षा सम्बंधी जरूरी निर्देश दिए।



# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की दर्दनाक मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत महोखर में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। स्पर्श विद्यालय के पास गिट्टी से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल से घर

**हादसे में दूसरा छात्र मामूली रूप से घायल**

लौट रहे दो छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा छात्र मामूली रूप से घायल हो गया। मृतक छात्र की पहचान हिमांशु (16) पुत्र अवधेश के रूप में हुई है, जो कक्षा 8 का छात्र था। वह अपने भाई पुष्पेंद्र के साथ सरस्वती प्रकाश मंदिर से परीक्षा देकर साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान बांदा से महोखर की ओर जा रहे गिट्टी से लदे ओवरलोड ट्रक ने पीछे से उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हिमांशु ट्रक के नीचे फंसकर करीब 30 फीट तक घसीटता चला गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों छात्र स्कूल से परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे महोखर अंध विद्यालय के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में हिमांशु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई पुष्पेंद्र बाल-बाल बच गया। घायल छात्र को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया और गिट्टी लदे ट्रक पर पथराव कर उसके शीशे तोड़ दिए। हंगामे की सूचना मिलते ही देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।



# लूटपाट की घटना में घायल हुई महिला की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**उरई।** जिले में थाना कुठौंद क्षेत्र की शंकरपुर पुलिस चौकी के पास दिनदहाड़े हुई लूट की एक सनसनीखेज घटना ने तब दुखद मोड़ ले लिया, जब

**पुलिस चौकी की नाक के नीचे हुई वारदात**

लूट के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस चौकी की नाक के नीचे हुई इस वारदात ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के



मड़िया गांव निवासी तेज सिंह गुरुवार को पत्नी 35 वर्षीय रचना देवी के साथ बाइक से कन्नौज जिले के तिर्वा स्थित ससुराल जा रहे थे। रास्ते में दंपति ने सिरसा कलार में कुछ खरीदारी की थी। इसके बाद वे आगे बढ़े ही थे कि कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर चौकी के पास पीछे से आए एक बाइक सवार बदमाश ने रचना देवी के हाथ से बैग छीन लिया। बदमाश के बैग झपटने के कारण रचना देवी अचानक संतुलन खो बैठीं और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश बैग लेकर फरार हो गया। परिजनों के अनुसार, बैग में लगभग 20 हजार रुपये नकद, एक कमर पेटी व कानों के टप्स रखे थे। आसपास के लोगों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना देकर घायल महिला को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए औरैया जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया-ड्रमंडगंज मार्ग पर शुक्रवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। महोगढ़ी गांव के पास ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। गलरा गांव निवासी हिंछलाल का 27 वर्षीय पुत्र भीमराज शुक्रवार रात करीब आठ बजे बाइक से अपने घर लौट रहा था। महोगढ़ी गांव के पास आगे चल रही ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी बाइक टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर एसआई विनोद कुमार सिंह व पुनीत कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और घायल युवक को एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजवाया, लेकिन चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# टॉवर पर चढ़ गया प्रेमिका से शादी करने की जिद पर अड़ा युवक

**यशोभूमि / एजेंसी**

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर क्षेत्र अन्तर्गत एक युवक टॉवर पर चढ़ गया। यह देख ग्रामीण हैरान रह गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे समझा-बुझाकर नीचे उतारा। युवक

**कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने उतारा नीचे**

ने प्रेमिका से शादी करने की जिद पूरी न होने के कारण यह कदम उठाया था। थाना मक्खनपुर क्षेत्र अन्तर्गत गांव नगला मवासी निवासी राहुल



गांव बिल्टीगढ़ स्थित टॉवर पर चढ़ गया। खास बात यह है कि युवक ने टॉवर पर चढ़ने के बाद खुद ही डायल 112 पर पुलिस को इसकी सूचना दी। इधर, युवक को टॉवर पर चढ़ा देख ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने टॉवर पर चढ़ने का प्रयास किया, तो युवक कूदने की धमकी देने लगा। युवक का कहना था कि वह अपनी प्रेमिका से शादी करना चाहता है। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से युवक को किसी तरह समझा-बुझाकर टॉवर से नीचे उतारा, जिसके बाद पुलिस और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस दौरान युवक काफी देर तक टॉवर पर चढ़ा रहा। इस संबंध में थानाध्यक्ष चमन शर्मा का कहना है कि युवक टॉवर पर चढ़ा था, जिसे सकुशल नीचे उतार लिया गया है। मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# चौबे घाट पर बनेगा इलेक्ट्रिक शवदाह गृह

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** शहर के प्रमुख घाटों में शामिल चौबे घाट पर जल्द ही इलेक्ट्रिक शवदाह गृह का निर्माण कराया जाएगा। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इसके निर्माण को मंजूरी मिलने की जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि चौबे घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह बनने से अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और पर्यावरण के अनुकूल हो सकेगी। इससे पारंपरिक लकड़ी की खपत भी कम होगी और घाट क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# पत्नी को बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलसे सेना के जवान की हुई मौत

**यशोभूमि / एजेंसी**

**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र में पत्नी को आग की लपटों से बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलसे भारतीय सेना के जवान की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को जब जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव

**अंतिम यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोग**

ऊमरी नगर पहुंचा, तो पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए और हर आंख नम नजर आई। सेना के जवानों और पुलिस अधिकारियों ने पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रामपुरा थाना क्षेत्र के ऊमरी नगर निवासी भारतीय थल सेना के जवान बृजेंद्र सिंह जोधावत पुत्र नवाब सिंह जोधावत कुछ दिन पहले ही अवकाश पर अपने घर आए हुए थे। 4 मार्च की रात करीब 8:30 बजे उनकी पत्नी संगम देवी घर में गैस चूल्हे पर खाना बना रही थीं। उसी दौरान अचानक उनके कपड़ों में आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। आग लगने पर संगम देवी की चीख-पुकार सुनकर घर में मौजूद बृजेंद्र सिंह तुरंत दौड़कर पहुंचे। पत्नी को आग की लपटों में घिरा देख उन्होंने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन आग की चपेट में आने से वह स्वयं भी गंभीर रूप से झुलस गए।



# कुत्ते के काटने के चार माह बाद भौंकने लगा किशोर

**यशोभूमि / एजेंसी**

**मिर्जापुर।** जिले में चार माह पहले एक किशोर को कुत्ते ने काट लिया था। अब उसके शरीर में कुत्ते जेसे लक्षण दिखने लगे हैं। कुत्तों की तरह भौंकने के साथ ही साथ बैठने और चलने का तरीका भी बदल गया है। इससे पूरा परिवार

**भारी पड़ती नजर आ रही परिजनों की लापरवाही**

सदमे में है। कछवां थाना क्षेत्र के जोगीपुरवा गांव में रहने वाले दिव्यांग भाईलाल का 17 वर्षीय बेटा करन कक्षा आठ का छात्र है। चार माह पहले वह अपने ननिहाल हरौवा गया था। वहां पर उसे एक कुत्ते ने काट लिया था। उस समय परिजनों ने घटना को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि ननिहाल में उसे एक एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाया गया था। दूसरा इंजेक्शन कछवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगवाया गया, लेकिन इसके बाद जरूरी बाकी इंजेक्शन नहीं लगवाए गए। परिजन की यह लापरवाही अब भारी पड़ती नजर आ रही है। चार महीने बाद अचानक किशोर के व्यवहार में बदलाव आने लगा। उसकी आवाज कुत्ते की तरह भौंकने लगी और वह कई बार जमीन पर बैठकर चौपायों की तरह चलने लगा। बेटे की हालत देखकर पिता भाईलाल बदहवास हो गए और इलाज के लिए उसे कभी कछवां सीएचसी तो कभी अन्य जगहों पर लेकर भटक रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंकज पांडेय का कहना है कि कुत्ते के काटने पर एंटी रेबीज के पूरे पांच इंजेक्शन लगवाना बेहद जरूरी होता है।



**अचानक व्यवहार में आने लगा बदलाव**

कछवां थाना क्षेत्र के जोगीपुरवा गांव में रहने वाले दिव्यांग भाईलाल का 17 वर्षीय बेटा करन कक्षा आठ का छात्र है। चार माह पहले वह अपने ननिहाल हरौवा गया था। वहां पर उसे एक कुत्ते ने काट लिया था। उस समय परिजनों ने घटना को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि ननिहाल में उसे एक एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाया गया था। दूसरा इंजेक्शन कछवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगवाया गया, लेकिन इसके बाद जरूरी बाकी इंजेक्शन नहीं लगवाए गए। परिजन की यह लापरवाही अब भारी पड़ती नजर आ रही है। चार महीने बाद अचानक किशोर के व्यवहार में बदलाव आने लगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक ने कई वाहनों को मारी टक्कर

**यशोभूमि/भाषा**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में शनिवार को एक ट्रक के कई वाहनों को टक्कर मारने से दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना चरही चौक इलाके के निकट हुई। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और इसके बाद ट्रक ने एक बस समेत तीन वाहनों को टक्कर मार दी। चरही थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने कहा, दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले में शनिवार को एक मोटरसाइकिल के पुराने पंचायत भवन की दीवार से टकराने की दुर्घटना में दो भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा कोकचो चौकी के अंतर्गत चिपिसाई इलाके में हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि वे झिंकपानी थानाक्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से रायकोला गांव स्थित अपने घर लौट रहे थे कि तभी यह दुर्घटना हो गयी। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण बाइक पुराने पंचायत भवन की दीवार से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि टक्कर के प्रभाव से तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सुनील कुंकल, चोगो कुंकल और चैतन कुंकल के रूप में हुई है।

### एक व्यक्ति और उसके दो बच्चे कुएं में मृत मिले

**यशोभूमि/भाषा**

**जामताड़ा।** जिले में एक कुएं में शनिवार को पश्चिम बंगाल के एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों के शव मिले। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बागडेहरी थाना क्षेत्र के मुदाबेरिया आश्रम स्थित कुएं से शव बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि मृत व्यक्ति की पहचान लक्ष्मण मुर्मू (50) के रूप में हुई, जो पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के मुर्गथली गांव के निवासी थे। अधिकारी ने बताया कि उनकी बेटी की उम्र सात साल और बेटे की उम्र 11 साल थी। नाला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मेजर कुमार ने बताया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मूल रूप से बंगाल के रहने वाले इस व्यक्ति ने अपनी पहली पत्नी की मृत्यु के बाद पुनर्विवाह किया था। कुमार ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# विधानसभा में मरांडी ने उठाया बालू और कोयला चोरी का मुद्दा

**यशोभूमि/एजेंसी**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन शनिवार को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदन में बालू, पत्थर, कोयला और लोहे की चोरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इन अवैध गतिविधियों

### योजनाओं के क्रियान्वयन पर सरकार को घेरा

के कारण राज्य को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है। सदन में बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि कई मामलों में पुलिस कोयला चोरी रोकने में पर्याप्त सहयोग नहीं कर रही है। राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जब गृह, ऊर्जा और खनन जैसे महत्वपूर्ण विभागों पर चर्चा हो रही है, जो मुख्यमंत्री के पास हैं, तब उन्हें सदन में मौजूद रहकर सदस्यों की बात सुननी चाहिए। उत्पाद विभाग से जुड़ी भर्ती प्रक्रिया पर बोलते हुए मरांडी ने कहा कि भर्ती में अव्यवस्था के कारण दौड़ के दौरान 15 युवाओं की मौत हो गई, लेकिन अब तक उनके परिवारों को मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मामलों में एसीबी समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं कर पा रही है, जिसके कारण कई अधिकारियों को डिफॉल्ट बेल मिल जा रही है। जल जीवन मिशन को लेकर मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार की इस योजना को राज्य में सही तरीके से लागू नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक एक चौथाई गांवों तक भी नल से पानी नहीं पहुंच पाया है। साथ ही विभाग में तीन करोड़ रुपये के घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि फर्जी खातों के जरिए पैसे की निकासी की गई है। उन्होंने सरकार से इस योजना को पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लागू करने की मांग की। डैमों के पानी के उपयोग पर उन्होंने कहा कि मसानजोड़, मैथन और तिलैया जैसे बड़े डैम होने के बावजूद राज्य के कई क्षेत्रों में लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल में इन डैमों से शहरों तक पानी पहुंचाने की योजनाएं शुरू की गई थीं, लेकिन वर्तमान सरकार उनका सही उपयोग नहीं कर पा रही है। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर मरांडी ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में हत्या की दर 3.7 है और यह देश में दूसरे स्थान पर है।



### 160 करोड़ रुपए की एफडी गायब

**ऊर्जा विभाग पर उन्होंने कहा कि विभाग के खातों से 160 करोड़ रुपये की एफडी गायब होने का मामला सामने आया है, लेकिन इस पर अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े घोटालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है, जबकि छोटे उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी के मामले दर्ज किए जा रहे हैं। मरांडी ने कहा कि यदि राज्य सरकार योजनाओं को ईमानदारी से लागू करे और केंद्र सरकार को सही जानकारी दे, तो राज्य को और अधिक सहायता मिल सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही बेहद जरूरी है।**

# इनामी नक्सली कमांडर मृत्युंजय भुंइया समेत दो माओवादी गिरफ्तार

**यशोभूमि/एजेंसी**

**लातेहार।** लातेहार जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के दो इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए नक्सलियों में जोनल कमांडर मृत्युंजय भुंइया और सब-जोनल कमांडर बबलू राम शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक स्वचालित एके-47 रायफल, 21 जिंदा कारतूस और लेवी के लगभग 1.60 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। दरअसल, लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी संगठन का जोनल कमांडर मृत्युंजय भुइया अपने दस्ते के साथ छिपादोहर थाना क्षेत्र के हरिणामाड़ गांव के आसपास आने वाला है।

सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके में छापेमारी अभियान चलाया और गांव के पास घेराबंदी कर दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली मृत्युंजय भुइया छिपादोहर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव का रहने वाला है और वह माओवादी संगठन में जोनल कमांडर के पद पर कार्यरत था। उस पर झारखंड पुलिस



### एके-47 और कारतूस बरामद

ने 10 लाख रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था। वहीं उसके साथ पकड़ा गया बबलू राम बिहार के अरवल जिले के निरखपुर गांव का निवासी है और माओवादी संगठन में सब-जोनल कमांडर के रूप में सक्रिय था। उस पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित था। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस लंबे समय से इन दोनों नक्सलियों की तलाश में अभियान चला रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की और चारों ओर से घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि मृत्युंजय भुइया उर्फ फ्रेश भुइया पिछले लगभग 20 वर्षों से नक्सली संगठन में सक्रिय था और उस पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में करीब 104 नक्सली हिंसा के मामले दर्ज हैं। वह पुलिस के साथ 12 से अधिक मुठभेड़ों में शामिल रहा है और कई बार पुलिस बल पर घात लगाकर हमला करने की घटनाओं में भी उसकी भूमिका सामने आई है। वहीं बबलू राम के खिलाफ भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में करीब 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस दोनों नक्सलियों से पूछताछ कर रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस गिरफ्तारी से नक्सली गतिविधियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं।

# मेयर और 35 वार्ड पार्षदों ने ली शपथ

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पलामू।** मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव में मेयर पद पर दूसरी बार जीत हासिल करने वाली अरुणा शंकर और वार्ड एक से लेकर 35 तक के पार्षदों ने शनिवार सुबह 10 बजे समाहरणालय में शपथ ली। पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। निर्धारित समय पर कार्यक्रम शुरू हुआ। बताते चलें कि मेदनी नगर निगम का चुनाव 23 फरवरी को हुआ था, जबकि मतों की गिनती 27 फरवरी को हुई थी। इस चुनाव में निवर्तमान महापौर अरुणा शंकर ने जीत हासिल की थी। इसी तरह 32 वार्ड पार्षद भी निर्वाचित घोषित किये गए थे। 3 वार्ड पार्षद निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए थे। अरुणा शंकर ने नम्रता त्रिपाठी को 3122 मतों के अंतर से पराजित



### आयुक्त ने दिलाई शपथ

किया था। अरुणा शंकर को कुल 24169, जबकि नम्रता त्रिपाठी को 21047 मौत प्राप्त हुए थे जबकि पूनम सिंह 12809 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रही थी। शपथ ग्रहण के बाद अरुणा शंकर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित शहरी विकास की योजनाओं को धरातल पर उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जनता ने जिस उद्देश्य से उनका चयन किया है उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जिस तरह से प्रथम महापौर के रूप में निगम क्षेत्र का विकास किया था, इस बार उससे ज्यादा बढ़-चढ़कर विकास होगा और कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा।

# दुष्कर्म करने वाला फरार इनामी गिरफ्तार

**यशोभूमि/एजेंसी**

**हरिद्वार।** नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे 5000 के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मोबाइल सर्विलांस की मदद से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, 29 जनवरी 2026 को कमल राम निवासी बलियो चिलकहर, उत्तर प्रदेश ने थाना सिडकुल में लिखित तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस संबंध में थाना सिडकुल में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने 2 फरवरी 2026 को अपहृत नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया था। मामले की जांच में आरोपी राहुल पुत्र करण सिंह निवासी नहटोर थाना नहटोर, जिला बिजनौर, हाल निवासी हेतमपुर रोशनाबाद थाना सिडकुल, हरिद्वार का नाम प्रकाश में आया।

# सड़क हादसे में एक की मौत, पांच लोग हुए घायल

**यशोभूमि/एजेंसी**

**हजारीबाग।** जिले के चरही थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना चरही स्थित एनएच पर घाटों मोड़ के पास

### दुर्घटना चरही के घाटों पर हुई

पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने पहले सड़क पर चल रहे एक टेंपो को टक्कर मारी। इसके बाद, ट्रेलर ने हजारीबाग की ओर से आ रही 'सागर' नामक बस को भी अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के साथ-साथ सड़क किनारे खड़ी एक 407 वाहन को भी ट्रेलर ने टक्कर मार दी। अनियंत्रित ट्रेलर यहीं नहीं रुका और सड़क किनारे लगी फल और पान की गुमटी को भी रौंद दिया। दुर्घटना में फल दुकान पर मौजूद विक्रेता उदय सिंह (27) ट्रेलर के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इस हादसे में करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही चरही थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल हजारीबाग भेजा गया। उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया था।

# निर्विरोध उपमहापौर चुने गए मनोज सिंह

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पलामू।** मेदिनीनगर नगर निगम के उपमहापौर मनोज सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। शनिवार को उपमहापौर पद के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गयी, जिसमें उपमहापौर पद पर मनोज सिंह के अलावा कोई अन्य पार्षद ने अपनी दावेदारी पेश नहीं की। ऐसे में उन्हे निर्विरोध रूप से चुन लिया गया। वार्ड नम्बर 5 की पार्षद नीरा देवी प्रस्तावक बनीं, जबकि वार्ड 12 के पार्षद अनूप कुमार सिंह समर्थक रहे। उल्लेखनीय है कि मनोज सिंह वार्ड नंबर 23 से निर्विरोध पार्षद भी चुने गए थे। इसके साथ ही उनके डिप्टी मेयर बनने की अटकलें तेज हो गई थीं। डिप्टी मेयर पद के लिए पलामू समाहरणालय परिसर में चुनाव की प्रक्रिया पूरी की गई। निर्धारित समय तक मनोज सिंह के अलावा किसी ने इस पद पर नामांकन देकर अपनी दावेदारी पेश नहीं की।

# चाईबासा : नितिन प्रकाश सहित 21 पार्षदों ने ली शपथ

**यशोभूमि/एजेंसी**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नगर पालिका (सामान्य) चुनाव के बाद शनिवार को सदर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त चंदन कुमार ने चाईबासा नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन प्रकाश और नगर परिषद के 21 वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने कहा कि शहर के विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी पार्षदों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चाईबासा में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए नगर परिषद निरंतर प्रयास करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। समारोह में मौजूद अधिकारियों ने भी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नगर परिषद के प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल से शहर में विकास कार्यों को गति मिलेगी।



# पुलिस ने लंबे समय से फरार वांछित को दबोचा

**यशोभूमि/एजेंसी**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित व फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कनखल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जगजीतपुर फुटबॉल ग्राउंड फायरिंग कांड में लंबे समय से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार आकाश पुत्र सतपाल निवासी विजय विहार, जमालपुर ने 13 नवंबर 2025 को थाना कनखल में तहरीर देकर बताया था कि राजागार्डन फुटबॉल ग्राउंड के पास किसी बात को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपियों ने फायरिंग कर दी थी। इस घटना में वादी के भाई सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में थाना कनखल में हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में रितिक, भरत, डिकेन्द्र उर्फ डीके, आकाश पाल और कामेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। घटना में शामिल आरोपी आकाश शर्मा पुत्र बेगराज शर्मा निवासी ग्राम भोगला, थाना रायपुर, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश), जो वर्तमान में जगजीतपुर फुटबॉल ग्राउंड क्षेत्र में रह रहा था, लंबे समय से फरार चल रहा था। कनखल पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपी का चालान कर दिया है।


दैनिक यशोभूमि CLASSIFIED

चाहिए | शैक्षणिक | व्यवसाय | विवाह | जगह संबंधी | ट्रवेल | ऑटो मोबाइल

क्लासीफाइड के लिए ई-मेल आईडी adambika@gmail.com • आज ही संपर्क करें - 8108110772

"यशोभूमि - विज्ञापन का विश्वसनीय सहयोगी" जरूरत आपकी विज्ञापन हमारा

अपने नन्हे मुन्ने का जन्मदिन मनाएं
दैनिक यशोभूमि धमाका
दैनिक यशोभूमि लेकर आया है आपके लिए एक विशेष और यादगार ऑफर बारा (१२) साल तक के बच्चे को उनके फोटो के साथ जन्मदिन की शुभकामनाएं दीजिए
साइज 6 x 4 शुल्क मात्र 250 रुपए
संपर्क करें : विश्वजीत चव्हाण 7720898111, 8108110772
LAL2025-12S.127-002890

तुरंत भरती हाउसकीपिंग, उमर 25/55 निराधार लोगों के लिए 1 प्राधान्य स्मित फाउंडेशन काल्हेर ठाणे योजना घरत 9819376645
LAL2026-03S.127-008506

कुरीअर ऑफिस के लिए लड़कियाँ चाहिए - 7208841538
LAL2026-03S.55-008828

तुरंत चाहिए गोरेगाव (मुंबई/पुना) के नामांकित हॉटेल के लिए अनुभवी किचन स्टाफ। तनखा15 हजारसे।(रहने-खाने की व्यवस्था) पहचानपत्र, फोटो, बायोडेटा के साथ मिलिए: हॉटेल सत्कार, 15, ड्रीमलँड बिल्डिंग, पहला माला, रेल्वे स्टेशन के सामने, गोरेगाव (ईस्ट). 8080728254/ 7738395357/ 9867271372/ 7506369116
LAL2026-03Y.5-008428

FREE JOB! FREE JOB!
हाउसकीपिंग स्टाफ जेन्ट्स & लेडीज 50 पद
लोकेशन : अंधेरी रुणवाल एलिगांट लोखंडवाला
वेतन 14000/- इन हैंड + PF + ESIC
वेतन की तारीख : हर महीने की ७ तारीख
दीपावली बोनस
8369705431 / 9167168963 9152065506 / 7506488436
इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें.
LAL2026-03Y.5-008979

JOB चाहिए

घर काम के लिए महिला, लड़कीयाँ/ लड़के चाहीए। (अधिक वेतन) (रहने -खाने की सुविधा) 8424984004 / 9820234040 (थाना - पूर्व)
LAL2026-03S.127-008505

पुणे, हिंजेवाडी के लिए तुरंत चाहिए। कुक- 1हेल्पर - 1हाऊसकिपिंग- 1ऑफिस बॉय - 1 सैलरी + रहने की सुविधा + 3 टाईम खाना, कम से कम 2 साल अनुभव जरूरी है। संपर्क : 8482975159/ 9970376857
LAL2026-03Y.5-008947

सेफ सिक्यूरिटी वसई के लिए गार्ड चाहिए रहने खाने कि सुविधा 9967766651
LAL2026-03S.55-008093

दुकान काम और मार्केटिंग के लिए लड़का - लड़की चाहिए। वेतन 20000/- तक. उम्र सीमा 30 साल. पता : स्टैंडर्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, महावीर कृपा बिल्डिंगके सामने, महाराणा प्रताप रोड, भाईंदर (वेस्ट) तुरंत कॉल करे - 7777066745/ 9324592346
LAL2026-03S.55-008507

पुरूष एवं महिला निर्व्यसनी पेशंटकेअर स्टाफ ठाणे, पुणे वृध्दाश्रममें चाहिए। रहने-खाने की सुविधा, 16,000 तनखा कॉल: 7042996404/ 8898537143
LAL2026-03Y.5-008829

जगह

श्रीजी ग्रुप एण्ड डेव्हलपर्स 9222585666
शॉप, बैठी चाल, ओपन प्लाट, रेडी रूम, गाला के लिए संपर्क करें।
ऑफिस : रेल्वे स्टेशन, नियर पोलिस चौकी खड़ावली- पूर्व
मो. 9152777998/ 7039369129
LAL2026-03Y.5-008866

विवाह

Hindi varma sonar/ boy 84/5'7" chef, vasai divorcee no child also call/ Cast Nobar 8788157756
LAL2026-03Y.5-008842

मंगलकार्यालय

थाना जिले वज्रेश्वरीमें शादी, मुंज, सम्मेलन, बर्थडे, समारंभ भव्य सुशोभित 1बिल्डिंग एवं 4हॉल रुम, 28-एसी रूम जाना आना, खाना, रहने सुविधा 9869287349
MUM2025B.2102583375

ज्योतिष

सागर ज्योतिष नौकरीधंदा प्रेमविवाह शत्रुनाश गुप्तसमस्या वशीकरण यंत्र जन्मकुंडली. : 9870126299 नवी मुंबई
LAL2026-03Y.5-008975

पेइंग गेस्ट

"Malad Est" Aircondition Gents Paying Guest @ 12500 Non Ac @ 9000 ct 9870084299
LAL2026-03Y.5-008108

क्लासिफाईड के लिए ई-मेल आयडी adambika@gmail.com

सिक्युरिटी गार्ड

एक प्रसिद्ध सुरक्षा एजन्सी को जरूरत है। अनुभवी सुरक्षा बांऊसर, गाडर्स और सुपरवाईजर की। संपर्क करें: 7021871385, 8879946861, 8828747168 साईट: भेंडी बाजार और वर्ली मुंबई
LAL2026-03Y.5-008194

नियमित पढ़ें यशोभूमि

परिस्पर्श मल्टीपर्पज फाऊंडेशन संचालित
प्रेमकुंज वृद्धाश्रम एवं मरीज सेवा केंद्र
9970678945/9970678914
व्यायाम योगा, हॉबी क्लास, लायब्ररी, स्पोर्ट्स रूम, देवघर मनोरंजन कक्ष, डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य का निरीक्षण सेहतमंद भोजन + RO पीने का पानी
PM 7500/- Only
निराधार सेवा देकर रहनेवाली महिलाओं के लिए मात्र ४००० रुपये प्रति माह
मयंक नागरी सुविधा केंद्र, २८ सेक्शन, श्रीराम नगर पूनम हॉटेल के पीछे उल्हासनगर-४.
MUM2025S.5502610351

कर्ज

पाठकों हेतु नियम सूचना
'दै. यशोभूमि' समाचार-पत्र में प्रकाशित होनेवाले विविध प्रकार के विज्ञापनों के मसौदा की जांच-पड़ताल करके ही पाठकों को इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करना चाहिए. विज्ञापन में अपने उत्पाद के संदर्भ में या सेवा के संबंध में विज्ञापनदाता, जो दावा करते हैं इसका 'दै. यशोभूमि' समाचार-पत्र कोई भी गारंटी नहीं लेता. विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्तता विज्ञापनदाता की ओर से नहीं हुई, तो इसके परिणाम के बारे में 'दै. यशोभूमि' समाचार- पत्र समूह के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक एवं मालिक जवाबदार नहीं होंगे, इसका कृपया पाठकों को ध्यान देना चाहिए.
WAL2026-01SA0-000066

पाठकों को सूचना

विशेष सूचना
विज्ञापन का बिल लेते समय विज्ञापन के फॉर्म पर दिये गये मूल शब्दों की पंक्ति अनुसार ही विज्ञापन का बिल लिया जाता है. इस संदर्भ में आगे ऐसा स्पष्ट किया जा रहा है कि प्रकाशन के लिए दिया गया मसौदा अंग्रेजी में होने पर विज्ञापन के फॉर्म में होनेवाली मूल अंग्रेजी पंक्ति की संख्या अनुसार ही बिल लिया जायेगा. इसके लिए भाषांतरित किये गये (मराठी या हिंदी) मसौदा की पंक्तियों के अनुसार नहीं लिये जायेंगे. विज्ञापन फॉर्म पर पंक्ति एवं प्रकाशित हुए विज्ञापन की पंक्ति में फर्क हो सकता है, इसका एजेंसी एवं विज्ञापनदाताओं को ध्यान देना चाहिए.
- प्रबंधक
AUR2025SA002605983

क्लासिफाईड के लिए संपर्क 8108110772



जय भवानी, जय शिवाजी




2 बिहार के राज्यपाल बने सैयद अता हसनैन, ली पद और ...

7 दो ट्रकों की भीषण टक्कर में पहिए के नीचे आकर खलासी की ...

8 इटावा-कानपुर हाइवे पर ट्रक व डबल डेकर बस की टक्कर ...

9 इनामी नक्सली कमांडर मृत्युंजय भुंइया समेत दो माओवादी गिरफ्तार


# एलपीजी संकट : दिल्ली के होटलों का मेन्यू हुआ छोटा

## सामूहिक पार्टियों का आयोजन हुआ कम

**यशोभूमि/भाषा, नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष बढ़ने के बाद गहराए एलपीजी संकट के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी के रेस्तराओं में अब बड़े कॉरपोरेट समारोहों और सामूहिक पार्टियों का आयोजन कम हो गया है। इतना ही नहीं एलपीजी आपूर्ति संकट के कारण रेस्तरां अपने मेन्यू और बुकिंग में कटौती भी कर रहे हैं। कनॉट प्लेस के रेस्तरां मालिकों का कहना है कि बड़े समारोहों के लिए खाना बनाने में काफी गैस की खपत होती है, जिसकी वजह से कई प्रतिष्ठानों ने अस्थायी रूप से बड़ी पार्टियों की बुकिंग रोक दी है और नियमित ग्राहकों पर ध्यान देना शुरू कर दिया है।**

कनॉट प्लेस, शहर के उन सबसे व्यस्त स्थानों में शामिल हैं, जहां बड़े से लेकर सभी प्रकार के भोजनालय हैं। फ्लेवर्स ऑफ चाइना

### गैस खपत को नियंत्रित करने में जुटे हैं भोजनालय

नाम के रेस्तरां की मालिक परमजीत कौर ने बताया कि एलपीजी की खपत को नियंत्रित करने के लिए रेस्तरां ने कुछ व्यंजनों में कटौती की है और सामूहिक बुकिंग सीमित कर दी है।



उन्होंने कहा, हमें स्थिति से निपटने के लिए कुछ बदलाव करने पड़े हैं। उदाहरण के लिए, हम फिलहाल सिजलर नहीं परोस रहे हैं क्योंकि इसके लिए लगातार और तेज आंच की आवश्यकता होती है। हमने अपने मेन्यू में भी कटौती की है और केवल उन बुनियादी व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिन्हें कम गैस खपत के साथ तैयार किया जा सकता है। कौर ने बताया कि ईंधन बचाने के लिए रेस्तरां ने अस्थायी रूप से बड़े आयोजनों को बंद कर दिया है।

### आगरा: पेठा कारोबार भी भारी संकट में

व्यावसायिक एलपीजी गैस की किल्लत होने से आगरा में पेठा कारोबार पर भारी संकट मंडराने लगा है और गैस आधारित पेठा इकाइयां करीब-करीब बंदी के कगार पहुंच गई हैं। इस कारोबार से जुड़े लोगों ने शनिवार को यह दावा किया। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और जो कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहीद भगत सिंह पेठा कुटीर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि गैस की बाधा से पेठा कारोबार पर जबरदस्त असर पड़ा।

# कांग्रेस की नीतियों के कारण करना पड़ा बहुजन समाज पार्टी का गठन

**यशोभूमि/एजेंसी**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि यदि कांग्रेस बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और कांशीराम के मिशन के प्रति समर्पित होकर संविधान के पवित्र समतामूलक और कल्याणकारी उद्देश्य को जमीन

### कांग्रेस ने कभी नहीं किया डॉ. आंबेडकर का सम्मान

पर उतारने का कार्य अगर सही नीयत व नीति से करती तो कांशीराम जी को कभी बसपा की स्थापना की जरूरत नहीं पड़ती। बसपा प्रमुख ने शनिवार को एक बयान में कहा कि केंद्र की सत्ता में काफी समय रहते हुए कांग्रेस ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया गया। कांशीराम के निधन पर तत्कालीन केंद्र की कांग्रेस सरकार ने राष्ट्रीय शोक व सपा सरकार ने एक दिन का भी राजकीय शोक घोषित नहीं किया। इसके अलावा इन महापुरुषों के नाम बनाए गए शिक्षण, मेडिकल संस्थानों व जिलों के नाम भी बदले गए। पदोन्नति में आरक्षण की व्यवस्था को जारी रखने के संबंधी के बिल को संसद में क्यों फाड़ा गया?

बसपा प्रमुख ने कहा कि इसी प्रकार दूसरी पार्टियों के हाथों में खेल कर दलित समाज के बने अनेकों संगठन व पार्टियां आदि भी इनके नाम को भुनाने की कोशिश में हमेशा लगी रहती हैं।





### कार्यक्रम को सफल बनाएं कार्यकर्ता

बसपा प्रमुख ने बहुजन समाज के लोगों से अपील की है कि सुन सबकी लो, लेकिन अपनी एकता व अपने वोटों की शक्ति को किसी भी हाल में वोट के इन सौदागरों के हाथों में मत जाने दो, यही डॉ. भीमराव आंबेडकर और कांशीराम के जीवन संघर्ष के पति सच्ची श्रद्धांजलि है। मायावती ने आगामी 15 मार्च को कांशीराम की जयंती पर पूरे देश में आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील बसपा कार्यकर्ताओं से की है।

## संक्षिप्त समाचार

### समाप्त होना चाहिए ईरान पर थोपा गया युद्ध: उमर

**यशोभूमि/भाषा**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि ईरान की जनता पर थोपा गया अन्यायपूर्ण युद्ध समाप्त होना चाहिए और शांति कायम होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका और इजराइल को ईरान के नेतृत्व का फैसला करने का अधिकार नहीं है। उमर ने कहा कि ईरान की जनता को अपने देश के नेतृत्व के बारे में फैसला करना है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, अंततः, हम शांति चाहते हैं। हम चाहते हैं कि ईरान की जनता पर थोपा गया यह अन्यायपूर्ण युद्ध समाप्त हो। जैसा कि मैंने बार-बार कहा है, अमेरिका और इजराइल यह तय नहीं कर सकते कि ईरान का नेता कौन होगा।

### असम: बस दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**यशोभूमि/एजेंसी**

**दिफू (असम)।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में शनिवार को एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें सवार कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। मध्य असम के मोरीगांव जिले के मोइराबारी से नगालैंड के दीमापुर जा रही बस बोकाजान थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्खिजन में तड़के दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उन्होंने कहा, सड़क पर एक मोड़ पार करने की कोशिश करते समय चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। चालक समेत चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। एक बच्चे सहित 10 लोगों को इलाज के लिए दीमापुर के एक अस्पताल में भेजा है। मृतकों की पहचान अब्दुल बारेक, खलील रहमान, छबीना सुल्ताना और अलाल उद्दीन के रूप में हुई है।

# 'किसानों के मुद्दे पर लड़ती रहेगी कांग्रेस'

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार हमलावर हैं। उन्होंने एक बार फिर फेसबुक पोस्ट लिखकर किसानों से जुड़ा मुद्दा उठाया है।

### यूएस ट्रेड डील का जिक्र कर राहुल ने सरकार को घेरा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से जुड़ा सवाल पूछा, लेकिन सरकार ने जवाब देने से बचने का रास्ता चुना और संसद के पटल पर पुरानी नीतियों को दोहराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हक में संसद से लेकर सड़क तक आवाज उठाते रहेगी। राहुल ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा: 2021 में किसानों से किया गया सी2 प्लस 50 फीसदी कानूनी एमएसपी का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ? सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एमएसपी नीति दोहरा दी। राहुल जिस सी2 प्लस 50 फीसदी फॉर्मूले का जिक्र कर रहे हैं, इसे आम तौर पर स्वामीनाथन समिति के सुझावों की तरह भी देखा जाता है।



### सवाल से भी बच रही है सरकार

राहुल ने लिखा, एक और गंभीर सवाल- अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से जुड़ा है। उन्होंने ट्रेड डील के हिस्से में गैर-व्यापारिक अवरोध को घटाए जाने की बात पर हैरानी जताते हुए पूछा कि क्या इसका मतलब एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है? बकौल राहुल गांधी, सरकार इस सवाल से भी बच रही है।



शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में खेत में खिले हुए सरसों के फूल। यशोभूमि/पीटीआई

### व्यक्ति की हत्या के आरोप में युवक गिफ्तार

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पुरानी रंजिश के कारण एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में 20 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान पूठ खुर्द के निवासी निखिल के रूप में हुई है जिसे रोहिणी के सेक्टर-34 से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब आठ मार्च को बावना थाने में पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना दी गयी थी कि सुल्तानपुर डबास रोड के पूठ खुर्द में एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

## खेल जगत

# मुजारबानी पर कार्रवाई करने की तैयारी में पीसीबी

**यशोभूमि/भाषा**

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी में है क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग

### कोलकाता के साथ किया अनुबंध पर हस्ताक्षर

(पीएसएल) में इस्लामाबाद यूनाईटेड से करार तोड़कर आईपीएल टीम कोलकाता नाइटराइडर्स के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। बोर्ड के एक भरोसेमंद सूत्र ने शनिवार को बताया कि कानूनी विभाग को जिम्बाब्वे के इस खिलाड़ी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। इस खिलाड़ी ने अब कोलकाता नाइटराइडर्स के साथ अनुबंध कर लिया है। कोलकाता नाइटराइडर्स ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान की जगह ली है जिन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों के अनुसार फ्रेंचाइजी ने टीम से हटा दिया था। उन्होंने कहा, पिछले साल से आईपीएल और पीएसएल एक ही समय पर हो रहे हैं इसलिए अब दोनों के समय आपस में टकरा रहे हैं। हम खिलाड़ियों को एक साफ संदेश देना चाहते हैं कि एक बार जब वे पीएसएल में खेलने के लिए हामी भर देते हैं तो वे यूं ही अपना अनुबंध तोड़कर आईपीएल की किसी भी फ्रेंचाइज़ी के साथ नए अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते।

### पीसीबी से मांगी थी माफी

इस्लामाबाद यूनाइटेड ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ की जगह मुजारबानी को टीम में शामिल किया था। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश का पीएसएल में पेशावर जाल्मी के साथ अनुबंध हुआ था, लेकिन बाद में चोट के कारण किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए वे मुंबई इंडियंस में शामिल हो गए थे। बॉश पर पीएसएल में एक सत्र के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। बाद में उन्होंने पीसीबी से माफी मांगी थी।





- पीसीबी ने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और हर्जाना मांगने की बात कही थी।
- श्रीलंका के कुसल मेंडिस और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल ओवेन ने भी पीएसएल में पेशावर जाल्मी के लिए कुछ मैच खेले थे।
- पिछले साल मई में पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव के कारण जब पीएसएल कुछ दिनों के लिए रोक दिया गया था तब वे आईपीएल में शामिल हो गए थे।

### पीटरसन ने छोड़ा दिल्ली कैपिटल्स का साथ

**यशोभूमि/भाषा**

**नई दिल्ली।** पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स में मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाने वाले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने शनिवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आने वाले सत्र में यह भूमिका नहीं निभा पाएंगे।

आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को हो रही है और गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा। पीटरसन ने एक्स कहा, मैं इस आईपीएल सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर नहीं बन सकता। मैं इस काम के लिए जरूरी समय नहीं दे सकता। इस सत्र के लिए सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, हालांकि मैं आपको कमेंट्री बॉक्स में फिर मिलूंगा।

# रोहित शर्मा की सलाह हार्दिक के लिए अहम : हरभजन सिंह

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह का मानना है कि आईपीएल 2026 में रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस इम्पैक्ट खिलाड़ी नहीं बल्कि पूर्ण खिलाड़ी के रूप में इस्तेमाल करे। रोहित पूरे मैच के लिए फील्ड पर रहें।

हरभजन ने कहा, रोहित शर्मा को

### पूरे मैच में इस्तेमाल करे मुंबई इंडियंस

12वें खिलाड़ी के तौर पर इस्तेमाल किया गया है जो सिर्फ बल्लेबाजी करता है, लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह के नेतृत्वकर्ता वह रहे हैं, उन्हें मैदान पर होना चाहिए। मुश्किल मैचों में, जब आपको कुछ खास फैसले लेने होते हैं, जब कप्तान को सहारे की जरूरत होती है, उस समय रोहित शर्मा हार्दिक पांड्या के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी रोहित शर्मा के पूरा मैच खेलने का समर्थन किया है। आकाश ने कहा कि रोहित फिट हैं और फॉर्म में हैं। इसका फायदा एमआई को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप फिट हैं, तो आपको पूरा गेम खेलना चाहिए और आपकी जगह कोई और नहीं आएगा। खासकर जब आप दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रहे हों, तो आपको एक इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नहीं आना चाहिए।



### रोहित ने किया है अपने फिटनेस पर काम

रोहित ने अपनी फिटनेस पर पिछले 6-8 महीनों में बहुत काम किया है और अब वह सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं। ऐसे में, उन्हें पूरे मैच में खिलाए जाने की सलाह क्रिकेट विशेषज्ञ मुंबई इंडियंस को दे रहे हैं। हालांकि, सीजन की शुरुआत के बाद ही पता चलेगा कि रोहित पूरे मैच के दौरान फील्ड पर रहते हैं या इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में सिर्फ बल्लेबाजी के लिए आते हैं। बता दें कि रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 5 बार आईपीएल का खिताब जीता है। टीम मैनेजमेंट ने 2024 में रोहित की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया था।

# एक-दूजे के हुए कुलदीप यादव-वंशिका



**यशोभूमि/एजेंसी**

**मसूरी।** शनिवार को भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने मसूरी में बचपन की दोस्त वंशिका से शादी कर ली। शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, युजवेंद्र चहल सहित कई हस्तियां पहुंची थीं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ भी आज

### क्रिकेटर ने उत्तराखंड के मसूरी में लिए सात फेरे

मसूरी पहुंचे थे। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री विशेष चार्टर्ड विमान से शाम सवा चार बजे खजुराहो से देहरादून एयरपोर्ट पहुंचे। देहरादून एयरपोर्ट पर उनके अनुयायियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद वह देहरादून एयरपोर्ट से मसूरी के लिए रवाना हुए।

### आर्यना और एलेना के बीच होगा फाइनल

**यशोभूमि/एजेंसी**

**इंडियन वेल्स।** इंडियन वेल्स मास्टर्स के महिला एकल का फाइनल मुकाबला रविवार को आर्यना सबालेंका और एलेना रिबाकिना के बीच होना सुनिश्चित हो चुका है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना रिबाकिना दुनिया की 9वें नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को 1 घंटे 46 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 7-5, 6-4 से हराकर अपने दूसरे इंडियन वेल्स फाइनल में जगह बनाई। जीत के बाद रिबाकिना ने कहा, मैं आज अपने प्रदर्शन से खुश हूं। फाइनल से पहले मुझे निश्चित रूप से बेहतर होना होगा। फाइनल में एलेना रिबाकिना का मुकाबला रविवार को दुनिया की नंबर 1 आर्यना सबालेंका से होगा। आर्यना सबालेंका ने सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरी बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है।

# गीतिका : नौ बार जीता 'भारत केसरी' सम्मान

**यशोभूमि/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गीतिका जाखड़ भारतीय महिला कुश्ती में एक बड़ा नाम हैं। गीतिका की ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह लगातार 9 बार भारत केसरी का खिताब जीती थीं।

### अर्जुन पुरस्कार जीतने वाली हैं पहली महिला पहलवान

खिलाड़ियों के परिवार से संबंध रखने वाली गीतिका का जन्म 18 अगस्त 1985 को हिसार, हरियाणा में हुआ था। गीतिका स्कूल के समय में स्पोर्ट्स में सक्रिय रूप से हिस्सा लेती थीं। उनका फोकस एथलेटिक्स पर था। बेहतर शिक्षा के लिए जब वे परिवार के साथ शहर आईं तो उनके पिता उन्हें हिसार के महाबीर स्टेडियम ले गए थे, लेकिन कोई कोच न मिलने पर वे निराश होकर लौट आए। इस दौरान वह पास के कुश्ती हॉल में गईं। हॉल से कोचों की जोरदार आवाज आ रही थी, जो मैट के बाहर से अपने बच्चों को निर्देशित कर रहे थे। गीतिका कुश्ती का अभ्यास कर रही दूसरी लड़कियों की तरफ खिंची चली गईं। उन्हें इस खेल से प्यार हो गया और अक्टूबर 1998 से उन्होंने एथलेटिक्स छोड़कर कुश्ती को अपना खेल चुना। इसके बाद एक पहलवान के रूप में उनका सफर शुरू हुआ। गीतिका ने दादा चौधरी अमरचंद जाखड़ से रेसलिंग के गुर सीखे, जो अपने जमाने के मशहूर पहलवान रहे। गीतिका ने महज 13 साल की उम्र में कुश्ती खेलना शुरू कर दिया था। 1999 में मणिपुर में हुए नेशनल गेम्स में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए वह चौथे स्थान पर रहीं। 15 साल की उम्र में वह 'भारत केसरी' का खिताब जीत चुकी थीं। 2000 में नई दिल्ली में हुए एक दंगल में मशहूर पहलवान चंदगी राम की बेटी सोनिका कालीरमन को हराकर उन्होंने भारत केसरी का खिताब जीता था।



### कॉमनवेल्थ में जीता था स्वर्ण

दोहा में 2006 में हुए एशियन गेम्स में रजत और 2014 में इंचियोन में हुए एशियन गेम्स में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में 2003 में रजत, 2005 में रजत और 2013 में कांस्य पदक जीता था। कॉमनवेल्थ कुश्ती चैंपियनशिप में 2003 में लंदन में स्वर्ण, 2005 में केपटाउन में स्वर्ण और 2007 में ओनाटारियो में रजत पदक जीता था। भारत सरकार ने उन्हें 2006 में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया था। इस सम्मान को पाने वाली वह पहली महिला पहलवान हैं।

दैनिक
# यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
Smart maharashtra
मुंबई । रविवार, 15 मार्च 2026

## भादाणे टोरंट पावर संघर्ष को लेकर बैठक



**यशोभूमि/संवाददाता, भिवंडी।** भिवंडी तालुका के पडघा के पास स्थित भादाणे गांव में बिजली वितरण करने वाली कंपनी 'टोरंट पावर' के साथ पिछले कई वर्षों से संघर्ष जारी है। इस गांव के परिसर से ट्रांसमिशन, पावर ग्रिड और अडानी पावर जैसी कई बिजली कंपनियों के टावर खड़े होने के कारण यह गांव पूरी तरह से प्रकल्पग्रस्त हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा टोरंट पावर को बिजली वितरण करने में बाधा डालने के कारण तनाव बना हुआ है। इस विवाद का समाधान खोजने के लिए भिवंडी के उप-विभागीय अधिकारी अमित सानप के कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक शांताराम मोरे, पुलिस अधिकारी जितेन्द्र ठाकुर, टोरंट पावर के अधिकारी और ग्रामीण शामिल हुए।

### संक्षिप्त समाचार

### डेटिंग ऐप के जरिए युवाओं से ठगी

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**मुंबई।** पवई पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो डेटिंग ऐप के जरिए युवाओं को जाल में फंसाता था और उनसे हजारों रुपये ऐंठ लेता था। पुलिस ने साकीनाका के साकीविहार रोड पर हेवन टेरेस 72 कैफे में छापा मारकर इस रैकेट का भंडाफोड़ किया और इस मामले में कई युवतियों और कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह की युवतियां डेटिंग ऐप टिंडर के जरिए युवकों से मिलती थीं। कुछ देर बातचीत करने के बाद वे युवाओं को साकी विहार रोड स्थित एक कैफे में मिलने के लिए बुलाती थीं और कैफे में पहुंचते ही महंगी शराब का ऑर्डर करने को कहा जाता, लेकिन युवतियों के गिलास में शराब की जगह पानी दे दिया जाता और ग्राहकों से भारी-भरकम बिल बनाकर उनसे पैसे वसूले जाते थे। इस संबंध में पवई पुलिस ने कैफे के कर्मचारियों, युवती और अन्य आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जबरन वसूली और साजिश की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### घाटकोपर में पाइपलाइन से हुआ गैस रिसाव

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**मुंबई।** घाटकोपर पूर्व में राजावाड़ी क्षेत्र की मुख्य सड़क है एमजी रोड पर खुदाई के कारण पाइपलाइन से गैस रिसाव के कारण शनिवार को इस सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात अवरुद्ध हो गया था, हालांकि तिलकनगर पुलिस और दमकल कर्मियों के मौके पर पहुंचने के बाद कंपनी के कर्मचारियों ने रिसाव बंद कर दिया। घाटकोपर के राजावाड़ी इलाके में उडिपी होटल के पास शिल्पा ज्वैलर्स, भारती ज्वैलर्स के पास शनिवार दोपहर 1 बजे गैस पाइपलाइन लीकेज हो गई। इससे कुछ देर के लिए यहां भय का माहौल बन गया, चूंकि यह रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली मुख्य सड़क है, इसलिए यहां से भारी यातायात रहता है।

### नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**मुंबई।** तिलकनगर में एक नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पीड़ित लड़की को राशन कार्ड बनवाने में मदद करने का वादा किया था। आरोपी ने पीड़ित लड़की को राशन कार्ड के लिए जरूरी दस्तावेजों के काम को लेकर मिलने के लिए बुलाया। उनके कहने पर किशोरी तय जगह पर गई तो आरोपी उसे लिंक रोड जंगल में ले गया और दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद लड़की ने यह घटना अपने परिवार को बताई। परिजन तुरंत पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। चूंकि मामला एक नाबालिग लड़की से जुड़ा है, इसलिए पुलिस ने बताया कि संबंधित विशेष कानूनों के अनुसार कार्रवाई की गई है और आगे की जांच जारी है।

### डिजिटल निवेश धोखाधड़ी रैकेट का हुआ भंडाफोड़

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डिजिटल निवेश के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। जांच एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में दो मुख्य आरोपियों सुधीर और उमंग कोटडिया को गिरफ्तार किया है, यह पूरा ऑपरेशन 'क्यूफोन ऐप लिमिटेड' नामक कंपनी और उससे जुड़ी कई फर्जी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा था। उनकी गिरफ्तारी के बाद, मुंबई की एक विशेष अदालत ने घोटाले के अधिक विवरण का खुलासा करने के लिए उन्हें 20 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। इस बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की शुरुआत दिसंबर 2024 में हुई, जब जालसाजों के खिलाफ ठाणे के वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था।

# फडणवीस ने 200 फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ पर फहराया तिरंगा

यशोभूमि / भाषा

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को नागपुर के कस्तूरचंद पार्क में 200 फुट ऊंचे ध्वज स्तंभ का अनावरण करते हुए वहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एक विज्ञप्ति के अनुसार 200 फुट की ऊंचाई के साथ

### यह क्षेत्र के सबसे ऊंचे ध्वज स्तंभों में से एक होगा

यह क्षेत्र के सबसे ऊंचे ध्वज स्तंभों में से एक होगा, जिस पर 60 फुट लंबा और 40 फुट चौड़ा तिरंगा लहराएगा। यह विविधता में एकता, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की लोकतांत्रिक भावना का प्रतीक है। यह पहल एक मीडिया ग्रुप और नागपुर महानगरपालिका (एनएमसी) के संयुक्त प्रयासों से शुरू की गई थी। राज्यसभा के पूर्व सदस्य डॉ. विजय दर्डा ने समारोह की अध्यक्षता की। नागपुर के एक



महानगरीय शहर के रूप में महत्व और इसके ऐतिहासिक 'जीरो माइल' पर प्रकाश डालते हुए फडणवीस ने इस पहल की प्रशंसा की।

### इससे देशभक्ति की भावना मजबूत होगी: दर्डा

नागपुर स्थित 'जीरो माइलस्टोन' औपनिवेशिक भारत के भौगोलिक केंद्र को चिन्हित करता है। यह दूरी मापने का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बना हुआ है।

दर्डा ने बताया कि ध्वज स्तंभ परियोजना की परिकल्पना 2009 में की गई थी और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सहित विभिन्न सरकारी विभागों के साथ मिलकर इस पर काम किया गया था। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 28 अक्टूबर 2016 को इसकी आधारशिला रखी थी। इस अवसर को गौरव का क्षण बताते हुए दर्डा ने कहा कि इससे देशभक्ति की भावना मजबूत होगी और युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।

# प्री-प्राइमरी स्कूलों के लिए नया कानून आएगा :दादा भुसे

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**मुंबई।** राज्य में प्री-प्राइमरी शिक्षा में अराजकता को रोकने के लिए राज्य सरकार अब और अधिक आक्रामक हो गई है और जल्द ही एक नया और व्यापक कानून लागू करेगी। नए कानून के अनुसार प्री-प्राइमरी स्कूलों में प्रत्येक 20 छात्रों के लिए एक शिक्षक और सभी स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य होगा, शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया। इसे लेकर विधायक मनीषा चौधरी ने विधानसभा में सवाल उठाया था। इस सवाल पर चर्चा में अतुल भातखलकर, अभिमन्यु पवार, प्रवीण दटके आदि विधायकों ने हिस्सा लिया और प्री -प्राइमरी स्कूलों से जुड़ी कई समस्याएं उठाईं। इसका जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री भुसे ने इस नए कानून के बारे में जानकारी दी। नए कानून के मुताबिक हर प्री-प्राइमरी स्कूल को सरकारी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। इससे इन स्कूलों पर सीधा सरकारी नियंत्रण होने से पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि प्रत्येक

### 20 छात्रों पर एक शिक्षक



20 छात्रों पर एक शिक्षक अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे बच्चों की शिक्षा पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जा सकेगा, इसके अलावा स्कूलों को बच्चों के अनुकूल बुनियादी ढांचे के मानदंडों का पालन करना अनिवार्य होगा। इसमें सुरक्षित शौचालय, खेल सामग्री और सीसीटीवी प्रणाली की स्थापना पर स्पष्ट निर्देश हैं। पंजीकरण प्रक्रिया में स्कूल का स्थान, छात्रों की संख्या और शिक्षकों की योग्यता सहित सभी पहलुओं का सत्यापन किया जाएगा।

### सख्त कार्रवाई की चेतावनी

नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करने का प्रावधान किया जाएगा। इससे प्री-प्राइमरी शिक्षा में अव्यवस्था पर अंकुश लगेगा।

### अनिवार्य पंजीकरण

सभी निजी प्री-प्राइमरी स्कूलों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकरण करना आवश्यक होगा, जिससे इन स्कूलों पर सरकार का नियंत्रण बना रहेगा। नए कानून में यह प्रावधान किया जाएगा कि बच्चों की गुणवत्ता के लिए प्रत्येक 20 छात्रों पर एक शिक्षक होना चाहिए। पंजीकरण प्रक्रिया के लिए स्कूल के स्थान, छात्रों की संख्या, सुरक्षित शौचालय, खेल उपकरण और सीसीटीवी प्रणाली के बारे में जानकारी की आवश्यकता होगी।

# सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं में भागीदारी बढ़ाएं निजी अस्पताल: प्रकाश आबिटकर

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**मुंबई।** सार्वजनिक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश आबिटकर ने मुंबई महानगर क्षेत्र के नामांकित निजी अस्पतालों से

- मुंबई महानगर क्षेत्र के निजी अस्पतालों से आह्वान
- उपचारों की संख्या 1356 से बढ़ाकर 2399 की गई

संयुक्त आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना में अधिक सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। मंत्रालय में शनिवार को इस विषय पर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती उपचार उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। आबिटकर ने कहा कि मुंबई में उपलब्ध उन्नत चिकित्सा सुविधाओं का लाभ गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों तक पहुंचाने के लिए निजी



अस्पतालों की भागीदारी बढ़ना जरूरी है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उपचारों की संख्या 1356 से बढ़ाकर 2399 कर दी गई है और उपचार दरों में भी वृद्धि की गई है। अस्पतालों का पंजीकरण पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है। राज्यमंत्री मेघना साकोरे-बोर्डीकर ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और निजी अस्पतालों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा है। बैठक में उपस्थित विधायकों तथा मुंबई महानगर क्षेत्र के अस्पतालों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# नौ आरोपियों की फिर बढ़ाई गई पुलिस कस्टडी

यशोभूमि / एजेंसी

**जलगांव।** जलगांव जिले के चालीसगांव तालुका के दहीवाड़ फाटा पर टू-व्हीलर सवार की एक्सीडेंट में मौत का नाटक कर 50 लाख रुपए का इंश्योरेंस क्लेम लेने के मामले में गिरफ्तार सभी 9 आरोपियों की पुलिस

### 50 लाख का इंश्योरेंस क्लेम लेने के मामला

कस्टडी एक बार फिर बढ़ा दी गई है। इस मामले में मृतक के परिवार, चालीसगांव ग्रामीण अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर और मेहुनबारे पुलिस स्टेशन के चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। अब तक इस मामले में कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पहले इन सभी आरोपियों को 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया था। इसके बाद



चालीसगांव कोर्ट ने उनकी कस्टडी 4 दिन बढ़ाते हुए 17 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। चालीसगांव सेशन कोर्ट की सिंगल बेंच, जस्टिस मीनाक्षी धनराज की अदालत में इस मामले की सुनवाई हो रही है। कोर्ट ने पुलिस की मांग स्वीकार करते हुए सभी आरोपियों को 17 मार्च तक, यानी 4 दिन की अतिरिक्त पुलिस कस्टडी में भेज दिया। मामले की जानकारी के अनुसार चालीसगांव तालुका के दहीवाड़ फाटा पर पिछले साल मालेगांव के एक टू-व्हीलर सवार को एक फोर-व्हीलर ने टक्कर मार दी थी। इसके बाद परिवार ने इंश्योरेंस कंपनी को बताया कि घायल व्यक्ति की गांव के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, हालांकि जब इंश्योरेंस कंपनी ने मामले की जांच कराई तो यह सामने आया कि पूरी घटना इंश्योरेंस का पैसा हासिल करने के लिए रचा गया एक फर्जीवाड़ा था। जांच में पता चला कि मृतक राजेंद्र शालिंदर जाधव की असल में मौत एक साल पहले ही लिवर की गंभीर बीमारी के कारण हो चुकी थी।

### मौत की पूरी कहानी गढ़ी गई थी फर्जी

जांच में यह भी सामने आया कि श्रीराम इंश्योरेंस के अलावा 10 अन्य बीमा कंपनियों से भी मृतक राजेंद्र जाधव के नाम पर सामान्य और जीवन बीमा पॉलिसियां लेने का दावा किया गया था। इससे यह स्पष्ट हुआ कि दुर्घटना और मौत की पूरी कहानी फर्जी तरीके से तैयार की गई थी, रिकॉर्ड में हेरफेर किया गया और सबूत भी गढ़े गए। पुलिस के अनुसार इस साजिश में अरुणा राजेंद्र जाधव, संभाजी शिवाजी पाटिल और महिंद्रा थार वाहन के चालक-मालिक की भूमिका सामने आई है।

# पनवेल में पुलिस ने किया कॉम्बिंग ऑपरेशन

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**पनवेल।** नवी मुंबई पुलिस कमिश्नरेट सर्कल-3 के तहत पनवेल पुलिस स्टेशन सीमा में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा एक विशेष तलाशी और ऑल-आउट (कॉम्बिंग ऑपरेशन) अभियान चलाया गया।

### झुग्गी-झोपड़ियों का किया गया निरीक्षण

इस अभियान में सर्किल-3 के अंतर्गत तीन पुलिस स्टेशनों के 4 पुलिस निरीक्षक, 16 सहायक पुलिस निरीक्षक और 184 पुलिस प्रवर्तक शामिल हुए। इस विशेष अभियान के दौरान पनवेल शहर के नवनाथ नगर, छत्रपति शिवाजी नगर, आजाद नगर और इंदिरा नगर झुग्गियों और पनवेल बस डिपो क्षेत्र में गहन निरीक्षण किया गया। इस बीच पुलिस



ने इलाके की गतिविधियों पर नजर रखी और संदिग्धों से पूछताछ की और दस्तावेजों का सत्यापन किया। इसके साथ ही पुलिस ने शहर के प्रमुख स्थानों में से डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर प्रतिमा क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। इस ऑल आउट ऑपरेशन के लिए 2 पुलिस इंस्पेक्टर, 15 पुलिस अधिकारी और 70 पुलिस प्रवर्तक अलग से नियुक्त किए गए थे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना से वसई-विरार में सौर ऊर्जा को बढ़ावा

यशोभूमि / एजेंसी

**पालघर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत वसई-विरार क्षेत्र में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल रहा है। बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए अब लोग अपने घरों और इमारतों की छतों पर

### 1587 जगहों पर लगे सोलर पैनल

सोलर पैनल लगाने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। महावितरण की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार वसई क्षेत्र में अब तक 1,587 उपभोक्ताओं ने सौर पैनल स्थापित किए हैं जिनसे करीब 7.35 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों में वसई-विरार शहर का तेजी से विकास हुआ है। नए आवासीय प्रोजेक्ट, इमारतें और बढ़ती



आबादी के कारण यहां बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। महावितरण के आंकड़ों के अनुसार इस क्षेत्र में हर साल लगभग 9 से 10 प्रतिशत तक बिजली उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ रही है।

### उपभोक्ताओं को किया जा रहा है प्रोत्साहित

एक किलोवाट का सौर प्रोजेक्ट हर महीने लगभग 120 यूनिट बिजली का उत्पादन करता है। यदि उपभोक्ता की जरूरत से ज्यादा बिजली उत्पन्न होती है, तो उसका बिजली बिल शून्य हो सकता है और अतिरिक्त बिजली महावितरण को बेचकर उपभोक्ता आय भी प्राप्त कर सकते हैं। महावितरण की ओर से उपभोक्ताओं को अपने घरों और इमारतों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रकल्प स्थापित करने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से न केवल बिजली उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# मुंबई शिक्षा बोर्ड ने 103 कर्मचारियों पर की कार्रवाई

यशोभूमि /प्रतिनिधि

**मुंबई।** शिक्षा बोर्ड ने एक सर्कुलर के जरिए जानकारी दी है कि 10वीं, 12वीं परीक्षा में कदाचार मामले में अब तक कुल 103 कर्मचारियों पर मामला दर्ज किया गया है और उन्हें निलंबित कर दिया गया है। इस साल

### 10वीं, 12वीं परीक्षा में कदाचार मामला

10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में बड़ी संख्या में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं और परीक्षा केंद्र के दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। कर्मचारियों पर आरोप लगाए जा रहे हैं और उन्हें निलंबित किया जा रहा है। 12वीं कक्षा की परीक्षा में बीड़ जिले के चौसला स्थित आर्ट्स एंड साइंस जूनियर कॉलेज (केंद्र संख्या 224) में सामूहिक नकल का मामला उजागर हुआ। 10 फरवरी को पहले पेपर के दौरान हुई इस घटना के बाद प्रशासन ने 17 कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें सस्पेंड कर दिया है। इसी तरह छत्रपति संभाजीनगर जिले के कन्नड



तालुका के जैतापुर में नेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल (केंद्र संख्या 0079) में भी 'सामूहिक नकल' की घटना सामने आई। इस मामले में 24 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनमें से 21 को निलंबित कर दिया गया है क्योंकि सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि पर्यवेक्षक और केंद्र निदेशक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष परीक्षार्थियों को सहायता प्रदान कर रहे थे।

# प्रमाणपत्रों की जांच लंबित होने से 10 हजार डॉक्टरों का पंजीकरण अटका

यशोभूमि / प्रतिनिधि

**मुंबई।** राज्य के करीब 10 हजार होम्योपैथिक डॉक्टरों का पंजीकरण प्रमाणपत्रों की जांच लंबित होने के

- सरकार ने विधानसभा में दी जानकारी
- डॉक्टरों ने आंदोलन की दी चेतावनी

कारण अटका हुआ है। इस संबंध में राज्य सरकार ने विधानसभा में जानकारी दी। सीसीएचएमपी पाठ्यक्रम पूरा करने वाले डॉक्टरों के पंजीकरण को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने यह जानकारी दी। यह प्रश्न विधायक श्रीकांत पाटिल और प्रवीण दटके ने विधानसभा में उठाया था। सरकार ने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया महाराष्ट्र होम्योपैथी परिषद



स्तर पर अंतिम चरण में है। सरकार के अनुसार संबंधित डॉक्टरों के प्रमाणपत्रों की विस्तृत जांच अनिवार्य है। इसी कारण प्रक्रिया में देरी हो रही है। विभाग ने यह भी बताया कि पंजीकरण न होने के बावजूद कुछ डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं, ऐसी शिकायतें भी सामने आई हैं। इस बीच पंजीकरण में हो रही देरी से नाराज डॉक्टरों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। इस संबंध में सरकार को पत्र भी भेजा गया है। सरकार ने विधानसभा में बताया कि इस मामले में एक रिट याचिका मुंबई उच्च न्यायालय में लंबित है। न्यायालयीन प्रक्रिया और प्रमाणपत्र जांच से जुड़ी शर्तों के कारण कुछ तकनीकी अड़चनें भी आ रही हैं।

सरकार ने आश्वासन दिया कि सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए इस मामले को जल्द सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है और डॉक्टरों के पंजीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी।

# वाशी के यूपी भवन में हो 'सिंगल विंडो सिस्टम'

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**नवी मुंबई।** वाशी स्थित साईंनाथ एजुकेशन ट्रस्ट के राजीव गांधी कॉलेज ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस में उत्तर प्रदेश सरकार

- कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर पहुंचे नवी मुंबई
- डॉ. कुंवर हरिबंस सिंह ने की अध्यक्षता

के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के सम्मान में एक गरिमामय संवाद समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद और ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. कुंवर हरिबंस सिंह ने की। समारोह में नवी मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 200 से अधिक उद्योगपति,



शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. कुंवर हरिबंस सिंह ने यूपी में निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा। उन्होंने सुझाव दिया कि नवी मुंबई के निवेशकों और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच बेहतर समन्वय के लिए वाशी स्थित उत्तर प्रदेश भवन में एक 'सिंगल विंडो सिस्टम' स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने एक आईएएस स्तर के अधिकारी की नियुक्ति का सुझाव दिया, जो मुंबई और नवी मुंबई के उद्यमियों को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीतियों और बिजली, सड़क एवं कानून व्यवस्था जैसी सुविधाओं के बारे में सीधा मार्गदर्शन दे सकें। डॉ. सिंह ने बताया कि इंद्रावती हॉस्पिटल के माध्यम से चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### यूपी में उद्योगों का पंजीकरण हुआ दोगुना

अपने संबोधन में मंत्री अनिल राजभर ने महाराष्ट्र के विकास में उत्तर भारतीय समाज के योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में राज्य में उद्योगों का पंजीकरण दोगुना हो गया है और उत्तर प्रदेश अब सर्वाधिक हवाई अड्डों वाला राज्य बनकर उभर रहा है। उन्होंने युवाओं के लिए चलाए जा रहे कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि एक विशेष पायलट प्रोजेक्ट के जरिए युवाओं को विदेशों में उच्च वेतन वाले रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# 'सुपर वेली' में सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा



सुपरहीरो पर आधारित कहानियां हमेशा से दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं। इस कड़ी में अब एक ऐसी फिल्म आने वाली है, जिसमें सुपरहीरो का अंदाज बिल्कुल अलग और अनोखा होगा। अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी फिल्म सुपर वेली में एक ऐसे सुपरहीरो का किरदार निभाने जा रही हैं, जो सुपरहीरो की पावर को गंभीरता से नहीं लेती। उन्होंने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। फर्स्ट लुक के वीडियो से साफ जाहिर है कि इस फिल्म में उनका किरदार थोड़ा आलसी, अजीब और मजाकिया अंदाज वाला है। फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता देखी जा रही है। दरअसल, कुछ दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने मजाक में कहा था कि मैं वेली हूं। आम बोलचाल की भाषा में वेली शब्द का मतलब होता है कि कोई ऐसा व्यक्ति, जिसके पास करने के लिए कोई काम न हो या जो खाली बैठा हो। उनके इस वीडियो को कुछ यूजर्स ने गलत तरीके से समझ लिया और कहने लगे कि अदा शर्मा के पास काम नहीं है और वह खाली बैठी हैं, लेकिन अब जब अदा शर्मा ने फिल्म के टाइटल का खुलासा किया, तो लोगों को समझ आया कि वह अपनी आने वाली फिल्म का प्रमोशन कर रही थीं। सुपर वेली में अदा का अंदाज पूरी तरह बदला दिखेगा। यह फिल्म एक ऐसे सुपरहीरो की कहानी दिखाती है, जो पारंपरिक हीरो की तरह जिम्मेदार नहीं है। फिल्म के फर्स्ट लुक में अदा शर्मा का सुपरहीरो किरदार दुनिया को बचाने की जिम्मेदारी उठाने से ज्यादा आराम करना पसंद करती है। वह अक्सर सोने या आराम करने के बारे में ही सोचती है, बावजूद इसके किसी न किसी तरह बड़ी घटनाओं के बीच पहुंच जाती है। कभी वह बेहद अनाड़ी लगती है, तो कभी अचानक समझदारी भरा कदम उठाती नजर आती है।

# अनिल कपूर को ऑफर किया गया था 'धुरंधर 2' में रोल



अभिनेता अनिल कपूर ने कहा है कि उन्हें आदित्य धर की आगामी फिल्म धुरंधरः द रिवेंज में अतिथि भूमिका की पेशकश की गई थी। अभिनेता ने स्वीकार किया कि यह उनका नुकसान है कि उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकराया। अनिल कपूर ने कहा कि जब आदित्य धर ने उनसे संपर्क किया, तब तक वे अपनी शूटिंग की तारीखें एक अन्य फिल्म निर्माता को दे चुके थे। उन्होंने कहा कि हां, आदित्य धर फिल्म धुरंधर 2 के लिए मेरे पास आए थे। वे चाहते थे कि मैं फिल्म में एक छोटा सा कैमियो करूं, लेकिन आज मैं जो कुछ भी हूं, वह अपने पेशेवर रवैये और प्रतिबद्धता के कारण हूं। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है, सिर्फ प्रतिभा से आप वो नहीं बन सकते जो आप हैं। उस समय मैंने उन तारीखों को पहले ही एक अन्य फिल्म निर्माता को दे दिया था। मैंने आदित्य धर से कहा कि मुझे यह कैमियो करना बहुत अच्छा लगता, लेकिन मैंने पहले से ही किसी और फिल्म के लिए हां कर दी है। अब वो फिल्म रिलीज कर रहे हैं और यह एक शानदार फिल्म है। यह मेरा नुकसान है, लेकिन कोई बात नहीं। अभिनेता ने कहा कि वह फिल्म निर्माता के साथ काम करना चाहेंगे। आदित्य धर की फिल्म धुरंधर में कंधार विमान अपहरण, 2001 के संसद हमले और 26/11 मुंबई हमलों जैसी भू-राजनीतिक और आतंकी घटनाओं की पृष्ठभूमि पर आधारित गुप्त खुफिया अभियानों को दिखाया गया है। धुरंधर द रिवेंज 19 मार्च को पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# कोरिया में शूटिंग करना प्रियंका मोहन के लिए रहा चुनौतीपूर्ण



दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री प्रियंका अरुल मोहन इन दिनों अपनी नई फिल्म मेड इन कोरिया को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बनी हुई है। इसकी शूटिंग का बड़ा हिस्सा दक्षिण कोरिया में शूट हुआ और इसी वजह से प्रियंका को वहां करीब 40 दिनों तक रहना पड़ा। एक इंटरव्यू में प्रियंका ने बताया कि कोरिया में शूटिंग करना उनके लिए जितना रोमांचक था, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी रहा। उन्होंने खास तौर पर दो ऐसी चुनौतियों का जिक्र किया, जिनसे उन्हें जद्दोजहद करनी पड़ी। प्रियंका ने कहा कि कोरिया में रहते हुए सबसे बड़ी परेशानी खाने को लेकर हुई। वहां की ज्यादातर डिशेज में रेड मीट का इस्तेमाल किया जाता है। चूंकि मैं शाकाहारी खाना पसंद करती हूं, इसलिए मेरे लिए वहां का खाना अपनाना थोड़ा मुश्किल हो गया था। प्रियंका ने हंसते हुए कहा कि मैं पूरी तरह शाकाहारी नहीं हूं, लेकिन आमतौर पर वही खाना पसंद करती हूं। हालांकि अब मैं थोड़ा-बहुत चिकन खा लेती हूं, इसलिए कई बार मुझे उसी से काम चलाना पड़ा। खाने के अलावा कोरिया का मौसम भी प्रियंका के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया। प्रियंका ने कहा कि वहां का मौसम बहुत तेजी से बदलता है और कई बार एक ही दिन में तीन-तीन तरह के मौसम देखने को मिल जाते हैं। सुबह तेज धूप होती है, दोपहर में अचानक बारिश शुरू हो जाती है और रात तक बर्फ गिरने लगती है। ऐसे बदलते मौसम में शूटिंग करना पूरी टीम के लिए मुश्किल हो जाता था, क्योंकि फिल्म की शूटिंग में कई तकनीकी चीजों का ध्यान रखना पड़ता है। इसके बावजूद पूरी टीम ने मिलकर काम किया और फिल्म की शूटिंग सफलतापूर्वक पूरी की। प्रियंका ने कहा कि कोरिया में काम करने का अनुभव मेरे लिए बेहद खास रहा। यह मेरा पहला अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट था और कोरियाई कलाकारों के साथ काम करना मुझे बहुत अच्छा लगा। वहां के कलाकार जमीन से जुड़े हुए लोग हैं।

# फातिमा ने जिंदगी के संवेदनशील पहलू पर की बात



अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने हाल ही में सोहा अली खान के पॉडकास्ट में अपनी निजी जिंदगी के एक संवेदनशील पहलू पर खुलकर बात की। अभिनेत्री ने इस एपिसोड में अपनी बीमारी मिर्गी (एपिलेप्सी) के बारे में विस्तार से बताया। सोहा ने कहा कि दंगल की शूटिंग के दौरान आपको मिर्गी (एपिलेप्सी) होने का पता चला। फातिमा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत ही दर्दनाक अनुभव था। मुझे जैसे ही समझ में आया कि मुझे सीजर आने वाला है, मैंने वहां मौजूद लोगों को इस बात की जानकारी दी, लेकिन किसी को इसके बारे में पता ही नहीं था, लेकिन किस्मत से आमिर खान और सानिया वहां मौजूद थे। मैंने सानिया को अनजाने में काट लिया और उसके हाथ से खून बहने लगा। मुझे उस घटना की कोई याद नहीं रही। बस इतना पता है कि मैं बहुत डर गई, बेहोश हो गई और फिर अस्पताल में थी। फातिमा ने बताया कि शुरुआत में कई लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। कुछ ने सोचा कि यह ध्यान खींचने का एक तरीका है या शायद किसी नशीले पदार्थ की वजह से हुआ है। फातिमा ने कहा कि मुझे हैरानी तब हुई जब डॉक्टर ने मेरे पेरेंट्स से कहा कि इसे गंभीरता से न लें। यह आम बात है। फातिमा ने बताया कि शुरुआत में वे इनकार में रहीं। वे सोचती थीं कि मैं पागल नहीं हूं, मुझे दवाइयां क्यों दी जा रही हैं? फातिमा ने बताया कि इस समस्या की वजह से उनकी निजी और प्रोफेशनल लाइफ पर काफी असर पड़ा था। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की वजह से मैं सामाजिक जीवन से दूर हो गई थी। कोई सहानुभूति नहीं मिलती। लोग अलग-थलग कर देते हैं। मैंने खुद को अलग कर लिया। फातिमा ने बताया कि उनकी हालत अन्य मरीजों की तुलना में ज्यादा गंभीर नहीं है।

# 'रफ्तार' में दिखेगी राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश की जोड़ी



हिंदी सिनेमा के मशहूर अभिनेता राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म रफ्तार में साउथ सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री कीर्ति सुरेश के साथ नजर आएंगे। शनिवार को मेकर्स ने पहला पोस्टर जारी कर रिलीज डेट की घोषणा की। राजकुमार राव ने फिल्म का पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और पोस्टर काफी शानदार है। ब्लैक और मेटैलिक गोल्ड टोन वाले स्लीक, डार्क और मिस्टीरियस डिजाइन में पोस्टर पर रफ्तार लिखा है। वहीं, टाइटल के ऊपर कीर्ति सुरेश और अभिनेता राजकुमार राव का नाम लिखा हुआ है। राजकुमार ने पोस्ट कर लिखा, महत्वाकांक्षा ने इसे बनाया और लालच इसकी परीक्षा लेगा। रफ्तार 24 जुलाई को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य निंबालकर कर रहे हैं, जबकि इसे राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा अपने बैनर के तहत प्रोड्यूस कर रही हैं। पोस्ट शेयर करने के बाद राजकुमार के दोस्त और साथी कलाकारों ने प्रतिक्रिया दी। अभिनेता अनूप सोनी, मुकेश छाबरा, करिश्मा शर्मा और परमवीर चीमा ने कमेंट सेक्शन पर इमोजी शेयर कर प्रतिक्रिया दी। इस फिल्म के जरिए निर्देशक ने शिक्षा और स्टार्ट-अप उद्योग की पृष्ठभूमि में प्यार, लालच और महत्वाकांक्षा पर जोर दिया है। फिल्म की कहानी तेजी से बढ़ते स्टार्ट-अप और दो महत्वाकांक्षी लोगों (राजकुमार और कीर्ति) के बीच के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां पैसा और ताकत के चलते प्यार और लालच का टकराव होता दिखेगा। इस फिल्म में राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश के अलावा अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि, कीर्ति सुरेश की ये दूसरी हिंदी फिल्म होगी, जिसमें वे राजकुमार के साथ नजर आएंगी। अभिनेत्री इससे पहले साल 2024 की फिल्म बेबी जॉन में नजर आई थीं। इस फिल्म का निर्देशन ए. कलीस्वरन ने किया था और यह तमिल फिल्म थेरी का रीमेक थी।

# अंगूर खाने से इन परेशानियों से मिलेगी राहत, जानिए इसके सभी फायदे

गर्मी का मौसम आ रहा है और बाजार विभिन्न प्रकार के फलों से भरा पड़ा है। इनमें से अंगूर एक ऐसा फल है, जिसकी मदद से आप न सिर्फ खुद को हाइड्रेटेड रख सकते हैं, बल्कि शरीर को कई बीमारियों से भी बचा सकते हैं। अगर आप इनका नियमित रूप से सेवन करते हैं तो यह हमें कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर, शुगर, कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से बचा सकता है। आइए जानते हैं इसके जबरदस्त फायदों के बारे में। हेल्थलाइन के मुताबिक अंगूर में विटामिन के और कॉपर पाया जाता है, जो ब्लड क्लॉटिंग की समस्या को दूर करने के साथ-साथ एनर्जी बढ़ाने का भी काम करता है। यह हमारी हड्डियों को भी मजबूत बनाता है। इसके अलावा इसमें फाइबर, विटामिन बी6, पोटैशियम, विटामिन सी, मैंगनीज जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

### क्या-क्या होता है अंगूर में

अंगूर में पोटैशियम भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो ब्लड प्रेशर को मेंटेन करने में मदद करता है। यह नर्वस सिस्टम और नसों को स्वस्थ रखने का भी काम करता है। हालांकि अगर आपको हाई या लो ब्लड प्रेशर की समस्या है तो आप सीमित मात्रा में इसका सेवन कर सकते हैं।

### खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करे

शोध में पाया गया है कि अगर आप कोलेस्ट्रॉल की समस्या से जूझ रहे हैं और 500 ग्राम लाल अंगूर का सेवन करते हैं तो यह आपके खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में तेजी से काम कर सकता है। इतना ही नहीं अंगूर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकते हैं।



### फ्री रेडिकल्स से बचाव

अंगूर में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान और सेल डैमेज को ठीक करने में काफी फायदेमंद होता है। बता दें कि फ्री रेडिकल्स के कारण कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह आदि होने की संभावना बढ़ जाती है। यह त्वचा, बालों और आंखों के लिए भी फायदेमंद है। ऐसे में आप अपनी डाइट में अंगूर को जरूर शामिल करें।

### डायबिटीज की समस्या

डायबिटीज की समस्या में भी आप कम मात्रा में अंगूर का सेवन कर सकते हैं। अगर आप इसका सेवन करते हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि इसे कम मात्रा में ही खाएं। दरअसल, यह लो जीआई फूड है, जो इंसुलिन रेजिस्टेंट बनाता है और इसके उत्पादन को भी बढ़ाता है। यह उम्र बढ़ने के संकेतों को भी धीमा कर सकता है और आपकी त्वचा को जवां बनाए रख सकता है।

## यशोभूमि वर्ग पहेली क्र. 47

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| 10 | | | 11 | | ■ | 12 | |
| | ■ | 13 | | ■ | 14 | ■ | ■ |
| 15 | 16 | ■ | 17 | 18 | | | 19 |
| ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| 23 | | | | ■ | 24 | | |

**बाएं से दाएं :** 1. कब्जा, घुसपैठ, अवैध कब्जा 4. सजा को उलटिए 6. कपि, मर्कट 7. गायब, नदारद 9. मनुष्यता, इंसानियत 10. जानकी जी, जनकनंदिनी 12. धूल 13. अंधेरा, अंधकार 15. जोर, ताकत 17. शेरिफ 20. वृक्ष का मोटा भाग 22. धब्बा, लांछन 23. शिल्पी, शिल्पकार 24. नाखुश, अप्रसन्न

**ऊपर से नीचे :** 2. पचास और तीन 3. नशा, खाता 4. पशु, चौपाया 5. पति, मुकुट 6. वाण का अपभ्रंश 7. बेजोड़ 8. बल, जोर 9. जननी, मां 11. पुष्प, फूल 14. अनेक गांवों वाला भूभाग 16. पनही, जूता 18. भीम का हथियार 19. स्वादिष्ट, रसदार 21. एक विषधर सर्प

## मध्यम सुडोकू

खाने में 1 से 6 तक की संख्याएं और 2 बाय 3 के ऐसे 6 वर्ग इस प्रकार भरिए कि ये संख्याएं किसी भी स्तंभ की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 1 | | 4 |
| 1 | 2 | | 5 | | |
| 3 | | | | 5 | |
| | 6 | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | 6 |
| 4 | | 6 | 2 | | |

## छोटों के लिए सुडोकू

इस 4 बाय 4 बॉक्स में नंबर दिए गए हैं। रिक्त स्थानों को भरें और इस मिनी सुडोकू पहेली को पूरा करें। बॉक्स में 1 से 4 तक की संख्याएं और 2 बाय 2 के ऐसे चार वर्ग इस प्रकार भरें कि ये संख्याएं किसी भी कॉलम की पंक्ति में दोहराई न जाएं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | | | 1 |
| | | 2 | |
| | | | 4 |
| | 1 | | |

## सूडोकु नवताल- 47

★★★★★ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 6 | | 5 | 1 | 4 | | 7 |
| 9 | 4 | | 7 | | | | 2 | |
| 1 | | 8 | | 9 | 4 | | 5 | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | 2 | | 4 | 8 | 3 | | 9 |
| 7 | | | 5 | | | | 6 | |
| 4 | 9 | | 3 | 2 | | 7 | | 6 |
| | 2 | | | | 6 | | 3 | 5 |
| 6 | | 3 | 9 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

▸ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 33 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें। पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते। पहेली का केवल एक ही हल है।

### कल के छोटों सुडोकू का जवाब

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 3 |

### कल के मध्यम सुडोकू का जवाब

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 6 | 1 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 5 |

### वर्ग पहेली क्र. 46 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श्व | गं | धा | ■ | द | वा | त |
| दा | ■ | ध | ■ | श्या | म | ■ | ल |
| ल | ट | क | ना | ■ | क | ल | वा |
| त | प | ■ | पा | ग | ल | ■ | र |
| ■ | क | ल | क | ल | ■ | न | ■ |
| प | ना | ह | ■ | ना | ग | वा | र |
| क्षी | ■ | र | मा | ■ | ज | ज | ■ |
| ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | ती |

### सूडोकु नवताल- 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# साप्ताहिक राशि भविष्य

15 मार्च 2026 से 21 मार्च 2026 तक

ज्योतिर्विद् डा.बालकृष्ण मिश्र, विद्या वारिधि (पी. एच.डी.)(काशी)

### मेष

इस सप्ताह आपको अपने काम को बहुत ही सुनियोजित तरीके से करना होगा और अचानक से आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा। कार्यक्षेत्र में सक्रियता और प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी । आपकी राशि से दशम भाव का स्वामी शनि है और इस समय आपकी राशि से 12वें भाव पर बैठा हुआ है। आपकी राशि पर शनि की साढ़ेसाती का भी प्रभाव चल रहा है। शनि के कारण अधिक परिश्रम भी करना पड़ सकता है। यदि व्यापार से जुड़े हैं तो व्यापार की वृद्धि कराएगा अपने नवम दृष्टि से भाग्य भाव को देख रहा है। शनि की साढ़ेसाती के कारण बड़ों के सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी न होने दें। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको हनुमान चालीसा का तीन बार पाठ जरूर करना चाहिए।

### वृषभ

इस सप्ताह आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, क्योंकि आपकी राशि से सप्तम भाव और 12वें भाव का स्वामी मंगल दशम भाव पर बैठ करके कुलदीपक नाम का योग बन रहा है। यदि कहीं प्रॉपर्टी देख रहे हैं तो प्रॉपर्टी खरीदना आपके लिए लाभदायक हो सकता है और यदि जीवनसाथी चयन करने की मानसिकता बने हैं, यह समय आपके लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा। आपकी राशि से दूसरे स्थान पर देवगुरु बृहस्पति बैठा हुआ है। करियर में भी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा, लेकिन अनावश्यक खर्चों से बचें। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको गणेश जी का दर्शन करना जरूरी होगा।

### मिथुन

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि आपकी राशि का स्वामी बुद्ध भाग्य भाव पर बैठ करके केंद्र त्रिकोण राजयोग बना रहा है। इस राजयोग के कारण आपके अधूरे कार्य भी पूर्ण होंगे और आपकी राशि पर ही चंद्रमा ग्रह के साथ में देवगुरु बृहस्पति बैठ करके गजकेसरी योग भी बना रहा है। इस योग के कारण यदि आप शिक्षा ले रहे होंगे तो बहुत अच्छी सफलता मिलेगी। नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। ब्रहस्पति अपने नवम दृष्टि से भाग्य भाव पर बैठे लग्न के स्वामी बुध को देख रहा है। इसलिए भाग्य की वृद्धि निश्चित होगी, इसमें संदेह करने की बात नहीं है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। शुभ फल प्राप्त करने के लिए हनुमान जी का दर्शन करना जरूरी होगा।

### कर्क

इस सप्ताह आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। लेकिन सकारात्मक सोच के साथ में आपको काम करना बहुत आवश्यक है, क्योंकि आपकी राशि से दूसरे स्थान पर सूर्य के घर में केतु बैठा हुआ है। इस कारण कन्फ्यूजन बनाएगा, कन्फ्यूजन में कोई भी कार्य न करें। सकारात्मक सोच के साथ में यदि काम करेंगे तो निश्चित आपके सारे अधूरे कार्य भी पूर्ण होंगे। मंगल आपकी कुंडली में अष्टम भाव पर बैठा है। अष्टम भाव पर बैठ करके अपने पूर्व सप्तम दृष्टि से धन भाव को देख रहा है, इसलिए आपके अंदर क्रोध न आने पाये अहंकार भी न आने पाये, नहीं तो बना बनाया काम बिगड़ सकता है।खर्चों पर नियंत्रण रखें। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको सूर्य को अर्घ्य जरूर देना चाहिए।

### सिंह

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, क्योंकि आपकी राशि का स्वामी सूर्य आपकी राशि से सातवें स्थान पर बैठ करके लग्न को अपनी पूर्ण दृष्टि से देखा है, लेकिन लग्न पर केतु बैठा हुआ है और सूर्य ग्रह के साथ में राहु बैठ करके ग्रहण योग बन रहा है। आप के अंदर चिड़चिड़ापन भी आ सकता है और क्रोध में लिया गया निर्णय से कार्य पूर्ण नहीं हो पाएगा। यदि प्रतियोगी परीक्षा देना चाह रहे हैं तो प्रयास करें आपको सफलता मिल सकते हैं, क्योंकि देवगुरु बृहस्पति पंचम भाव के स्वामी हो करके लाभ भाव पर बैठ करके अपनी सप्तम दृष्टि से पंचम भाव को देख रहे हैं, शुभ फल प्राप्त करने के लिए बच्चों को केला फल दें।

### कन्या

इस सप्ताह आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि चंद्रमा ग्रह के साथ में दशमी स्थान पर देवगुरु बृहस्पति बैठ करके गजकेसरी योग बना रहे हैं, इस योग के कारण सारे अधूरे कार्य आपकी परिपूर्ण होंगे, लेकिन सकारात्मक सोच के साथ में आपको कोई भी काम करना होगा। पंचम भाव का स्वामी मंगल आपकी कुंडली में पराक्रम भाव पर बैठ करके आपकी कार्यक्षेत्र को बढ़ाएगा और मेहनत के आधार पर ही आपको पारिश्रमिक भी करना चाहिए। इसलिए पराक्रम भाव पर बैठा हुआ मंगल अपनी चौथी दृष्टि से शत्रु भाव को ही देख रहा है, इसलिए शत्रु से भी निजात दिलाएगा, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको गाय को गुड़ एवं चना खिलाना चाहिए।

### तुला

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, क्यों कि आपके पराक्रम भाव का स्वामी देवगुरु बृहस्पति भाग्य भाव पर बैठ करके अपने पंचम दृष्टि से लग्न को देख रहे हैं, जिस कारण आपका आत्म बल भी बढ़ेगा और सप्तम दृष्टि से पराक्रम भाव को देख रहे हैं, इससे आपके पराक्रम की वृद्धि भी होगी और नवम दृष्टि से पंचम भाव को भी देख रहे हैं, यह कोई प्रतियोगी परीक्षा देना चाहते हैं तो उसमें भी आपको सफलता मिलेगी, लेकिन सकारात्मक सोच के साथ में काम करना आपके लिए विशेष लाभदायक होगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको मंदिर के आसपास बैठे हुए गरीबों को दान करना चाहिए।

### वृश्चिक

इस सप्ताह आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, इस सप्ताह ही कहीं प्रॉपर्टी आप देख रहे हैं तो प्रॉपर्टी खरीदने के लिए निश्चित मानसिकता बना करके प्रॉपर्टी आप खरीद सकते हैं, क्योंकि प्रॉपर्टी के स्थान पर मंगल बैठा हुआ है। वह मंगल आपकी कुंडली में लग्न भाव का स्वामी है। यदि किसी व्यापार से जुड़े हैं तो व्यापार में वृद्धि का संजोग बन रहा है और यदि नौकरी कर रहे हैं तो प्रमोशन भी होने का चांस आएगा। अथवा स्थान परिवर्तन करने के लिए भी योग बन रहे हैं। किसी भी प्रकार से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको छक्का को दान करना चाहिए।

### धनु

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, आपकी राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति सप्तम भाव पर बैठा है और चंद्रमा सप्तम भाव पर बैठ करके ही गजकेसरी योग बना रहे हैं। इस योग के कारण आपके अधूरे कार्य परिपूर्ण होंगे और सप्तम भाव पर बृहस्पति बैठ करके अपने पंचम दृष्टि से लाभ भाव को देख रहा है। इसलिए आर्थिक लाभ अच्छा होगा, आपके अंदर आत्मबल बढ़ेगा और आपके अंदर पराक्रम की भी वृद्धि होगी और इस पराक्रम के आधार पर आप अपने सारे अधूरे कार्य को परिपूर्ण कर लेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल पाने के लिए शिव जी को जल जरूर चढ़ाएं।

### मकर

इस सप्ताह आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि आपकी राशि का स्वामी शनि देव पराक्रम भाव पर बैठ करके आपसे मेहनत खूब करवाएंगे और मेहनत के आधार पर ही आपको आर्थिक लाभ भी दिलवाएंगे। मेहनत करने से आप चूकें न क्योंकि इस सप्ताह आपके पुरुषार्थ पर ही फल की प्रति बना हुआ है। आलस का त्याग करें और आपकी राशि से 12वें भाव का स्वामी और पराक्रम भाव का स्वामी बृहस्पति छठे भाव पर बैठा है, जो आपके लिए ठीक नहीं है। नकारात्मकता को समाप्त कर सकारात्मक के आधार पर कार्य करें, खर्चों पर नियंत्रण रखें। शुभ फल प्राप्त करने के लिए हनुमान जी का दर्शन करना विशेष लाभदायक होगा।

### कुंभ

इस सप्ताह आपको अपने काम में मेहनत करनी होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, क्योंकि आपकी राशि पर शनि की साढ़ेसाती का अंतिम चरण चल रहा है। आपकी राशि के स्वामी शनि दूसरे स्थान पर बैठे हुए हैं जहां से धन का विचार किया जाता है। आर्थिक लाभ खूब कराएगा, इसमें कोई संदेश नहीं, लेकिन मेहनत करने से भी आप कमजोर न बनें, आपकी राशि पर ही मंगल बैठा हुआ है। मंगल के साथ में यदि राहु ग्रह बैठता है तो अंगारक योग भी बनता है, इस कारण आपके अंदर चिड़चिड़ापन आ सकता है। अनावश्यक खर्चों से बचें। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको हनुमान चालीसा का तीन बार पाठ जरूर करना चाहिए।

### मीन

इस सप्ताह आपको अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, क्योंकि आपकी राशि से चौथे स्थान पर और बृहस्पति से दसवें स्थान पर चंद्रमा बैठा हुआ है, जिस कारण आपकी राशि पर गजकेसरी योग भी बन रहा है। इस गज केसरी योग के कारण आपके अधूरे कार्य पूर्ण होंगे, लेकिन आपकी राशि पर शनि की साढ़ेसाती भी चल रही है, शनि की साढ़ेसाती से शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको प्रतिदिन हनुमान चालीसा का तीन बार पाठ करना चाहिए और हनुमान जी का दर्शन भी करना चाहिए। अनावश्यक खर्चों से बचें। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी । शुभ फल प्राप्त करने के लिए हनुमान जी का दर्शन आवश्यक है।

# शीतला माता मंदिर : लखनऊ की लोक-आत्मा में प्रतिष्ठित धाम



यशोभूमि धर्म/अध्यात्म



**लखनऊ को अक्सर नवाबी तहजीब, शायरी और इमारतों के शहर के रूप में देखा जाता है, लेकिन इस शहर की असली आत्मा उसकी लोक-आस्था में बसती है। गोमती के किनारे विकसित हुई यह नगरी जितनी नफासत के लिए जानी जाती है, उतनी ही गहरी उसकी देवी-परंपराएं हैं। इसी लोक-आस्था का सबसे सशक्त और जीवंत प्रतीक है शीतला माता मंदिर, जो मेंहदीगंज-टिकैतगंज क्षेत्र में टिकैत राय तालाब के समीप स्थित है। यह मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि लखनऊ के सामूहिक स्मृति-बोध, लोकविश्वास और सामाजिक जीवन का केंद्र है।**

शीतला माता यहां रोग-नाशिनी देवी के रूप में ही नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित रखने वाली शक्ति के रूप में पूजी जाती हैं। इस मंदिर की विशेषता यह है कि यहां श्रद्धा किसी शास्त्रीय जटिलता से नहीं, बल्कि लोक परंपरा की सहजता से बहती है। पीढ़ियों से चला आ रहा यह विश्वास कि माता बच्चों की रक्षा करती हैं, परिवारों को जोड़ता है और समाज को अनुशासन सिखाता है – इसी ने शीतला माता को लखनऊ की लोकदेवी बना दिया है।

### पौराणिक स्मृति और नवाबी पुनर्जागरण

शीतला माता मंदिर की जड़ें लोककथाओं और पौराणिक स्मृतियों में गहराई तक समाई हुई हैं। मान्यता है कि त्रेतायुग में भगवान राम के पुत्र लव ने अश्वमेध यज्ञ के प्रसंग में इस क्षेत्र को धार्मिक महत्व प्रदान किया था। यज्ञ के घोड़े से जुड़ी कथाएं आज भी मंदिर परिसर की प्रतीकात्मक परंपराओं में जीवित हैं। यह विश्वास कि माता सीता ने वनवास काल में यहां विश्राम किया था, इस स्थल को मातृत्व और करुणा की भूमि के रूप में स्थापित करता है।

इतिहास के प्रवाह में जब यह क्षेत्र आक्रमणों और उपेक्षा का शिकार हुआ, तब भी माता की स्मृति लोकमन से लुप्त नहीं हुई। अठारहवीं शताब्दी में नवाबी दौर के दौरान इस आस्था को नया जीवन मिला, जब राजा टिकैत राय के स्वप्नानुभव से माता की पिंडी पुनः प्रकट हुई। उसी क्षण से यह स्थल केवल मंदिर नहीं रहा, बल्कि पुनर्जन्म का प्रतीक बन गया। टिकैत राय तालाब का निर्माण भी इसी भावना का विस्तार था – जल, शक्ति और जीवन के संतुलन का संकेत।

यह पुनरुद्धार किसी राजकीय आदेश का परिणाम नहीं था, बल्कि लोकविश्वास और देवी-स्मृति की स्वाभाविक वापसी थी। यही कारण है कि शीतला माता मंदिर आज भी नवाबी लखनऊ और प्राचीन अवध परंपरा के बीच सेतु की तरह खड़ा दिखाई देता है।

### सात बहनों की शक्ति और लोक-धार्मिक संरचना

शीतला माता मंदिर की एक विशिष्ट पहचान यह है कि यहां देवी अकेली नहीं, बल्कि अपनी सात बहनों के साथ विराजमान हैं। यह स्वरूप शक्ति के एकांगी नहीं, बल्कि सामूहिक रूप का संकेत देता है। सरस्वती, काली, दुर्गा, भैरवी, खजूरिया, अन्नपूर्णा और चंडी – ये सभी देवी-रूप जीवन के अलग-अलग पक्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं: ज्ञान, साहस, संरक्षण, उग्रता, पोषण और संपूर्णता। मंदिर परिसर में स्थित शिव, गणेश, हनुमान और ऋषि शाण्डिल्य के स्थान इस बात को रेखांकित करते हैं कि यह धाम केवल शाक्त नहीं, बल्कि समन्वयकारी है। यहां पूजा किसी एक संप्रदाय की सीमा में नहीं बंधती। नीम का प्राचीन वृक्ष, जिसकी आकृति सिंह जैसी मानी जाती है, लोकमानस में माता के वाहन का सजीव प्रतीक बन चुका है – मानो प्रकृति स्वयं देवी की उपस्थिति की साक्षी हो।

यह संरचना बताती है कि शीतला माता का यह धाम किसी एक मूर्ति का नहीं, बल्कि संपूर्ण लोक-ब्रह्मांड का केंद्र है, जहां देवी, देवता और प्रकृति एक साथ संवाद करते हैं।

### आठों का मेला, बसौड़ा और सामाजिक चेतना

शीतला माता मंदिर की जीवंतता का चरम रूप होली के बाद पड़ने वाली शीतला अष्टमी को दिखाई देता है, जब ऐतिहासिक 'आठों का मेला' लगता है। यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लखनऊ की सामूहिक चेतना का उत्सव है। सदियों से चला आ रहा यह आयोजन लोक-परंपरा की निरंतरता का प्रमाण है। बसौड़ा की परंपरा – माता को बासी भोजन का भोग – केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि लोक-स्वास्थ्य का संदेश भी है। यह संकेत देता है कि ऋतु परिवर्तन के साथ भोजन और जीवन-शैली में संयम आवश्यक है। शीतला माता यहां रोगों की भयावह देवी नहीं, बल्कि अनुशासन सिखाने वाली शक्ति बनकर उभरती हैं। नवविवाहितों का यहां आना, बच्चों के संस्कार और परिवारों की सामूहिक मन्नतें – ये सभी परंपराएं इस मंदिर को सामाजिक केंद्र बना देती हैं। विशेष बात यह है कि यहां विभिन्न समुदायों की सहभागिता सहज रूप से दिखाई देती है। यही वह बिंदु है जहां शीतला माता मंदिर लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब का सजीव रूप बन जाता है। यह मंदिर इसलिए विशिष्ट है क्योंकि यहां श्रद्धा डर से नहीं, विश्वास से जन्म लेती है और वही विश्वास शीतला माता को लखनऊ की लोक-आत्मा में स्थाई रूप से प्रतिष्ठित करता है।

# टोक्यो का रोबोट रेस्टोरेंट

## जहां भोजन नहीं, कल्पना परोसी जाती है



यशोभूमि अजब-गजब

टोक्यो की रातों में अगर कहीं हकीकत सबसे पहले टूटती है, तो वह शिंजुकु की उन गलियों में होता है जहां रोशनी जमीन पर नहीं गिरती, बल्कि हवा में तैरती है। नियॉन रंगों की इसी भूलभुलैया में एक ऐसा मंच रचा गया है, जो न तो पूरी तरह रेस्टोरेंट है और न ही सिर्फ शो – बल्कि जापानी दिमाग की उस अजब-गजब उड़ान का उत्सव है, जहां तकनीक, परंपरा और पागलपन एक ही फ्रेम में कैद हो जाते हैं। कभी रोबोट रेस्टोरेंट के नाम से मशहूर यह जगह अब 'सामुराई रेस्टोरेंट टाइम' के रूप में लौट चुकी है, लेकिन उसका मूल स्वभाव आज भी वही है – तेज, चमकदार और पूरी तरह अप्रत्याशित।





यहां आने वाला दर्शक दरअसल खाने नहीं, बल्कि एक ऐसे अनुभव में उतरने आता है जो पांचों इंद्रियों पर एक साथ हमला करता है। यह वह टोक्यो है जिसे दुनिया 'वाकी जापान' कहती है – जहां सामान्य मनोरंजन को जानबूझकर असामान्य बना दिया जाता है।

### नियॉन की भूलभुलैया: शिंजुकु और काबुकीचो का मंच

यह अनुभव टोक्यो के सबसे जीवंत इलाके शिंजुकु के काबुकीचो क्षेत्र में आकार लेता है। काबुकीचो खुद में किसी साइंस-फिक्शन सेट जैसा लगता है – ऊंची इमारतें, चमकते साइनबोर्ड और हर कदम पर बदलती ध्वनियां। इसी शोरगुल में यह शो छिपा है, मानो शहर की धड़कन को और तेज करने के लिए ही पैदा हुआ हो।

**पहले अवतार में रोबोट रेस्टोरेंट का चेहरा पूरी तरह भविष्यवादी था** — धातु, मशीनें और विदेशी इलेक्ट्रॉनिक संगीत। महामारी के बाद जब यह 'सामुराई रेस्टोरेंट टाइम' बनकर लौटा, तो इसमें एक नया रंग घुल गया। अब रोबोटों के साथ-साथ सामुराई, निन्जा और जापानी लोककथाओं के पात्र भी मंच पर उतरते हैं। यह बदलाव इसे सिर्फ एक टेक-शो नहीं, बल्कि सांस्कृतिक फैंटेसी बना देता है – जहां अतीत और भविष्य एक साथ नाचते हैं।

### शोर, रोशनी और युद्ध का उत्सव

जैसे ही शो शुरू होता है, दर्शक 'सेंसरी ओवरलोड' की स्थिति में पहुंच जाता है। दीवारें सोने और दर्पणों से ढंकी हैं, छत से नियॉन लाइट्स बरसती हैं और संगीत इतना तेज है कि धड़कनें उसकी ताल पकड़ लेती हैं।

प्रदर्शन कई स्तरों पर खुलता है – कभी पारंपरिक ताइको ढोल की गूंज सुनाई देती है, तो कभी मंच के नीचे से विशाल रोबोटिक संरचनाएं निकल आती हैं। ड्रैगन, शार्क और ट्रांसफॉर्मर-जैसी मशीनें एक-दूसरे से टकराती हैं, मानो किसी वीडियो गेम का लाइव संस्करण चल रहा हो।

इस तमाशे की सबसे खास बात है उसका जानबूझकर किया गया अतिरंजन। यहां कुछ भी 'सूक्ष्म' नहीं है–हर रंग ज्यादा चमकदार, हर आवाज ज्यादा तेज और हर दृश्य ज्यादा बड़ा है। नर्तक इन भारी मशीनों पर चढ़कर करतब दिखाते हैं, लेजर लाइट्स हवा में ज्यामितीय आकृतियां बनाती हैं और दर्शक पल-भर के लिए भूल जाता है कि वह किसी थिएटर में बैठा है।

### भोजन, दर्शक और अनुभव की शर्तें

इस जगह पर खाना केवल औपचारिकता है। टिकट के साथ मिलने वाला बेंटो बॉक्स पेट भरने से ज्यादा हाथ व्यस्त रखने का साधन लगता है। सुशी, ग्रिल्ड आइटम या साधारण स्नैक्स – सब कुछ औसत है, मानो आयोजक पहले ही मान चुके हों कि यहां कोई स्वाद की तलाश में नहीं आया।

असल सवाल यह है कि यह अनुभव किसके लिए है। जो लोग एनीमे, साइंस-फिक्शन और फोटोग्राफी के शौकीन हैं, उनके लिए यह किसी जश्न से कम नहीं। कैमरे के लिए हर सेकंड एक नया फ्रेम देता है। वहीं, शांति चाहने वालों या तेज रोशनी से परेशान होने वालों के लिए यह जगह चुनौती बन सकती है। यहां की चमक और शोर एक सीमा के बाद थका भी सकते हैं।

टिकट की कीमतें भी अनुभव के अनुरूप हैं – यह सस्ता मनोरंजन नहीं, बल्कि टोक्यो की रातों का एक हाई-वोल्टेज अध्याय है। शो से पहले पहुंचना, नियमों का पालन करना और खुद को पूरी तरह छोड़ देना – यही इस दुनिया में प्रवेश का तरीका है।

रोबोट रेस्टोरेंट, या उसका नया सामुराई अवतार, दरअसल जापान की उस मानसिकता का आईना है जहां मनोरंजन को भी एक कला की तरह लिया जाता है–अत्यधिक, अति-रंगीन और पूरी तरह बेपरवाह। यहां से निकलते वक्त आपके कानों में संगीत गूंजता रहेगा और आंखों में रोशनी तैरती रहेगी – मानो टोक्यो ने आपको अपने सबसे अजीब सपने में थोड़ी देर के लिए शामिल कर लिया हो।

# उपनिषद काल और ब्रह्मवादिनी मैत्रेयी

## मैत्रेयी : उपनिषद काल की महान दार्शनिक और ब्रह्मविद्या की संवाहिका

**भारतीय दर्शन के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं जो ग्रंथों में कम, लेकिन चेतना में अधिक जीवित रहते हैं। मैत्रेयी उन्हीं विरल व्यक्तित्वों में से एक है। उपनिषद काल की यह विदुषी न केवल स्त्री-बौद्धिकता की प्रतिनिधि हैं, बल्कि उस परंपरा की भी साक्षी हैं जहां ज्ञान को जीवन की अंतिम समस्या – मृत्यु – के समाधान के रूप में देखा गया। जिस युग में यज्ञ, कर्मकांड और सामाजिक दायित्व जीवन की मुख्य धुरी थे, उसी युग में मैत्रेयी ने यह प्रश्न उठाया कि क्या समस्त पृथ्वी का वैभव भी मनुष्य को अमर बना सकता है। यह प्रश्न साधारण जिज्ञासा नहीं था, बल्कि वह चिंगारी थी जिसने भारतीय दर्शन को 'धन से जीवन' के मार्ग से मोड़कर 'ज्ञान से मुक्ति' की दिशा में अग्रसर किया। मैत्रेयी का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वे याज्ञवल्क्य की पत्नी थीं, बल्कि इसलिए है कि वे उनकी दार्शनिक सहयात्री और प्रश्नकर्ता थीं।**



यशोभूमि विशेष

बृहदारण्यक उपनिषद में दर्ज उनका संवाद भारतीय बौद्धिक परंपरा का एक शिखर है, जहां प्रेम, संपत्ति, आत्मा और अमृतत्व जैसे विषय एक ही विमर्श में गुंथे हुए दिखाई देते हैं। मैत्रेयी उस युग की स्त्री हैं जिसने ज्ञान को अधिकार नहीं, बल्कि साधना माना और यही उन्हें कालजयी बनाता है।

### उपनिषद काल और ब्रह्मवादिनी मैत्रेयी

मैत्रेयी का काल उत्तर-वैदिक युग माना जाता है, जब उपनिषदों की रचना के माध्यम से वैदिक कर्मकांड से हटकर आत्मा और ब्रह्म की खोज प्रारंभ हुई। उनका संबंध मिथिला से जोड़ा जाता है, जो उस समय राजा जनक के कारण दार्शनिक विमर्शों का केंद्र थी। इसी परंपरा में गार्गी, मैत्रेयी और अन्य ऋषिकाएं सामने आती हैं, जो यह सिद्ध करती हैं कि वैदिक समाज में ज्ञान की साधना लिंग-आधारित सीमाओं में बंधी नहीं थी।

वैदिक समाज में शिक्षित स्त्रियों को 'सद्योवधू' और 'ब्रह्मवादिनी' – इन दो श्रेणियों में देखा जाता था। मैत्रेयी स्पष्ट रूप से ब्रह्मवादिनी थीं, जिनके लिए विवाह जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक सहयात्रा था। उनके लिए गृहस्थ जीवन और आध्यात्मिक अन्वेषण विरोधी नहीं थे, बल्कि समानांतर धाराएं थीं। यही कारण है कि वे गृहस्थ आश्रम में रहते हुए भी संन्यास की चेतना से युक्त दिखाई देती हैं।

### याज्ञवल्क्य-मैत्रेयी संवाद: अमृतत्व की खोज

मैत्रेयी की दार्शनिक ऊंचाई का सर्वोच्च बिंदु वह संवाद है, जब याज्ञवल्क्य संन्यास लेने से पूर्व अपनी संपत्ति का विभाजन करना चाहते हैं। इस अवसर पर मैत्रेयी का प्रश्न– क्या इस धन से मैं अमर हो जाऊंगी? – भारतीय दर्शन का ऐतिहासिक मोड़ है। यह प्रश्न केवल संपत्ति के मूल्य पर नहीं, बल्कि पूरे सांसारिक जीवन की सार्थकता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

याज्ञवल्क्य का उत्तर स्पष्ट था कि धन से जीवन तो सुखी हो सकता है, पर अमर नहीं। मैत्रेयी का प्रत्युत्तर – कि वह ऐसे धन का क्या करेंगी जो उन्हें अमृतत्व न दे – उनके भीतर की दार्शनिक परिपक्वता को प्रकट करता है। यह त्याग वैराग्य का प्रदर्शन नहीं, बल्कि विवेक का परिणाम है। उन्होंने 'प्रेय' के स्थान पर 'श्रेय' को चुना और यही चयन उपनिषदों की आत्मा बन गया।



यह संवाद यह भी दर्शाता है कि वैदिक काल में प्रेम केवल भावनात्मक संबंध नहीं था, बल्कि बौद्धिक और आत्मिक साझेदारी भी था। याज्ञवल्क्य का यह कहना कि तुम पहले भी प्रिय थीं, अब और अधिक प्रिय हो गई हो, इस तथ्य को रेखांकित करता है कि ज्ञान की आकांक्षा स्वयं प्रेम का उच्चतम रूप है।

### 'आत्मनस्तु कामाय' और अद्वैत चेतना

मैत्रेयी को दिया गया याज्ञवल्क्य का उपदेश – 'आत्मनस्तु कामाय' – अद्वैत वेदांत का मूल सूत्र है। इसका आशय यह है कि संसार की प्रत्येक प्रिय वस्तु आत्मा के लिए प्रिय होती है, अपने लिए नहीं। पति-पत्नी, संतान, धन, समाज – सबका मूल्य तभी है जब वे आत्मा के विस्तार के रूप में देखे जाएं।

यह सिद्धांत स्वार्थ की शिक्षा नहीं देता, बल्कि उस सार्वभौमिक एकता की ओर संकेत करता है जहां 'मैं' और 'तुम' का भेद समाप्त हो जाता है। मैत्रेयी इस बिंदु को समझती हैं कि प्रेम का वास्तविक आधार आत्मा है, शरीर या संबंध नहीं।

यही समझ उन्हें उस प्रश्न तक ले जाती है जिसे उपनिषद 'न प्रेत्य संज्ञा अस्ति' के रूप में प्रस्तुत करता है – मुक्ति के बाद सीमित चेतना का अंत।

यहां चेतना का अंत विनाश नहीं, बल्कि सीमाओं का लोप है। जैसे नमक जल में घुलकर अदृश्य हो जाता है, पर हर बूंद में उपस्थित रहता है, वैसे ही मुक्त आत्मा ब्रह्म में विलीन होकर सर्वत्र व्याप्त हो जाती है। मैत्रेयी इस कठिन अवधारणा को समझने वाली विरल साधिकाओं में से हैं।

### मैत्रेयी, सुलभा और स्त्री-दर्शन की परंपरा

महाभारत के शांति पर्व में वर्णित सुलभा का प्रसंग मैत्रेयी की परंपरा को और विस्तार देता है। यद्यपि विद्वानों में मतभेद है कि सुलभा और मैत्रेयी एक ही हैं या नहीं, पर दर्शन की दृष्टि से दोनों एक ही चेतना की अभिव्यक्तियां प्रतीत होती हैं। सुलभा द्वारा राजा जनक को दिया गया उत्तर – कि आत्मा का कोई लिंग नहीं होता – भारतीय दर्शन में स्त्री-पुरुष समानता की सबसे प्रखर घोषणा है। इसी परंपरा में गार्गी वाचक्नवी जैसी विदुषियां आती हैं, जो सार्वजनिक शास्त्रार्थ में ब्रह्मांडीय प्रश्न उठाती हैं, जबकि मैत्रेयी निजी जीवन में अस्तित्वगत प्रश्नों की खोज करती हैं। दोनों मिलकर यह सिद्ध करती हैं कि वैदिक स्त्री-बौद्धिकता एकांगी नहीं, बहुआयामी थी। मैत्रेयी की विरासत आज भी जीवित है – केवल ग्रंथों में नहीं, बल्कि उस विचार में कि वास्तविक सशक्तीकरण ज्ञान से आता है, संपत्ति से नहीं। वे हमें यह स्मरण कराती हैं कि मनुष्य की अंतिम यात्रा बाहर की दुनिया से भीतर की आत्मा की ओर है, और उसी यात्रा में अमृतत्व का द्वार खुलता है।

दैनिक
# यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
Smart maharashtra





## लोगों को एक ही दिन में मिले जरूरी प्रमाणपत्र

**यशोभूमि/संवाददाता कल्याण।** नागरिकों को सरकारी सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाराष्ट्र शासन के छत्रपति शिवाजी महाराज राजस्व समाधान शिविर अभियान के तहत कल्याण-पूर्व के कोलसेवाड़ी स्थित पावलीबाई कर्वे हॉल परिसर में विशेष समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न राजस्व सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में नागरिकों को आय प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज एक ही दिन में उपलब्ध कराए गए, जिससे लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत मिली। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सुलभा गणपत गायकवाड, उपविभागीय अधिकारी विश्वास गुजर, तहसीलदार विकास गारूडकर, नगरसेविका रेखा राजन चौधरी, सहित राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं के लिए फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन

**यशोभूमि/संवाददाता**

**ठाणे।** विश्व महिला दिवस पर ट्रैफिक ब्रांच सोशल कमिटमेंट को बनाए रखते हुए हेलमेट सेफ्टी की पहल कर रही है। महिला शक्ति के सम्मान में रोड सेफ्टी कैंपेन के तहत महिलाओं को हेलमेट बांटने और फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन होगा, जिसका आयोजन रविवार, 15 मार्च को सुबह 10 बजे कापूरबावड़ी के सिनेवांडर मॉल में मंथन हॉल में होगा। यह प्रोग्राम ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण के गाइडेंस में पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक पंकज शिरसाट की पहल पर आयोजित किया गया है। इस पहल से महिलाओं में सड़क सुरक्षा और हेलमेट के इस्तेमाल का संदेश जाएगा और उन्हें सड़क हादसों से बचाया जाएगा। इस मौके पर महिलाओं के लिए बोन डेंसिटी नाम का एक फ्री हेल्थ कैंप भी लगाया गया है।

### व्यापारी से हप्ता मांगने वाले दो गिरफ्तार

**यशोभूमी/संवाददाता**

**ठाणे।** क्राइम ब्रांच, यूनिट 5 वागले, ठाणे को दो लोगों से शिकायत मिली कि वे गौरव स्वीट्स दुकान के मालिक से 5,00,000 रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। इस एप्लीकेशन की जांच के बाद पता चला कि दो लोग स्वीट दुकान से हप्ता मांग रहे थे। क्राइम ब्रांच, वागले यूनिट 5, ठाणे ने वसंत विहार स्कूल, ठाणे के सामने चौक पर जाल बिछाया और आरोपियों को दो लाख हफ्ता लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के नाम सुशांत संजय सुर्वे (30) और अक्षय जयंत करंजावकर (35) है। दोनों के खिलाफ चितलसर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर 16 मार्च तक पुलिस की कस्टडी में भेज दिया गया है।

### राघवेंद्र सेवा मंच का सुंदरकांड पाठ संपन्न

**यशोभूमि/संवाददाता**

**नालासोपारा।** संतोष भवन स्थित मंसूरी अपार्टमेंट में राघवेंद्र सेवा मंच द्वारा लोककल्याण और हिंदू राष्ट्र की मंगलकामना हेतु संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में यह परंपरा पिछले 30 वर्षों से अनवरत जारी है। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध मानस गायकों ने प्रभु श्री राम की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार मिश्र ने उपस्थित रामभक्तों को भगवा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। आयोजन में आचार्य रमाशंकर शुक्ल और नागेंद्र मिश्र सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ब्लैक के 84 गैस सिलेंडर जब्त

**यशोभूमि/संवाददाता**

**भिवंडी।** देश भर में गैस आपूर्ति की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार द्वारा व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। हालांकि, इस सीमित आपूर्ति का अनुचित लाभ उठाने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों ने सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण का रास्ता अपना लिया है।

### राशनिंग फ्लाइंग स्क्वाड ने की कार्रवाई

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए राशनिंग विभाग के 'फ्लाइंग स्क्वाड' ने भिवंडी में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध रूप से जमा किए गए 84 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। यह छापेमारी भिवंडी तालुका के वलपाड़ा क्षेत्र में की गई।ठाणे उप-नियंत्रक राशनिंग 'एफ' अंचल कार्यालय के उप-नियंत्रक प्रशांत काले के कुशल नेतृत्व में इस पूरी कार्रवाई की योजना बनाई गई। विभाग के निरीक्षक भगवान खंडेराव को एक गुप्त जानकारी प्राप्त हुई थी कि वलपाड़ा स्थित वर्धमान कंपाउंड के एक गोदाम में गैस सिलेंडरों का भारी मात्रा में अवैध स्टॉक रखा गया है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए राशनिंग अधिकारी रत्नदीप सावंत, गणेश हरणे और मनीष शास्त्री की एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने वर्धमान कंपाउंड में घेराबंदी कर छापेमारी की, जहाँ मौके पर तीन टेम्पो के माध्यम से सिलेंडरों की हेराफेरी की जा रही थी। जांच के दौरान दस्ते ने विभिन्न कंपनियों जैसे भारत गैस, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, गो गैस और गैस वन के कुल 84 सिलेंडर बरामद किए। इनमें 4, 12, 17 और 19 किलोग्राम के घरेलू और व्यावसायिक, दोनों श्रेणियों के सिलेंडर शामिल थे। बरामदगी में 33 भरे हुए और 51 खाली सिलेंडर पाए गए, जिन्हें बिना किसी वैध दस्तावेज के बाजार में ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी थी। दस्ते ने सिलेंडरों के साथ ही मौके से दो टेम्पो चालकों को भी हिरासत में ले लिया है। फ्लाइंग स्क्वाड के प्रमुख भगवान खंडेराव ने इस सफल कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई से इलाके में गैस माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है।



### पांच हजार देने पर भी नहीं मिल रहे हैं सिलेंडर

**एलपीजी क्राइसिस के मद्देनजर मुंबईकरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई के कई इलाकों में खासकर खाऊ गलियों में नाश्ता के स्टाल्स या तो बंद हो गए हैं या फिर विक्रेताओं ने खाद्य पदार्थों को महंगा कर दिया है। नवी मुंबई में 15 रुपए में मिलने वाला वडापाव और समोसा अब 20 रुपए का मिल रहा है। एक विक्रेता ने बताया कि 5 हजार रुपए देने पर भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है, जब तक गैस है तब तक धंदा लगा रहा हूँ, गैस समाप्त होने पर धंदा बंद करने के सिवाय कोई विकल्प नहीं रहेगा।**

# 'एलपीजी की कमी नहीं है, कांग्रेस जानबूझकर अफवाह फैला रही है'

**यशोभूमि / भाषा**

**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि राज्य में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने

### फडणवीस ने कांग्रेस पर साधा निशाना

कांग्रेस पर झूठे दावों के जरिए आपूर्ति बाधित होने की अफवाह फैलाकर लोगों में घबराहट पैदा करने का आरोप लगाया। फडणवीस ने नागपुर में वारी एनर्जीज लिमिटेड की 6,200 करोड़ रुपये की 'इंटीग्रेटेड 10 गीगावाट सोलर इंगोट और वेफर मैन्युफैक्चरिंग सुविधा' के शिलान्यास समारोह के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर क्षेत्र में नागपुर एक महत्वपूर्ण शहर के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि चीन के बाहर इस तरह की यह एकमात्र सुविधा है। शनिवार सुबह खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे दो भारतीय जहाजों के युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजरने के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने नेतृत्व पर सवाल उठाने वालों को हमेशा अपने काम के जरिए जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के एक प्रमुख नेता ने कहा है कि अगर कोई अलग-अलग देशों को एक साथ ला सकता है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। जब एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनेता उनके बारे में ऐसा कहते हैं, तो हमारे देश के कुछ बड़बोले नेताओं को इससे सीख लेनी चाहिए और भारत को बदनाम करना बंद करना चाहिए। महाराष्ट्र में एलपीजी की कमी के दावों पर फडणवीस ने कहा कि यह वितरण से जुड़ी समस्या नहीं बल्कि कांग्रेस नेताओं द्वारा फैलाए गए डर के कारण हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जानबूझकर ऐसा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार और संबंधित अधिकारियों ने बार-बार स्पष्ट किया है कि घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी तरह किसी तरह की राशनिंग भी नहीं की गई है।



# मनपा स्कूलों में हर शुक्रवार होगा 'वाचन उपक्रम'

**यशोभूमि/संवाददाता**

**कल्याण।** छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल पाठ्यपुस्तक का ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उनमें अतिरिक्त पढ़ने की आदत विकसित होना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से कल्याण-डोंबिवली

### 52 हजार छात्रों ने लिया पहला लाभ

मनपा (केडीएमसी) आयुक्त अभिनव गोयल की संकल्पना के तहत केडीएमसी क्षेत्र की सभी स्कूलों में अब हर शुक्रवार वाचन उपक्रम (रीडिंग एक्टिविटी) शुरू किया गया है। इस पहल के तहत प्रत्येक शुक्रवार को स्कूल के प्रार्थना सत्र के बाद पहली कक्षा को वाचन तासिका के रूप में रखा जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों को समाचार पत्र पढ़ना, कहानियों का वाचन करना तथा चयनित साहित्य का अध्ययन कराया जाएगा। मनपा आयुक्त अभिनव गोयल ने निर्देश दिए हैं कि स्कूल स्तर पर समय-समय पर वाचन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाए, ताकि छात्रों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिल सके। साथ ही सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में इस उपक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करें। इस पहल से विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि बढ़ेगी, भाषा पर पकड़ मजबूत होगी और पढ़े गए विषय को समझने तथा उस पर विचार करने की क्षमता भी विकसित होगी। साथ ही छात्रों में स्वाध्याय की आदत भी बढ़ेगी, जिससे उनके ज्ञान में वृद्धि होगी। मनपा प्रशासन अधिकारी भारत बोरनारे और शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे ने जानकारी दी कि बीते शुक्रवार आयोजित पहले वाचन उपक्रम में महापालिका क्षेत्र की 252 स्कूलों के लगभग 52 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह उपक्रम अब आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा।



### भांडुप, गोवंडी और बोरीवली में आग लगी

**यशोभूमि /प्रतिनिधि**

**मुंबई।** मुंबई में शनिवार को गोवंडी इलाके में स्थित एक लकड़ी के गोदाम, बोरीवली की एक आवासीय इमारत में और भांडुप में कपड़े की दुकान में आग लगने की घटना सामने आई। हालांकि इन घटनाओं में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह 8:40 बजे गोवंडी के न्यू गौतम नगर इलाके में पीएल लोखंडे मार्ग पर स्थित एक लकड़ी के गोदाम में लगी आग को बुझाने के लिए मौके पर दमकल की कम से कम चार गाड़ियां पहुंची और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 11:35 बजे आग पर काबू पाया गया है। बोरीवली (पश्चिम) की एमएचबी कॉलोनी में स्थित आठ मंजिला 'प्रथमेश टावर' की वातानुकूलन (एसी) 'डक्ट' में सुबह 10:55 बजे आग लग गई, जिसके बाद दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

### रीडर्स कनेक्ट




भाजपा लीगल सेल के सचिव एड. रमेश त्रिपाठी ने दै. यशोभूमि के कार्यालय में सदिच्छा भेंट की। इस दौरान उन्होंने अखबार की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### समयबद्धता में अव्वल बना भुसावल मंडल

**यशोभूमि / प्रतिनिधि**

**मुंबई।** भारतीय रेलवे में ट्रेन संचालन की समयबद्धता के मामले में मध्य रेल का भुसावल मंडल देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। 13 मार्च 2026 को मंडल ने 173 ट्रेनों का संचालन पूरी तरह समय पर कर 100% समयबद्धता का रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा है। रेलवे के अनुसार उस दिन निर्धारित प्रादेशिक दूरी 54067.25 किमी और निर्धारित समय 54074 मिनट था। एकीकृत कोचिंग प्रबंधन प्रणाली (आईसीएमएस) में दर्ज सभी 173 ट्रेनें समय पर चलीं। इसके अनुसार ही भुसावल मंडल भारतीय रेलवे के 69 मंडलों में पहला स्थान हासिल करने में सफल रहा। यह उपलब्धि दूसरे स्थान पर रहे जोधपुर मंडल से भी काफी आगे रही।



भाजपा नगरसेवक हरीश भांदिर्गे ने मुंबई महानगरपालिका आरोग्य समिति के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद श्री भांदिर्गे ने मुंबई की महापौर रितू तावडे से सदिच्छा भेंट कर उनका मार्गदर्शन लिया।

# कमलेश पाठक को मिला साहित्य भूषण सम्मान

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** बीपीए फाउंडेशन व इंडिया नेटबुक्स द्वारा दिल्ली में आयोजित साहित्यकार सम्मान उत्सव में वरिष्ठ कवयित्री व विविध भारती की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कमलेश पाठक को प्रख्यात कथाकार हरिसु मन विष्ट, प्रख्यात व्यंग्यकार राजेश कुमार व इंडिया नेटबुक्स की स्वामी डॉ. मनोरमा कुमार द्वारा एक भव्य समारोह में साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान के तहत उन्हें स्मृति चिह्न,सम्मान पत्र व शॉल,श्रीफल भेंट किया गया। आयोजन के संयोजक डॉ संजीव कुमार थे। इस अवसर पर प्रख्यात कवि, कथाकार, शिक्षाविद संतोष चौबे, नेशनल बुक ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बलदेवभाई शर्मा, प्रख्यात कथाकार ममता कालिया, व्यंग्य यात्रा के संपादक प्रेम जनमेजय, प्रख्यात गीतकार बुद्धिनाथ मिश्र, लीलाधर मंडलोई, नंद भारद्वाज, मशहूर लेखक सुरेंद्र मोहन पाठक, त्रिलोक दीप, गिरीश पंकज, प्रताप सहगल, श्याम सखा श्याम, राजेश्वरी मंडोरा, आशा कुंद्रा सहित कला, साहित्य, संस्कृति के दिग्गज मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात व्यंग्यकार लालित्य ललित,रणविजय राव व पूनम माटिया ने किया।



# ठाणेः स्वानंद बाबा आश्रम में सुंदरकांड पाठ व भंडारा संपन्न

**यशोभूमि / संवाददाता**

**ठाणे।** येऊर पहाड़ी स्थित परम पूज्य स्वानंद बाबा आश्रम पर सुंदरकांड का पाठ व साप्ताहिक शनीचरी भंडारा बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस साप्ताहिक भंडारे में बने प्रसाद का लाभ लेने येऊर के स्थानिक आदिवासी महिला, पुरुष, बच्चे सहित ठाणे, भिवंडी, कल्याण, मुलुंड एवं मुंबई से भक्तों का जमावड़ा होता है। यह साप्ताहिक अनुष्ठान आश्रम के मुख्य न्यासी पंडित दुर्गा प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में किया जाता है। इस कार्यक्रम में गामा मिश्र, दयाशंकर मिश्र, पंडित मनोज पांडेय, कमल पांडेय, सोनू सिंह सुरीला, प्रमोद तिवारी, संजय शुक्ला सहित अनेक भक्त उपस्थित थे।



# एलपीजी क्राइसिसः शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**यशोभूमि/संवाददाता**

**ठाणे।** युद्ध जैसी इमरजेंसी की स्थिति के मद्देनजर नागरिकों में पैदा हुए डर और भ्रम को दूर करने के लिए प्रशासन ने 24 घंटे का कंट्रोल रूम खोला है। कंट्रोल रूम का

### प्रशासन ने 24 घंटे का कंट्रोल रूम खोला

हेल्पलाइन नंबर 8169230665 है और प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अगर उन्हें कोई समस्या या शिकायत है तो वे इस नंबर पर संपर्क करें। सिविल सप्लाई डिपार्टमेंट की जानकारी के अनुसार, मौजूदा स्थिति में गैस सिलेंडर के साथ-साथ पेट्रोल-डीजल की सप्लाई में कोई कमी नहीं है। गैस डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम सुचारू रूप से चल रहा है और बुकिंग के लगभग 25 दिनों के अंदर सिलेंडर नागरिकों के घरों तक पहुंचाए जा रहे हैं। इसलिए, प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि घबराने और ज्यादा स्टॉक करने की जरूरत नहीं है। कंट्रोलर ऑफ सिविल सप्लाईज मुंबई और डिप्टी कंट्रोलर ऑफ राशन डिस्ट्रीब्यूशन के मार्गदर्शन में संबंधित ऑफिसों द्वारा रेगुलर मीटिंग के जरिए स्थिति की समीक्षा की जा रही है। इसी तरह, ठाणे सर्कल में गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं और सप्लाई पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस बीच कुछ जगहों पर अफवाहों से लोगों में घबराहट होने की संभावना है, इसलिए प्रशासन ने अफवाहों पर विश्वास न करने और शांति बनाए रखने की अपील की है। प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि इलाके के पेट्रोल पंपों पर काफी फ्यूल उपलब्ध है और डिस्ट्रीब्यूशन आसानी से हो रहा है। 36 एफ ठाणे राशन डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड ने कहा कि अगर लोगों को कोई समस्या, शिकायत या सुझाव है, तो वे कंट्रोल रूम से संपर्क करें ताकि उनके शक और शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके।



### 3.24 करोड़ रुपए का मुआवजा किया मंजूर

**यशोभूमि/संवाददाता**

**ठाणे।** शनिवार को आयोजित इस वर्ष की पहली 'राष्ट्रीय लोक अदालत' में ठाणे जिला न्यायालय ने बड़ी राहत देते हुए दो सड़क दुर्घटना मामलों में मृतकों के परिजनों को कुल 3.24 करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाया। ठाणे के मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीनिवास अग्रवाल के नेतृत्व में गठित पैनलों ने इन दावों का सफलतापूर्वक निपटारा किया। पहले मामले में, खालापुर पुलिस सीमा में हुई दुर्घटना में 33 वर्षीय ओमकार जोशी की खालापुर पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई, जब वह कार में काम पर जा रहा था। वह एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी में 20 लाख के वार्षिक पैकेज पर काम कर रहा था। उनके परिवार में माता-पिता और पत्नी हैं। इन सभी मामलों पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति मालवणकर के पैनल के समक्ष बीमा कंपनी और उत्तराधिकारियों के बीच 2.14 करोड़ के मुआवजे का समझौता हुआ।

# 'एआई को खतरे के बजाय अवसर के रूप में देखें'

**यशोभूमि/प्रतिनिधि**

**मुंबई।** बदलती तकनीक के इस दौर में पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, लेकिन सत्य की खोज

### कौशल विकास का अच्छा अवसर-ब्रिजेश सिंह

और सामाजिक विश्वास आज भी इस क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत बने हुए हैं। मुंबई मराठी पत्रकार संघ में आयोजित 'एआई परिषद 2026' के उद्घाटन अवसर पर महाराष्ट्र शासन के सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय के प्रधान सचिव एवं महासंचालक ब्रिजेश सिंह ने स्पष्ट किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पत्रकारों की नौकरी नहीं लेगा, बल्कि एआई का उपयोग करने वाला व्यक्ति उन पर भारी पड़ सकता है। उन्होंने पत्रकारों का आह्वान किया कि वे एआई को एक खतरे के बजाय कौशल-वृद्धि के अवसर के रूप में देखें। आज एआई की मदद से समाचार संकलन से लेकर पेज लेआउट तक सब कुछ स्वचालित हो रहा है, जिससे एक व्यक्ति दिन भर में दर्जनों लेख तैयार कर सकता है। हालांकि, उन्होंने एआई की सीमाओं और 'हैलुसिनेशन' (गलत जानकारी उत्पन्न करना) जैसे खतरों के प्रति भी आगाह किया। भारतीय भाषाओं, विशेषकर मराठी के संदर्भ में एआई अभी भी पूरी तरह सक्षम नहीं है क्योंकि अधिकांश डेटा पश्चिमी स्रोतों पर आधारित है। डीप-फेक जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय ने एआई आधारित फैक्ट-चेक प्रणाली और 'प्रोवेनेन्स तकनीक' पर काम शुरू कर दिया है। पत्रकारों की मदद के लिए विभाग जल्द ही 'एआई इन जर्नलिज्म' प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रहा है। अंत में उन्होंने जोर दिया कि एआई के इस युग में पत्रकारिता दो हिस्सों में बंट सकती है-एक सामान्य स्वचालित खबरें और दूसरी उच्च गुणवत्ता वाली शोध-आधारित खोजी पत्रकारिता।



### सदैव श्रेष्ठ रहेगी मानव बुद्धि

ब्रिजेश सिंह ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि जिस तरह छपाई तकनीक, टीवी और फिर डिजिटल मीडिया के आने पर पुराने माध्यमों के अस्तित्व पर सवाल उठे थे, उसी तरह आज एआई को लेकर आशंकाएं हैं। हालांकि, सत्य प्रस्तुत करने की अंतिम जिम्मेदारी सदैव मानव बुद्धि पर ही रहेगी। उन्होंने भविष्य की पत्रकारिता के 'हाइपर-पर्सनलाइज्ड' और 'रियल-टाइम' होने की बात कही, जहां विदेशी संस्थाएं एक ही खबर के कई संस्करण बनाकर पाठकों तक पहुंचा रही हैं।